e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 13

# प्रभात मंत्र

**सुविचार**
जिसने अपने को वश में कर लिया है, उसकी जीत को देवता भी हार में नहीं बदल सकते हैं।

शनिवार
13.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** विद्या भारती, झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में विवेकानंद जयंती के साथ-साथ पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, पूर्व छात्र शेखर सुमन सिंह, डॉ पंकज कुमार ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती,भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया।राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ऐसे सोच वाले व्यक्ति थे जिन्होंने अध्यात्मिक धार्मिक मानव जीवन को अपनी रचनाओं के माध्यम से सीख दी। वे हमेशा ही कर्म में भरोसा रखते थे। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि अपने




लक्ष्य को पाने के लिए कोशिश करते रहो कि जब तक तुम्हें तुम्हारा लक्ष्य प्राप्त ना हो÷।विवेकानंद जी हमारे विचारों में सदैव जीवित रहने चाहिए, तभी हम एक विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं।गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने एक बार कहा था, ''यदि आप भारत को जानना चाहते हैं तो विवेकानंद को पढ़िए। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पाएँगे, नकारात्मक कुछ भी नहीं।'' स्वामी विवेकानंद का जीवन प्रेरणा पुंज है। हमें उनसे बहुत कम आयु में कुछ कर गुजरने की प्रेरणा मिलती है। वहीं वरिष्ठ शिक्षक शशि कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद बचपन से ही अत्यंत कुशाग्र बुद्धि के और नटखट थे। अपने साथी बच्चों के साथ तो वे शरारत करते ही थे, मौका मिलने पर वे अपने अध्यापकों के साथ भी शरारत करने से नहीं चूकते थे। उन्तालीस वर्ष के संक्षिप्त जीवनकाल में स्वामी विवेकानंद जो काम कर गए, वे आनेवाली अनेक शताब्दियों तक पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। तीस वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानंद ने शिकागो, अमेरिका में विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व किया और उसे सार्वभौमिक पहचान दिलवाई।इस अवसर पर मृत्युंजय प्रसाद, अभिषेक पाठक, रंजीत मिश्र, हर्षदा चौबे, सहित पूर्व छात्र भी उपस्थित थे।

## केतार में सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान में शामिल हुए बच्चे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** झारखंड स्कूली साक्षरता विभाग व जेईपीसी रांची के तहत सरकारी स्कूलो में, सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ, अभियान के तहत आज पूरे झारखंड के सरकारी विद्यालयों के बच्चे सिटी बजाते हुए विद्यालय आय। इस अभियान के जरिए स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने और ड्रॉप आउट रह रहे हैं वैसे बच्चों को वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत केतार प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के बच्चे ने पूरी उत्साह के साथ सिटी बजाते हुए विद्यालय समय पर पहुंचे। वही मध्य विद्यालय केतार के छात्र छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया।सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान चलाया गया। वहीं इस संबंध में केतार मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार के द्वारा यह अच्छा कार्यक्रम है इससे बच्चों में स्कूल आने की प्रति जागरूकता बढ़गी। और जो बच्चे स्कूल समय पर नहीं आते हैं वे लोग सीटी का आवाज सुन कर स्कूल समय पर आ सकेंगे। वहीं मौके पर शिक्षक प्रेम कुमार, संतोष कुमार, धनंजय पटेल, दिलीप जायसवाल, राजू सिंह, अजय कुमार, मनोरंजन कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## ठिकेदार द्वारा मार्ग बदले जाने से ग्रामीणों में है आक्रोश



**खरौंधी (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के परसवान मुख्य पथ से सुंडी बहेरवा टोला तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क का ठिकेदार द्वारा मार्ग बदले जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बहेरवा के ग्रामीण विश्वनाथ राम, सुबा राम, बुटन राम, श्याम किशोर सिंह, सूबेदार राम, नंदलाल भारती, कुंती देवी, अनिता देवी, भागमती देवी, सीमा देवी, देवंती देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष ने बताया परसवान मुख्य पथ से सुंडी बहेरवा टोला तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत लगभग 5 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कार्य होना है। इस सड़क का पलामू सांसद विष्णु दयाल राम तथा विधायक भानु प्रताप शाही के संयुक्त रूप से शिलान्यास ने किया था। लेकिन ठिकेदार उक्त सड़क का निर्माण बहेरवा टोला तक नहीं करवा रहे है। जिससे ग्रामीणों में ठिकेदार के प्रति काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि जब हम लोग ठिकेदार से सड़क बनवाने के लिए बोले तो ठिकेदार के मुंशी बहेरवा टोला तक सड़क बनवाने से साफ मना कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि शादी विवाह तथा बारात में आने वाले वाहन घर से एक किलोमीटर दूर खड़ा करना पड़ता है। गंभीर रुप से बीमारी होने पर डोली खटोली से इलाज के लिए ले जाना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिला को प्रसव के लिए सेंटर पर ले जाने में होती है। अगर सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो बाध्य होकर हम सभी ग्रामीण धरना प्रदर्शन करेंगे। पक्ष सुंडी से बहेरवा टोला तक सड़क में स्थानीय लोगों का रैयती जमीन है। जो भू स्वामी जमीन देना नहीं चाहते हैं। इसके वजह से सड़क नही बनवाया जा रहा है। अगर स्थानीय भू स्वामी सड़क के लिये जमीन दे तो सड़क बनवाया जायेगा।

## खेल से होता है शारीरिक विकास : आलोक चौरसिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** स्व अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच गुरुवार को चैनपुर प्रखंड के लोकेया में खेला गया। फुटबॉल टूर्नामेंट दिनकर स्पोर्टिंग क्लब के तत्वाधान में खेला गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक आलोक चौरसिया नें कहा कि खेल में हार जीत लगा रहता है। एक टीम हारती है तो दूसरी टीम जीतती है। आलोक चौरसिया नें कहा कि हमारे पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया के याद में खेले जाने वाला यह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आगे भी होता रहेगा। फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच बक्सर और मुगलसराय के बीच खेला गया। जिसमें मुगलसराय की टीम नें उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए हाफ समय के बाद एक गोल मारने में सफल रहा। कार्यक्रम का संचालन दिनकर स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया अशेष चौरसिया नें किया। कार्यक्रम में जिप सदस्य रामलव प्रसाद, पूर्व जिप सदस्य विकास चौरसिया उर्फ संटू चौरसिया, उपप्रमुख सुनील कुमार सिंह, व्यास राम चौरसिया, भीषम चौरसिया, कमल किशोर प्रसाद, जय दूवे, सुनील चौरसिया, अमरेंद्र चौरसिया, विनोद चौरसिया, गजेंद्र चौरसिया सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर कुंवर पिरथी नाथ सिंह कॉलेज में महोत्सव का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत तालापारा स्थित विवेकानंद जयंती के अवसर पर किन्नी,कुँवर पिरथी नाथ सिंह बी.एड.महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षीय उद्बोधन व्यक्त करते हुए श्री श्याम किशोर सिंह ने विवेकानंद के जीवन मूल्य को समझकर आत्मसात करने का आह्वान युवा पीढ़ी से किया। भारत मां के प्रति उनके समर्पण भाव को स्वीकार करने की युवा पीढ़ी को आवश्यकता है, तभी हम एक वैश्विक भारत की संकल्पना के प्रारूप को स्थापित कर सकते हैं। व्याख्याता चन्दन कुमार गुप्ता ने विवेकानंद के जन्म से लेकर वैचारिक की यात्रा और उनके



दार्शनिक समग्रता को युवा पीढ़ी के सामने प्रस्तुत किया। व्याख्याता नन्दलाल विश्वकर्मा ने नरेंद्र के विवेकानंद बनने की गाथा का विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया, वहीं दूसरी ओर गुरु शिष्य परंपरा जो भारतीय ज्ञान परंपरा की मूल स्रोत रही है, उस पर भी गंभीरता से प्रकाश डाला। व्याख्याता अजय कुमार ने शिकागो धर्म संसद में विवेकानंद द्वारा दिए गए अभिभाषण की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि विवेकानंद के इसी भाषण से पश्चिम को मानवता का संदेश मिला है। हमें अपने जीवन में विवेकानंद के इन्हीं मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। जिससे हम मानवीय कष्ट को समझ सके और उसके निवारण की ओर सतत प्रयास कर सकें।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन का पार्टी कार्यालय में केक काटकर मनाया गया जन्मदिन



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा केतार के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह के अध्यक्षता में झामुमो पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान झामुमो के सभी कार्यकर्ता एवं नेता पार्टी कार्यालय केतार में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रुप से केक काटकर एक दूसरे को मुंह में केक खिलाकर हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन की बधाइयां दी वही ईश्वर से दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए कामना किया। कार्यक्रम में उपस्थित झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बनाए गए सिद्धांतों पर चलने की सभी से अपील कीया। साथ ही केतार प्रखंड के सभी पंचायतों से आए हुए पंचायत अध्यक्ष सचिव एवं प्रखंड के विभिन्न कोने से आए हुए सभी साथीयो को मिलकर गुरुजी के सिद्धांतों को एक- एक लोगों तक पहुंचाने और गरीबों मे खड़ा अंतिम व्यक्ति तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नीति सिद्धांतों एवं विकास योजनाओं को पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर प्रखंड सचिव गोपाल विश्वकर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता,श्रीराम सिंह, छोटन सिंह नंदकिशोर प्रजापति, सुशील यादव, बीडीसी प्रतिनिधि अजय राम, चंद्रदेव सिंह सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हरिहरगंज मुखिया संघ ने बीडीओ को गुलदस्ता देकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज, पलामू :** हरिहरगंज प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष संदीप कुमार यादव के नेतृत्व में मुखिया का शिष्टमंडल शुक्रवार को नवपदस्थापित बीडीओ राजेश एक्का से कार्यालय में मुलाकात कर शौल एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। बीडीओ ने सभी मुखिया से शिष्टाचार मुलाकात के बाद पंचायतों में चल रहे कार्य योजनाओं कि जानकारी लिया एवं मनरेगा, अबुआ आवास योजना, पेंशन सहित अन्य योजनाओं में पूरे पारदर्शिता से काम करने कि बात कही। बीडीओ ने बताया कि शिष्टाचार मुलाकात के बाद सभी मुखिया को कार्य को लेकर दिशा निर्देश दिया गया है। संदीप यादव ने बताया कि मुखिया संघ का शिष्टमंडल बीडीओ से शिष्टाचार भेंट किया है, उन्होंने कहा कि पंचायत में चल रहे विकास कार्यो के बारे में चर्चा हुई है। मौके पर सलैया पंचायत के मुखिया कमला देवी, सरसोत पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह, खड़कपुर पंचायत के मुखिया काजल देवी, कटैया पंचायत के मुखिया फूलकुमारी देवी, ढकचा पंचायत के मुखिया उषा देवी कुलहिया पंचायत के मुखिया नितू कुमारी, सेमरबार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान सहित अनिल कुमार सिंह, सनोज गुप्ता उपस्थित थे।

## राजद कार्यकर्ता ने किया मंत्री सत्यानन्द भोक्ता का स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के राजद कार्यालय के पास झारखंड सरकार के श्रम नियोजन एवं कौशल विकास प्रशिक्षण मंत्री श्री सत्यानन्द भोक्ता जी का राजद के जिला अध्यक्ष श्री मोहन विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, महिला प्रकोष्ट के प्रखंड अध्यक्ष मालती देवी, शत्रुधन साव, विशुनपुर पंचायत के मुखिया श्री जितेंद्र कुमार भारती, मुखिया प्रतिनिधि अलोक यादव, रविन्द्र यादव, डा वी के सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री नरेश भुइयाँ, हंसराज यादव, मदन यादव के आलावा सैकड़ो राजद कार्यकर्ता ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। साथ ही साथ नौड़ीहा बाजार प्रखण्ड के पंचायत स्वयं सेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष समेत पूरे कमिटी के साथ माननीय मंत्री सत्यानन्द भोक्ता के अपनी पांच सूत्रीय मांग पत्र सौपी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बनाया स्वामी विवेकानंद जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छतरपुर नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विचार संगोष्ठी का आयोजन ई वाल्ड कोचिंग सेंटर एव ऐम एकेडमी कोचिंग सेंटर में किया गया। साथ ही तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी करते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप मे मनाया । अभाविप के छात्र नेता शशि कांत ने बताया कि मां भारती के महान सपूत, स्वामी विवेकानंद को नमन करता हुआ, भारत के सांस्कृतिक जागरण में उनके योगदान के कारण न केवल हमारे देश में, वरन् पूरे विश्व में अनन्य ख्याति प्राप्त हुई। वे चालीस साल से कम उम्र तक जिए परंतु उनका जीवन प्रबलता तथा व्यापकता से परिपूर्ण था।स्वामी विवेकानंद का सिर्फ 39 वर्ष का जीवनकाल कई मायनों में आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। स्वामी विवेकानंद जी का कहना था कि भारत का हर युवा राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकता है। ऐसे में युवाओं को अपने सामर्थ्य का उचित प्रयोग करना चाहिए। युवाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। जब तक जीना, तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी एवम आधुनिक पीढ़ी में है। ऐम एकेडमी कोचिंग सेंटर के संचालक मुबारक हुसैन ने बताया कि 12 जनवरी 1863 को पश्चिम बंगाल के कोलकाता मे जन्म लिए युवाऔ के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी का सिर्फ जयंती मनाने भर से हमारा कल्याण नही होगा बल्कि स्वामी जी के बताए हुए मार्गों पर चलना होगा तब हमारे राष्ट्र और समाज का कल्याण होगा।मौके पर चंदन कुमार, जयप्रकाश कुमार,र ौशन कुमार, लव कुमार सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खुरा खुर्द में सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान शुरु

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खुरा खुर्द के विद्यालय में सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा की गई, इस अभियान को लेकर स्कूल के सभी छात्र छात्र- छात्राओं ने गांव मुहल्ले में घूम-घूम कर सीटी बजाकर तथा सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ के नारे लगाकर जागरूकता अभियान चलाया, इस दौरान विधालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक फैयाज अहमद ने बताया की इस कार्यक्रम की पहल स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा की गई है, प्रधानाध्यापक ने बताया की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है की बच्चों को शत प्रतिशत उपस्थिति विद्यालय में सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया की विद्यालय के पोषक क्षेत्र के बच्चो को समूह में बाटा गया है। मौके पर सहायक शिक्षक राजू रंजन पांडे,संतोष पाण्डेय,सहित छात्र छात्राएं के अभिभावक का इस जागरूकता अभियान में अहम योगदान रहा।

## लक्ष्मी शिशु वाटिका विद्यालय में अभिभावक संपन्न

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल जपला के प्रांगण में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें बहुत सारे अभिभावक बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिए जो अभिभावक कुर्सी रेस में फर्स्ट आए हैं उन्हें भी पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया और साथ में जो बच्चे विद्यालय में द्वितीय परीक्षा में प्रथम , द्वितीय, तृतीय स्थान आए हैं उन्हें भी पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया

## एसवीएम में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं भारतीय त्योहार दर्शन का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन सह भारतीय त्योहार दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व छात्र संयोजक आलोक तिवारी, विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, राजकुमार प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, पूर्व छात्र संयोजक चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम, मां शारदे व विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहित समिति एवं स्थानीय मंदिर के पुजारियों को अंग वस्त्र और रामचरितमानस पुस्तक देकर सम्मानित किया गया.कला संगम धनबाद में झारखंड प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रांजल शुभ्रा ने यहां उसी गीत का प्रस्तुतीकरण की. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आलोक तिवारी ने कहा कि पूर्व छात्र विद्यालय के रीढ़




एवं धरोहर होते हैं. विद्यालय विकास में पूर्व छात्रों की महती भूमिका होती है. युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर भारतीय त्योहार दर्शन कार्यक्रम अभूतपूर्व रहा. प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोग अपने पारम्परिक व्रत त्योहार के मूल तत्वों को भूलते जा रहें है. भैया बहनों ने जमीनी स्तर पर भारतीय त्योहार दर्शन की व्यवस्था कर आगंतुकों का मन मोह लिया। मंच संचालन साक्षी चौबे और धन्यवाद ज्ञापन डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपावली, गोधन, वट सावित्री, जितिया, करमा, ईद आदि कार्यक्रम प्रशंसनीय रहा. कार्यक्रम में पूर्व छात्र सुधीर प्रजापति, शैलेश कुमार अग्रवाल, रंजन कुमार, मोहन पासवान, रोहित कुमार, नितीश कुमार, शुभम कुमार, उज्ज्वल विश्वकर्मा, नित्यानंद कुमार, अभिषेक कुमार, बंटी, युवराज प्रसाद, शंकर पासवान, संतोष कुमार, नितेश पटेल, सुनील यादव, अंकित तिवारी सहित बड़ी संख्या मे पूर्व छात्र उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्यो की महत्ती भूमिका रही.

## श्रम मित्र द्वारा श्रम कार्ड बनाने के नाम पर की अवैध उगाही

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** श्रम मित्र नागेन्द्र शर्मा द्वारा ग्रामीण महिलाओं से श्रम कार्ड बनवाने के नाम पर लिए जा रहे पैसा की सुचना पर भवनाथपुर बीडीसी सह विधायक प्रतिनिधि चंदन ठाकुर श्रम कार्यालय पहुंचे, जहां पैसा लेने की शिक़ायत पर पुछ ताछ के दौरान श्रम मित्र भड़कते हुए विधायक प्रतिनिधि को देखने दिखाने तथा तिखी नोंक झोंक हुआ. कुछ लोगों के बिच बचाव के बाद श्रम मित्र कार्यालय से बाहर निकल कर पुनः प्रतिनिधि को धमकाया। शुक्रवार की सुबह प्रखंड कार्यालय के निचले हिस्से के एक कमरे में श्रम कार्यालय चलता है जिसमें श्रम मित्र नागेन्द्र शर्मा संचालित करते हैं। दो दर्जन से अधिक महिलाओं की भीड़ जमा थी,जिनसे श्रम कार्ड बनवाने के नाम पर 4 सौ से 5 सौ रुपए लिए जाने की सूचना पर विधायक प्रतिनिधि चंदन ठाकुर पहुंचे.जहा महिलाओं की भीड़ जमा थी। श्रम मित्र नागेन्द्र शर्मा से पैसा उगाही करने की बात पुछने पर भड़कते हुए विधायक प्रतिनिधि से उलझने लगा। इतना ही



नहीं दोनों तरफ से काफी नोक झोक हुआ। मौके पर उपस्थित कुछ लोगों ने मामला शांत कराया। लेकीन पुनः प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कैंटीन पर श्रम मित्र नागेन्द्र शर्मा ने प्रतिनिधि को देखने दिखाने की धमकी दी। मामला शांत होते ही बुका गांव की महिला राधिका देवी ने बताया कि श्रम मित्र नागेन्द्र शर्मा श्रम कार्ड बनवाने तथा 15 दिनों में 6 हजार रुपए तथा शिलाई मशिन दिलाने के नाम पर 400 रूपए लिया है साथ ही बुका के ही सुजंता कुंअर, मुनि देवी ने भी 500-,500 रूपए दिए जाने की बात कही। प्रखंड कार्यालय परिसर में दर्जनों महिलाएं कार्ड बनवाने आयी थी.पुरे दिन श्रम मित्र नागेन्द्र शर्मा द्वारा पैसा उगाही का चर्चा होता रहा। महिलाओ ने श्रम मित्र द्वारा पैसा उगाही की शिक़ायत विधायक प्रतिनिधि सुनिल कुमार सिंह तथा चन्दन ठाकुर से की। इसके बाद श्रम मित्र किनारे ले जा कर उक्त महिला को पैसा वापस किया जिसकी पुष्टि पीड़ित महिलाओं ने की। महिला राधिका देवी ने बताई की श्रम मित्र आकर हम लोगों का पैसा वापस कर दिए। श्रम कार्ड बनवाने के नाम पर तथा 3 हजार से 6 हजार रुपए तक दिलाने के नाम पर पैसा उगाही का शिलशिला वर्षों से जारी है,इसके बावजूद भी अधिकारी मौन साधे हुए हैं। हंगामा के बिच मकरी ढेकुलिया की सैरून बीबी ने बताया कि तिन साल पहले श्रमिक नागेंद्र शर्मा हमारे टोले की 9 - 10 महिलाओं से 500-500 रूपए लिया था, यह कहकर की कार्ड बन जाएगा तो महीने में 3500 रूपए मिलेगा। लेकिन 3 साल हो गया कोई लाभ नहीं मिला। पिछले ढाई वर्षो से पैसा वापस के लिए कई बार आते हैं लेकिन बहला फुसलाकर कर भेज देता है। विधायक प्रतिनिधि चंदन ठाकुर ने बताया कि पैसा उगाही की सूचना पर पहुंचे थे। जहां श्रम मित्र हमारे साथ बदसलूकी करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बीडीओ को तथा थाना को आवेदन दिए हैं। श्रम मित्र नागेन्द्र शर्मा ने कहा जिला से आदेश मिला है पैसा लेने का बाकी सभी आरोप बेबुनियाद है। इधर विधायक प्रतिनिधि सुनिल कुमार सिंह ने कहा विधायक प्रतिनिधि को अपमानित करना विधायक को अपमान करने के समान है।इस मामले में बीडीओ संज्ञान लेकर कारवाई करें। **क्या कहते है बीडीओ :** इस बाबत पूछे जाने पर बीडीओ नंद जी राम ने कहा हमें इस मामले की जानकारी नहीं है, जांच कर कार्यवाई करते है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 13

# प्रभात मंत्र

शनिवार
13.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिसने अपने को वश में कर लिया है, उसकी जीत को देवता भी हार में नहीं बदल सकते हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

# पीएम मोदी ने देश के सबसे लंबे समुद्री पुल का किया उद्घाटन

**17,840 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से अटल सेतु का निर्माण किया गया है.**

एजेंसी

**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुंबई में अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन किया. मुंबई ट्रांसहार्बर लिंक (एमटीएचएल) का नाम अब अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा अटल सेतु रखा गया है. पीएम मोदी ने दिसंबर 2016 में इस पुल का शिलान्यास किया था. अटल सेतु का निर्माण 17,840 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से किया गया है. यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा और 6-लेन वाला है. 16.5 किमी लंबा समुद्र के ऊपर और करीब 5.5 किमी जमीन पर बना है. यह देश का सबसे लंबा पुल है. यह मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा. मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा में लगने वाले समय को भी कम करेगा. यह मुंबई बंदरगाह और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा. अटल सेतु आम लोगों के लिए खोल दिया गया है.

## 2 सबसे बड़े शहरों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा अटल सेतु

सेवरी से 8.5 किमी लंबा नॉइज बैरियर स्थापित किया गया है, क्योंकि पुल का हिस्सा फ्लेमिंगो प्रोटेक्टेड एरिया और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र से होकर गुजरता है. 2018 से परियोजना को पूरा करने के लिए कुल 5,403 मजदूरों और इंजीनियरों ने रोजाना काम किया. परियोजना पर काम करने के दौरान सात मजदूरों की जान चली गई.अटल सेतु को मुख्य मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है, जो राज्य के दो सबसे बड़े शहरों के बीच कनेक्टिविटी को और बढ़ाएगा.समुद्र तल से 15 मीटर की ऊंचाई पर बना समुद्री ब्रिज निर्माण का सबसे कठिन हिस्सा था. समुद्री हिस्से में इंजीनियरों और श्रमिकों को समुद्र तल में लगभग 47 मीटर तक खुदाई करनी पड़ी.हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि टोल 250 रुपये तय किया गया है. यह अन्य वाहनों के लिए आनुपातिक होगा. हमें स्पष्ट रूप से समझना होगा कि अन्य समुद्री लिंक के लिए टोल 85 रुपये से 90 रुपये है. उस अनुपात के हिसाब से 500 रुपये काफी बड़ी रकम बनती है, लेकिन सरकार ने टोल 250 रुपये तय किया है.



## मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा का समय भी कम हो जाएगा

### पीएम ने किया रोड शो व मंदिर में पूजा अर्चना

पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के नासिक में शुक्रवार को एक रोड शो किया और रामकुंड तथा श्री कालाराम मंदिर में पूजा अर्चना भी की। मोदी ने यहां राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घघाटन किया। प्रधानमंत्री का रोड शो होटल मिर्ची चौक से शुरू हुआ। उनके साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस एवं अजित पवार तथा भारतीय जनता पार्टी के कई नेता मौजूद थे। हजारों लोग प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए रोड शो वाले मार्गों पर मौजूद थे। इस दौरान अनेक कलाकारों और आदिवासियों ने प्रस्तुतियां दी। विशेष समूहों जैसे 'नासिक ढोल' ने भी कार्यक्रम पेश किया। लगभग 35 मिनट लंबा रोड शो दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने के बाद संत जनार्दन स्वामी महाराज चौक पर समाप्त हुआ।

### 2 घंटे का सफर अब सिर्फ 20 मिनट में

मुंबई और नवी मुंबई की दूरी सिर्फ 20 मिनट में तय हो सकेगी. अभी दो घंटे का वक्त लगता था. अटल सेतु से मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच कनेक्टिविटी भी मिलेगी. मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा का समय भी कम हो जाएगा.अटल सेतु के निर्माण में करीब 177,903 मीट्रिक टन स्टील और 504,253 मीट्रिक टन सीमेंट का इस्तेमाल किया गया है.लगभग 18,000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है.इस पर प्रतिदिन लगभग 70,000 वाहन चलेंगे और यह 100 वर्ष चलता रहेगा.वाहन चालकों को अटल सेतु पर अधिकतम 100 किमी प्रति घंटे की स्पीड से यात्रा करने की अनुमति होगी. समुद्री ब्रिज पर भारी वाहन, बाइक, ऑटो रिक्शा और ट्रैक्टर की अनुमति नहीं होगी. मानसून के दौरान उच्च-वेग वाली हवाओं का सामना करने के लिए विशेष रूप से लाइटिंग पोल डिजाइन किए गए हैं. बिजली से होने वाली संभावित क्षति से बचाने के लिए लाइटिंग प्रोटेक्शन सिस्टम भी लगाया गया है.

# 6 राज्यों में लोकसभा सीटों की मांग करेगा जेएमएम




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग के समझौते को लेकर 14 जनवरी की तारीख अंतिम निर्धारित की गई है. झारखंड में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच सीट बंटवारे को लेकर चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली के लिए रवाना हो गया. झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष चंपई सोरेन, केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद पांडे और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं. ये सभी लोग 13 जनवरी को दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक के साथ बैठक कर सीट बंटवारे पर चर्चा करेंगे.बता दे कि इंडिया गठबंधन बनने के बाद यह तय हुआ था कि 14 जनवरी तक सभी राज्यों में सीटों का बंटवारा कर लिया जाएगा और इसी के तहत सभी राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के साथ चल रहे दलों के बीच सीट बंटवारे को अंतिम रूप देना था. झारखंड में भी सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला नहीं हो पाया. कांग्रेस की तरफ से यह तय कर दिया गया है कि सीट बंटवारे पर अंतिम निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे. सीट बंटवारे को लेकर 4 सदस्यीय शिष्टमंडल जो 13 तारीख को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक के साथ वार्ता करेगा, उसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा झारखंड में सीटों के समझौते के साथ ही छह राज्यों में लोकसभा सीट की मांग करेगा. झारखंड के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और असम में भी लोकसभा सीटों की दावेदारी करेगा. शुक्रवार को मुख्यमंत्री के साथ इन चारों नेताओं की बैठक हुई, जिसमें यह फैसला लिया गया है. यहां पर भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोग चुनाव लड़ेंगे.

**झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष चंपई सोरेन, केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद पांडे और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं. ये सभी लोग 13 जनवरी को दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक के साथ बैठक कर सीट बंटवारे पर चर्चा करेंगे.**

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री 27 फरवरी को आएंगे झारखंड

**धनबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 फरवरी को धनबाद आएंगे। वे यहां से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। सरायढेला कुसुमबिहार स्थित पार्टी कार्यालय में धनबाद, कोडरमा और गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की कलस्टर बैठक में पीएम मोदी के धनबाद आगमन की घोषणा की गई।बैठक में राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू के अलावा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, बोकारो विधायक विरंची नारायण, धनबाद सांसद पीएन सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश और जिलों के नेता और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।राज्यसभा सदस्य सह प्रदेश संगठन महामंत्री आदित्य साहू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री का आगमन धनबाद में होना है, जिसके लिए 27 फरवरी की तिथि निर्धारित है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे और सरकारी कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जोश भी भरेंगे।

### सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत

**नगांव :** नगांव जिले के कालियाबर के निकटवर्ती मीसा रौमारी में हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक ही गांव के तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार एक महिंद्रा वारिटो गाड़ी (एएस-12जे-6909) नियंत्रण खोने के बाद फोर लेन सड़क से जाकर बीती देर रात को खाई में गिर गई। हादसे में अर्जुन तांती, अमृत विश्वास उर्फ सानू और राहुल विश्वास की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।दुर्घटना उस समय हुई जब, वाहन कालियाबर की ओर से गलत दिशा में जा रही थी। चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया। युवक कथित तौर पर रौमारी में पिंक सिटी ढाबा से निकले थे। माना जा रहा है कि यह हादसा अत्यधिक शराब पीकर गाड़ी चलाने की वजह से हुआ।

### दस लाख का इनामी माओवादी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल पुलिस ने पुरूलिया जिले से माओवादी नेता सव्यसाची गोस्वामी उर्फ किशोर को गिरफ्तार किया है। उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोस्वामी को झारखंड सीमा के पास जंगल से गुरुवार रात गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि 'हमारे पास झारखंड सीमा के समीप जंगलों में उसकी आवाजाही की सूचना थी जिसके बाद हमने छापा मारा। अंततः हमने उसे चौवनिया के पास जंगल से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि उसके पास से पिस्तौल, कारतूस एवं कुछ दस्तावेज बरामद किये गये हैं। गोस्वामी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अति वांछितों की सूची में था और उस पर 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गयी थी।

### पश्चिम बंगाल के मंत्री और टीएमसी नेताओं के आवास पर ईडी ने की छापेमारी

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार में मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के नेता सुजीत बोस पर प्रवर्तन निदेशालय की बड़ी कार्रवाई की। तृणमूल विधायक तपस रॉय और नेता सुबोध चक्रवर्ती के घर भी केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई हुई। कार्रवाई कथित नगर पालिका नौकरी घोटाले के सिलसिले में की जा रही है।जानकारी के मुताबिक, ईडी ने नगर निकायों में भर्तियों में अनियमितता मामले की जांच को लेकर शुक्रवार सुबह पश्चिम बंगाल के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस, तृणमूल कांग्रेस विधायक तापस रॉय और उत्तरी दमदम नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुबोध चक्रवर्ती के आवासों पर छापे मारे। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय बलों के साथ शुक्रवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के लेक टाउन इलाके में सुजीत बोस के दो आवासों पर छापे मारे। इसके अलावा तापस रॉय के 'बीबी गांगुली स्ट्रीट' स्थित आवास और बिराती स्थित सुबोध चक्रवर्ती के आवास पर भी तलाशी अभियान चलाया गया।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22⁰ |
| न्युनतम | 10⁰ |

# आग में झुलसने से दो महिलाओं की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** आग से झुलसी जरीफन बीवी (85) सहित दो महिला की मौत हो गई है। दोनों दुमका के सदर अस्पताल स्थित बर्न यूनिट में इलाज के लिए भर्ती हुई थी। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। जरीफन बीवी दुमका के तेलियाचक नवाडीह गांव की रहने वाली थी। वह 11 जनवरी को ठंड से बचने के लिए आग ताप रही थी। आग तापने के दौरान वृद्ध महिला के कपड़े में किसी तरह से लग गई और आग की लपटे पूरे शरीर में फैल गई।

महिला गंभीर रुप से झुलस गयी थी। परिजनों ने आनन-फानन में वृद्धा को उठाकर इलाज के लिए दुमका के फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराया,जहां उसकी मौत हो गई। वहीं जामा प्रखंड के नेमोडीह गांव की 53 वर्षीय महिला आग तापने में झुलस गयी थी। यह घटना चार जनवरी को हुई थी। महिला को इलाज के लिए परिजनों ने अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया था। जहां महिला रुकिया देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

इस मामले में मृत महिला के पुत्र जितेन्द्र राय ने पुलिस को लिखित आवेदन दिया कि वह अपनी मां का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहता है। वह बिना पोस्टमार्टम कराए ही घर ले जाना चाहता है। नगर थाना की पुलिस को लिखित आवेदन देने के बाद शव को ले जाने की अनुमति दे दी गई।

# भाई ने बहन की भरी मांग, मचा कोहराम



**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन पर एक ममेरे भाई ने फुफेरी बहन की मांग में सिंदूर भर साथ जीने मरने की कसमे खायी. इसके बाद दोनों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी. खबर सुनते ही दोनों के परिजन अवाक रह गये. कुछ समझ में नहीं आ रहा था. घर में कोहराम मच गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मगर दोनों साथ-साथ जीवन गुजारने की बात कह रहे हैं. सूचना मिलने के बाद टाउन थाना की पुलिस ने एहतियातन दोनों को थाने ले आई. वहां दोनों से पुलिस पूछताछ की. परिजनों के अनुसार लड़की की उम्र महज 17 साल है, मगर लड़की खुद को 19 साल की बता रही है. टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा दोनों के परिजनों को साथ बैठाकर मामले को सुलझाने का प्रयास किया.लड़का पलामू के पाटन का रहने वाला है. वहीं लड़की छत्तीसगढ़ की रहने वाली है. बताया जा रहा है कि दोनों में काफी दिनों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था. दोनों में फोन से खूब बातें होती थी, मगर भाई-बहन का रिश्ता समझ परिजनों को कभी ऐसा नहीं लगा कि दोनों कुछ ऐसा कर लेंगे. शुक्रवार को लड़की छत्तीसगढ़ से डालटनगंज पहुंची थी. रेलवे स्टेशन पर दोनों ने मुलाकात की. इसके बाद दोनों ने शादी करने की इच्छा जताई और डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ही लड़के ने लड़की के मांग में सिंदूर भर दिया. रोते हुये परिजन कह रहे थे कि दोनों ने कहीं का न छोड़ा, सब इज्जत पानी में मिला दिया.

# पुलिसकर्मियों को अनुसंधान प्रशिक्षण की जरूरत : हाई कोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के समक्ष शुक्रवार को गिरिडीह जिले के पचंबा पैक्स मैनेजर संतोष यादव की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य के डीजीपी सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने डीजीपी से कहा कि पुलिस थानों में आरोपितों का 100 प्रतिशत स्वीकारोक्ति बयान कैसे संभव है? अनुसंधान को सही सही दिशा में ले जाने के लिए पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग देने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि एफआईआर दर्ज होने के बाद अनुसंधान सही तरीके से होना चाहिए। कोर्ट ने महाधिवक्ता का पक्ष सुनने के बाद संतोष यादव समेत एक अन्य आरोपित को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी।

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस)
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम्.टी.
मानेसर, गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated
Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**

**सार्वजनिक सूचना**

(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)

सार्वजनिक नोटिस :ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/693    दिनांक: -22.12.2023

संदर्भ:

1.कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (4) कम्पनियों का नाम झारखंड राज्य से हटाने के मामले में:

| S.No | Work Item | CIN | हिंदी नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | AA6344848 | U15400JH2021PTC017716 | आईसीडीएस फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AA5777668 | U51909JH2021PTC016999 | सिलिकॉन लिकर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AA5973630 | U18209JH2020PTC013900 | ट्रेंडिंग कपड़े सोलुशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AA6262634 | U45400JH2011PTC015186 | प्रेरणा इंफ्राटेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

(हरिहर साहू )
पंजीयक
प्रसंस्करण त्वरित कॉर्पोरेट निकास केंद्र

cbc-07123/11/0289/2324

# उत्तर भारत में कड़ाके

एजेंसी

**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड से लेकर यूपी-बिहार तक समूचा उत्तर भारत शुक्रवार को भी कड़ाके के ठंड से बेहाल रहा। कई दिनों के बाद दोपहर में खिली धूप ने थोड़ी राहत दी लेकिन शाम होते ही फिर बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। वहीं, कोहरे ने भी रेल, हवाई और सड़क यातायात को बाधित रखा।मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और यूपी के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान तीन से सात डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान अमृतसर सबसे ठंडा रहा, जहां तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक इन सभी जगहों पर अगले दो दिनों तक सुबह और रात के समय घना कोहरा रहेगा। इसका सीधा असर ट्रेन और हवाई यातायात के साथ सड़क यात्रा भी दिखाई देगा।



इसके अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ में दो दिन कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक अगले तीन दिन यानी 15 जनवरी तक तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, कर्नाटक और लक्षद्वीप द्वीपों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। जम्मू में बीती रात सीजन की सबसे सर्द रात रही।

## स्वर्गीय करमु महतो मेमोरियल खिलाडी समागम का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: विश्व युवा दिवस के शुभ अवसर पर ई ई एफ मैदान टाटीसिल्वे मे स्वर्गीय करमु महतो मेमोरियल खिलाडी समागम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, विशिष्ट अतिथि अंगड़ा प्रमुख दीपा उराव, उप प्रमुख जयपाल हजाम,मुखिया कृष्णा पाहन,नूतन पाहन,प्रधान किस्टो कुजुर,पाको देवी, अशोक मिश्रा, आंदोलन कारी अमर महतो इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे। आज प्रात: अतिथियों द्वारा बैंक मोड का नामकरण स्व करमु महतो के नाम से किया गया। उसके बाद 14-18, 19-24 वर्ष के युवाओं के लिए मेरेथान, 100,200,1600 मीटर का दौड, हाई, लोंग जंप, फुटबॉल का आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने मे समाजसेवी मुकेश महतो, पंकज मिश्रा,जगदीश नायक,एल डब्लू पीटर,सुखराम महतो,मनु, सहदेव, जितेंद्र महतो,श्रृष्टिधर, सूरज, दीपक,जीतवाहन, सुदुवा, अमर कुमार महतो इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आजसू की बैठक संपन्न

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खिजरी विधानसभा अंतर्गत वाड नम्बर 12 लोवाडी में आजसू पार्टी का बैठक किया गया जिसका अध्यक्षता वनमाली मंडल ने किया और संचालन साजिद ने किया।प्रकाश लकड़ा ने पार्टी के नीति सिद्धांतो को बताया और अपने सम्बोधन कहा कि आजसू पार्टी माटी की पार्टी है आजसू पार्टी पार्टी नहीं परिवार है आइए सभी लोग एक मंच पर आकर आजसू पार्टी का संगठन को बेहतर मजबूती प्रदान करें। राज्य का विकास की संभावनाएं अनेक है,और माननीय श्री सुदेश कुमार महतो जी के नेतृत्व में हीं झारखण्ड राज्य का सर्वांगीण विकास हो सकता है।मुख्य रूप से आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुण्डा, केंद्रीय सदस्य संजीव सिंह, एवं सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मारपीट व लुट कांड के तीन हथियार बंध आरोपियों को पुलिस ने किया गिफ्तार

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बेड़ो थाना क्षेत्र के जामटोली,हटुवा पुल के समिप तीन हथियार लैश अपराधियों द्वारा मारपीट व लुट कांड सं0-06/24, धारा-394 भा0द0वि0 का पुलिस ने किया उन्मुलन। उक्त कांड के वादी रविन्द्र साहु, पिता सामलाल साहु, सा0 हटुवा पुल के पास जामटोली, थाना बेड़ो के द्वारा थाना में दिये अपने लिखित आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 10 जनवरी की रात्रि करीब 09.30 बजे वादी के घर में तीन व्यक्ति हथियार से लैश होकर आये तथा वादी एवं इनके परिजनों के साथ मारपीट करते हुए हथियार का भर दिखाकर वादी के पर्श में रखे लगभग 3,000 हजार रूपया नगद और अपाची मोटरसाईकिल न0- जेएच 01ईएम-9909 को लूट लिया गया। साथ हीं अपराधकर्मियों द्वारा वादी से 50,00,000 रूपये की रंगदारी की मांग की गयी तथा नहीं देने या पुलिस से शिकायत करने पर पुरे परिवार को जान से मारने की धमकी दिया गया। उक्त कांड का उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राँची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधकर्मी मनोज उराँव, पिता एतवा उराँव, सा0 जरिया सिंघवाटोली, थाना बेड़ो, जिला राँची, शंकर उराँव, पिता जीतपाहन उराँव, सा0 जहानाबाज, थाना बेड़ो, जिला राँची एवं राम उराँव, पिता एतवा उराँव, सा0 जहानाबाज, थाना बेड़ो, जिला राँची को गिरफ्तार किया गया तथा इनके पास से एक लोडेड पिस्टल जिसमें दो गोली भरा हुआ, एक एयरगन, कांड में लूटा गया अपाची मोटरसाईकिल एवं एक मोबाईल फोन बरामद किया गया। कांड में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## पिपरवार के बेती में नगर भ्रमण कर रामभक्तो ने पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र का किया वितरन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: अयोध्या से लाए गए पुजित अक्षत एवं निमंत्रण पत्र का रामभक्तों के द्वारा उत्साह पूर्वक पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे बांटा जा रहा है।पिपरवार क्षेत्र के बेती पंचायत में पूजित अक्षत कलश के साथ संपूर्ण पंचायत का भ्रमण कर अयोध्या धाम श्रीराम मन्दिर निर्माण का प्राण प्रतिष्ठा सह उदघाटन को लेकर निमत्रंण बांटा।विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने पुजित अक्षत कलश और राम मंदिर के भव्य चित्रों के साथ बेती पंचायत के सभी सनातनियो के घरों में रामभक्तो ने आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर पंचायत के सभी मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना कर अक्षत और निमंत्रण पत्र प्रत्येक सनातनियो के घरों में वितरण किया गया।पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र वितरण करने के दौरान राम भक्तों के द्वारा जय श्री राम के उदघोष से संपूर्ण कोयलांचल राममय हो गया।पुजित अक्षत के साथ साथ निमंत्रण पत्र वितरण करने के दौरान विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्त्ताओ द्वारा आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर उद्घाटन के दिन घर-घर दीपक जलाने एवं क्षेत्र के सभी मंदिरों में भजन कीर्तन करने का सभी सनातनियों से आह्वान किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेती पंचायत मुखिया प्रतिनिधि गणेश भुईया, आदित्य केसरी,सोनू केसरी, विनय केसरी,मनीष गोलू, नीरज,रोहित केशरी,सिकंदर प्रजापति,विशाल,रामजी कुमार,राहुल,रितेश सहित काफी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष एवं ग्रामीण शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू में शुक्रवार को को स्वामी विवेकानंद की जयंती उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के 55 छात्र-छात्राओं को जन शिक्षण संस्थान विकास भारती खूंटी के तत्वाधान में निःशुल्क आरोग्य भवन बरियातु रोड रांची के कार्यक्रम जनजातीय युवा कला एवं सांस्कृतिक समागमफ़ मे शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं को झारखंड से सभी जिले से आए हुए विभिन्न रोजगारपरक स्टालों झारक्राफ्ट, बंबू क्राफ्ट, ब्यूटीशियन , के साथ-साथ झारखंड की संस्कृति सहित कई स्टालों का भ्रमण कराया गया ताकि बच्चे इसे देख कर अपने अंदर जागृत कला को निखार सके तथा स्वरोजगार हेतु की खुद से प्रयास करें । अंत में संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने विद्यार्थियों को अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की अपने 39 वर्षों के जीवन काल में ही स्वामी विवेकानंद ने भारत को विश्व गुरु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वामी विवेकानन्द वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने छात्र-छात्राओं से उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही ।

## 16 को जेएमएस कंपनी का काम बन्द कराएगा रैयत विस्थापित मोर्चा

**खलारी/डकरा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रैयत विस्थापित मोर्चा तथा प्रबंधन एव जेएमएस कंपनी के साथ त्रिपक्षीय बैठक डकरा स्थित जीएम कार्यालय में हुयी.जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक ऑपरेशन केके झा ने किया.बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा जेएमएस कंपनी में रैयत विस्थापितो को रोजगार देने की मांग को लेकर चर्चा की गयी.बैठक में मोर्चा ने कहा कि जेएमएस कंपनी में स्थानीय रैयत विस्थापितो को रोजगार मिलना चाहिए लेकिन कंपनी के द्वारा कोई पहल नही किया जा रहा है.कोई भी कंपनी चलता है तो रैयत विस्थापितो को यह उम्मीद जगता है कि रोजगार मिलेगा लेकिन रैयत विस्थापितो को कंपनी छलने का काम करती है.इसलिए हर हाल में रोजगार देना होगा.वही महाप्रबंधक ऑपरेशन ने कंपनी को कहा कि रैयत विस्थापितो को रोजगार में प्राथमिकता देनी होगी.जेएमएस कंपनी की ओर से कहा गया है कि आगे जैसे ही स्कोप बनेगा तो स्थानीय लोगों को रोजगार देने का काम किया जाएगा.जिस पर मोर्चा ने कड़ा विरोध किया.और वार्ता विफल हो गया. मोर्चा ने कहा कि जबतक रैयत विस्थापित को रोजगार नही मिलेगा तो उनका आंदोलन जारी रहेगा, 16 जनवरी को मोर्चा जेएमएस कंपनी का काम बन्द कराया जाएगा.बैठक में प्रबंधन की ओर से कार्मिक अधिकारी आलोक जोजवार एव मोर्चा की ओर से एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, जालिम सिंह,अमृत भोगता, रामलखन गंझू, प्रकाश महतो,विनय खलखो, इंदिरा देवी, प्रभाकर गंझू,अशोक राम, दामोदर गंझु, शिवनारायण लोहरा,श्यामजी महतो,सुनील यादव,राजेश महतो,अनिल प्रसाद,किशुन गंझू,मिथुन गंझु,भरत महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## आज की युवा पीढ़ी मोबाइल रूपी जाल में फंस गए : प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में विवेकानंद जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.यह कार्यक्रम दो भागों में मनाया गया. एक भाग में युवा दिवस के अवसर पर कक्षा सप्तम एवं अष्टम के छात्रों के बीच 10-10 ओवर का क्रिकेट मैच खेला गया. वहीं दूसरे भाग में शेष छात्र छात्रों ने विवेकानंद की जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए. जिसमें सर्वप्रथम प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह द्वारा विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पार्जन कर किया.ततपश्चात छात्रा नमिता, श्वेता, सोना आदि ने विवेकानंद के बारे में अपना उदगार व्यक्त किए.वही प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी मोबाइल रूपी जाल में फंस गए हैं, जबकि युवा पीढ़ी को विवेकानंद के विचारों को समझना चाहिए.विवेकानंद ने युवाओं को संदेश दिए थे की फ़चिंतन करो और नए विचारों को जन्म दोफ़.इस अवसर पर पुरुषोत्तम कुमार सिंह,चंद्रभूषण सिंह,दिलीप कुमार शर्मा, संजीव कुमार सिंह, सियाराम सिंह, उमेश कुमार, पूनम पाठक, नूतन सिंह समेत विद्यालय के सभी आचार्य उपस्थित थे।

*युवा दिवस के अवसर पर विद्यार्थी परिषद का परिसर चलो अभियान की मांडर महाविद्यालय मांडर से हुई शुरुवात*

# छात्र विवेकानंद के आदर्शो को अपनाकर परिसर की ओर चलें : राजीव रंजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मांडर** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची ग्रामीण जिला के मांडर इकाई के द्वारा मांडर महाविद्यालय के सभागार में परिसर चलो अभियान के निमित्त छात्र सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई प्राचार्य फयाज अहमद ने छात्रों को युवा दिवस की शुभकामना देते हुए परिसर चलो अभियान की सराहना की सभी वक्ताओं ने कहा कि हम सभी को नई शिक्षा नीति को अपनाकर परिसर चलो अभियान को सार्थक करना है,महाविद्यालय में युवा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए भाषण प्रतियोगिता,चित्रांकन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओ को शील्ड और मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया. एनएसएस और विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वाधान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था . सभी प्रतियोगिता के रिजल्ट की घोषणा इंटर विभाग के निखिल सिंह ने किया सभी छात्र छात्राओं का कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह था. प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन मिश्र ने विद्यार्थी परिषद के परिसर चलो अभियान के बारे में बताया उन्होंने कहा कि यह अभियान के छात्रों में आनंद मय सार्थक जीवन एवं उनके अंदर खेल खुद की भावना को बढ़ाने के लिए उनके अंदर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अभियान पूरे देश भर में चलाया गया है रांची ग्रामीण के मांडर कॉलेज सहित पूरे रांची ग्रामीण के सभी प्रखंड में अभियान चलेगा एनएसएस के कोऑर्डिनेटर पवन दास ने नई शिक्षा नीति के बारे में कहा की यह काफी अच्छा है यह बदलते भारत की मांग है ,मंच संचालन जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदर्श प्रसाद ने किया मौके पर प्रो. नाथू गाड़ी पवन सर , बुधु उरांव गंवा तिग्गा केपी साही सहित विद्यार्थी परिषद के सीताराम पहान राहुल ठाकुर, कुणाल, महावीर कुमार, विवेक सोनी, विवेक शील वैभव, तनु,नेहा, अनीशा, संजीव, पंकज रोशनी सहित सैंकड़ों छात्र उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार** : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा सहित स्कूल के शिक्षकों ने सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।जिसके बाद उपस्थित शिक्षकों और बच्चों ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवा नेता थे, जिन्होंने शिकागो में अपने भाषण से भारत का गौरव बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज या राष्ट्र की मूलभूत चेतना उसकी युवा शक्ति होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही किसी समाज और व्यक्ति के विकास की आधार होती है। वर्तमान में स्वामी जी के दिखाएं मार्ग पर चलकर उनके सपनों को सरकार करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस मौके पर कक्षा प्रथम के अर्णव चक्रवर्ती ने बड़े ही सुंदर कविता का वाचन किया।कक्षा तृतीय की पलक्ष गुप्ता और एलकेजी के अर्थव आनन्द ने स्वामी विवेकानंद जी के की वेशभूषा मे उनके संवाद को प्रस्तुत किया,जिसे उपस्थित बच्चों और शिक्षकों ने खूब पसंद किया।कक्षा छः के हर्ष राज ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम कर परिसंपत्ति का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**इटकी** : इटकी प्रखंड में शुक्रवार को इटकी पश्चिमी और इटकी पूर्वी पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का किया गया आयोजन. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगत ने कहा की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना. केंद्र सरकार द्वारा बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है. लेकिन जानकारी के अभाव में ग्रामीणों का इसका लाभ नहीं मिल पाता है. केंद्र सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजना बनाती है. इस तरह के आयोजन से योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है. साथ ही साथ उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील किया की जो योग्य व्यक्ति है उनको योजनाओं का लाभ जरूर दिलाए. कार्यक्रम में एलईडी वाहन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया गया. श्री भगत ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए. जिस से देश विकसित होने की राह पर है. उन्होंने ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी. जिसमें मुख्य रूप से केसीसी लोन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना, आयुष्मान कार्ड, बीमा योजना सहित अन्य शामिल है. कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू, मुखिया रीता देवी, मुखिया निर्मला भेंगरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम, राजेश्वर महतो, पूनम देवी, राकेश कुमार, बीटीएम सुमन बारला, प्रभारी बीएसओ हेमंत एक्का, डॉ शिवानंद कांशी, बीपीएम सुजाता सोनी, सहित भारी मात्रा में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**नामकुम** : सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द और बसंत कुमार बिरला की जयंती मनायी गयी। उठो जागो। और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।''स्वामी विवेकानन्द के उपरोक्त शब्दों पर अमल करते हुए, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने स्वामी विवेकानन्द की जयंती, 12 जनवरी को 'मैं भी विवेकानन्द' विषय पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। एक विशेष सभा आयोजित की गई जिसमें छात्रों ने युवाओं में राष्ट्र निर्माण और देशभक्ति की चिंगारी जगाने के लिए इन आदर्श व्यक्तित्वों को श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रों ने उनके शिकागो भाषण, उनके उद्धरण, उनके नारे और उनके जीवन की घटना पर एक छोटा अभिनय किया। कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्र इस मौके पर केसरिया पगड़ी पहनी। छात्रों ने विवेकानन्द सरोवर जाकर स्वामीजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर युवा परीक्षा योद्धाओं को तनाव मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। आत्मविश्वास और एकता की भावना जागृत करने के लिए मैराथन का आयोजन किया गया।छात्रों ने हमारे अग्रणी, संरक्षक और संस्थापक, बसंत कुमार बिरला की जयंती भी मनाई। विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में बसंत कुमार बिरला के योगदान से अवगत कराया गया। सभा में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और सभी विद्यार्थियों को बसंत कुमार बिरला के जीवन इतिहास पर एक पीपीटी दिखाई गई।विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने ऐसे विशेष आयोजनों के लिए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की सराहना की।प्राचार्या परमजीत कौर ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानन्द और बसंत कुमार बिरला के समाज और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें अपनी विशिष्टता पर गर्व होना चाहिए और हमारी शिक्षा प्रणाली पश्चिम और पूर्व का अच्छा मिश्रण होना चाहिए।

## श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अक्षत व निमंत्रण पत्रिका का वितरण

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बेडो शहरी क्षेत्र व आसपास के क्षेत्रो में शुक्रवार को अक्षत व निमंत्रण पत्रिका का वितरण किया गया। वितरण महादानी मंदिर के पुजारी अशोक पंडा के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र की दुकानदारों के बीच पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्रिका का वितरण किया किया गया। इस दौरान अक्षत वितरण सनातन धर्म प्रेमियों के शंख ,घंट बजाते हुए श्रीराम की जयकारा लगाते हुए किया गया। महादानी मंदिर प्रांगन से शुरू कर किया गया जो महाबीर चौक, लोहरदगा रोड़, गुमला रोड़,जिला परिषद, बाजारटांड होते हुए देवी मंडप तक वितरित किया गया। मौके पर बंजरंगी बाबा, रंजीत खत्री, डा संपत तिवारी, डा रमेश प्रसाद, राजेश सिन्हा, मुकेश गोप, सतवीर खन्ना, अंकित सोनी, शिवेन्द्र सौरभ, विजय गुप्ता, राकेश कुमार जयसवाल लोग शामिल थे।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपूर में मनाया गया स्वामी विवेकानंद की जयंती

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई।इस कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर किया गया।मौके पर उपस्थित विद्यालय के निदेशक मोहम्मद साहिल ने कहा कि युवा ही इस देश का भविष्य है।स्वामी विवेकानंद जी के कार्यो को देश कभी भुला नहीं सकता है।वर्तमान में उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने की जरूरत है।स्कूल की प्राचार्य ताका नारो ज़मीर और उप प्राचार्य अश्विनी अंशु ने कहा कि हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जिससे चरित्र का गठन हो बुद्धि का विकास हो और व्यक्ति स्वावलंबी बने।विद्यालय के शिक्षक उमेश कुमार ने कहा कि हम सभी को स्वामी विवेकानंद जी के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए और अगर एकजुट होकर किसी भी कार्य को किया जाए तो सफलता निश्चित मिलती है। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया।इस मौके पर विद्यालय के निदेशक मोहम्मद साहिल, प्राचार्य ताका नारो जमीर,उप प्राचार्य अश्विनी अंशु,शिक्षक उमेश कुमार,आलमगीर अंसारी,गौरव कुमार,वारिस अंसारी,साजिया खान, भागीरथ कुमार,सुषमा वर्मा, पिंटू कुमार,रिफत यासमीन, श्रुति प्रिया,टेरेसा टूटू,अंजू बेक,मंजू विश्वकर्मा,वसीम अकरम,अजय कुमार,अनु भारती सहित स्कूल के सभी बच्चे और शिक्षक उपस्थित थे।

## डीएवी खलारी में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गयी

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: डीएवी स्कूल खलारी में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया . विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार ने वरिष्ठ शिक्षक एवं सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह के साथ संयुक्त रूप से स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया.इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों से स्वामी जी की के जीवन दर्शन एवं शिक्षाओं को अपनाकर उनके सिद्धांतों पर चलने का आग्रह किया . प्राचार्य ने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि हम सभी अपने जीवन विशेष रूप से युवावस्था को समाज और देश कल्याण के लिए समर्पित करें .वही विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद विलक्षण प्रतिभा के धनी थे .उन्होंने अपने ज्ञान और बुद्धि के बल पर हिंदू धर्म और दर्शन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलायी. स्वामी जी ने अपने छोटे से जीवन काल में हिंदू धर्म को विदेश में प्रतिस्थापित किया . स्वामी जी ने देशवासियों को आह्वान किया कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक अपने लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाये.विद्यार्थियों में कक्षा नवमी की छात्रा सुब्रा कुमारी ने अंग्रेजी में तो वहीं चंचल कुमारी ने हिंदी में स्वामी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला . मंच संचालन अंकिता कुमारी ने की. इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

## बेहतर कार्य के लिए सिल्ली अस्पताल को मिला पुरस्कार

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली को आयुष्मान भारत के तहत बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए छोटा नागपुर प्रमंडल में तिसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों रांची सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में आयोजित प्रमंडलीय समिक्षा बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सिल्ली सामुदायिक अस्पताल को तृतीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयुष्मान भारत के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने सिल्ली अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मुकेश कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।शुक्रवार को प्रभारी के सिल्ली लौटने पर सिल्ली अस्पताल परिसर में शुक्रवार को सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिका डॉ मुकेश कुमार का स्वागत किया एवं बधाई दी। वहीं डॉ मुकेश कुमार ने कहा कि इसका श्रेय अस्पताल के सभी कर्मियों को जाता है। जिनकी अथक प्रयास से ही ये मुमकिन हो पाया है। उन्होंने सभी का आभार जताया।इस मौके पर मारुतिनंदन चक्रवर्ती, संजीव कुमार, शशि भूषण चौबे, सुरेन्द्र महतो, नरगिस समेत सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## जंमस के पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर सिंह की बिगड़ी तबियत, अस्पताल मे भर्ती

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**पिपरवार** : श्रमिक संगठन जनता मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व जेसीएससी सदस्य हरिशंकर सिंह की तबियत बिगड़ने के बाद उसे रांची रिम्स के ट्रामा सेन्टर मे भर्ती कराया गया है।इसकी सूचना पाकर शुक्रवार को युनियन के सीसीएल अध्यक्ष सह जेसीएससी सदस्य कमलेश कुमार सिंह और सीसीएल सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविंद्रनाथ सिंह रिम्स जाकर उनसे मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।इस दौरान दोनों नेताओं ने उनके स्वास्थ्य संबंधी बातों की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की।मौके पर उनके साथ गोल्डन यादव,विकाश कुमार, नंदलाल नोनिया सहित पिपरवार और खलारी के कई कार्यकर्ता मौजुद थे।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में 8वां वार्षिकोत्सव सह विवेकानंद जयंती समारोह मना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो** : डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्कूल का आठवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजुर, भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो और प्राइवेट स्कूल चिल्ड्रेन वेल्फेयर एसोसिएसन के चेयरमैन आलोक कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व स्वामी विवेकानंद की चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर पूर्व विधायक गंगा टाना भगत, समाजसेवी विश्वनाथ गोप एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गंगोत्री कुजुर ने कहा कि शिक्षा से ही बेहतर समाज व राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। शहरों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक ढंग से शिक्षा इस स्कूल के माध्यम से दी जा रही है। सन्नी टोप्पो ने कहा कि आज युवाओं में भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है. अगर युवा स्वामी विवेकानंद के बताए मार्गो पर चले, तो भारत आज भी विश्वगुरु के पद पर सुशोभित हो सकता है.आलोक दुबे ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते है।मौके पर बच्चो ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर कई कार्यक्रम पुस्तुत किया। संचालन स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने किया समारोह में सफल बनाने में सभी शिक्षक व शिक्षिकाओ ने किया।


झारखंड सरकार

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, खूँटी**

(जिला सूचना एवं जनसंपर्क इकाई, खूँटी)

**अति अल्पकालीन निविदा**

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) 2024 के अवसर पर कचहरी मैदान, खूँटी में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, खूँटी की झांकी निमार्ण हेतु अनुभवी संस्थानों/फर्मों से दिनांक 19/01/2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक टर्न के आधार पर सालवेज वैल्यू सहित मुहरबंद निविदा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय के नाम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे क्रय समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाएगी।

नोट – निविदा के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाइट www.prdjharkhand.in & www.khunti.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, खूँटी

उपायुक्त खूँटी

PR 315833 District (23-24)_D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**

(पशुपालन प्रभाग)

**जिला पशुपालन कार्यालय, कोडरमा**

**मुरव्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों द्वारा Escrow Account खुलवाने एवं लाभुक अंशदान राशि जमा करने हेतु अपील**

सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या–10 रा0 (वि0) दिनांक– 14.06.2023 के आलोक वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत पशुपालन प्रक्षेत्र की योजना के लिए कोडरमा जिला के पात्र लाभुकों का अनुमोदन जिला स्तरीय समिति द्वारा दिनांक 10.11.2023 को किया गया है। निर्देशानुसार योजना के क्रियान्वयन हेतु लाभुकों का Escrow / Dedicated Bank Account खोला जाना है। नियमानुसार अनुमोदित लाभुकों द्वारा अपने Escrow Account में अंशदान राशि जमा करने के उपरांत ही योजना के अनुदान राशि उक्त खाते में DBT के माध्यम से हस्तान्तरित की जाएगी। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु Escrow Account खुलवाने एवं लाभुक अंशदान जमा करने का अपील की जा रही है।

उक्त कार्यक्रम में अपना खाता नहीं खुलवाने पर अथवा खाता खुलने के उपरांत एक सप्ताह के अन्दर लाभुक अशंदान उक्त खाता में जमा कर जमा पर्ची जिला पशुपालन कार्यालय, कोडरमा को उपलब्ध नहीं करने की स्थिति में आपकी पात्रता समाप्त समझी जाएगी एवं प्रतिक्षा सूची के लाभुकों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया की जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

| योजना का नाम | कुल लागत | अनुदान 75 प्रतिशत | लाभकु अंशदान | अनुदान 90 प्रतिशत | लाभुक अंशदान |
|---|---|---|---|---|---|
| बकरा विकास योजना | 24286 | 18215 | 6071 | 21857 | 2429 |
| सूकर विकास योजना | 57028 | 42771 | 14257 | 51325 | 5703 |
| बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट पालन | 118076 | 88557 | 29519 | 106268 | 11808 |
| ब्रायलर कुक्कुट पालन | 67365 | 50524 | 16841 | 60629 | 6736 |
| बत्तख चूजा वितरण | 1700 | 1275 | 425 | 1530 | 170 |

नोटः– लाभुक की विस्तृत सूची एवं विशेष जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी अथवा पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
कोडरमा

PR 315870Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)#D

## भोंदोडीह में अंचलाधिकारी ने किया अवैध बालू भण्डारण पर मामला दर्ज



**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजनगर अंचलाधिकारी हरिश्चंद्र मुंडा ने शुक्रवार की सुबह प्रखंड क्षेत्र में चल रहे बालू घाटों पर धावा बोलते हुए कुजू पंचायत के भोंदोडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप अवैध रूप से लगभग 3000 सेफ्टी बालू भंडारण को जब्त करते हुए मामला दर्ज कर लिया है। वहीं अंचलाधिकारी द्वारा बालू घाटों पर छापामारी अभियान से बालू माफियों में हड़कंप मच गया है। इस दौरान विभिन्न बालू घाटों का भी निरीक्षण किया परन्तु बालू घाट में किसी भी तरह की कोई हलचल नही मिली। वहीं छापामारी अभियान में अंचलाधिकारी हरिश्चन्द्र मुंडा के साथ राजनगर थाना के एएसआई छोटू कुमार,अंचल कर्मचारी सोमचांद टुडू, विद्यासागर टुडू समेत पुलिस बल शामिल थे।

## प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बिरसानगर विद्यालय में विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकुमार सिंह (पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष), विशिष्ट अतिथि अंकिता सिन्हा (शहर की युवा अंतरराष्ट्रीय कवयित्री) अतिथि अरविंद सिंह (संकुल संयोजक), विद्यालय के अध्यक्ष भोला मंडल, सचिव श्री अरविंद पाण्डेय, कोषाध्यक्ष सोना भट्टाचार्य, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के बहनों ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया और बाल वर्ग के भैया/बहनों ने विवेकानंद के जीवन से संबंधित प्रसंग की लघु नाट्य की प्रस्तुति दी। विशिष्ट अतिथि अंकिता सिन्हा ने अपने ओजस्वी कविताओं से युवाओं में जोश भरा और बहनों-बेटियों की रक्षा का संकल्प करवाया। मुख्य अतिथि राजकुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी की आचार्या रिंकू दीदी ने किया।

## रेलवे ने उजाड़ा घर, साहू समाज करेगा मदद



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बागबेड़ा में रेल प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान घर तोड़े गये परिवार ललन गुप्ता, रेनू गुप्ता से शुक्रवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के पदाधिकारी मिले और आर्थिक रूप से साहू समाज द्वारा मदद करने की बात कही। मौके पर साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने बताया कि रेलवे अधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई से गुप्ता परिवार को जो आर्थिक नुकसान पहुंचा है उसमें साहू समाज मदद कर पुनः उनके घर बनाने के लिए प्रयास करेगा। साथ ही रेलवे के अधिकारियों से अनुरोध किया कि क्षेत्र के वैसे जो लोग अपना घर रिपेयरिंग कर रहे हैं उसे बेवजह तंग ना करें क्योंकि वह अपने मेहनत के पैसे से घर बना रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत गुप्ता, वरीय उपाध्यक्ष शिवलोचन साह, रंजीत कुमार साव, पुजा साहू, बागबेड़ा क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, विनोद साव, उमेश साव, आकाश साव, कल्लू साव, रीता देवी आदि उपस्थित थे।

## मौलाना अंसार खान बस्ती-बस्ती पहुंच भरवा रहें वृद्धा पेंशन फॉर्म



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान जवाहर नगर रोड नंबर (6) कुटकुट डूंगरी बस्ती क्षेत्र में पहुंचे। बस्ती में एक बैठक किया गया। बैठक में वृद्धा पेंशन फॉर्म भरे गए। अंसार खान ने बताया यहां की बस्ती में काफी गरीब लोग रहते हैं। जिनका उम्र 60 साल हो चुका है या उसके ऊपर है उन सभी लोगों का वृद्धा फॉर्म भरकर तैयार किया गया है। फॉर्म भरने का कार्य मानगो क्षेत्र में लगातार चलता रहेगा। फॉर्म भरने के बाद मंत्री बना गुप्ता के कदमा कार्यालय में जमा किया जाएगा। पेंशन सर्टिफिकेट बनने के बाद मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा सभी को दिया जाएगा। उन्होंने झारखंड सरकार की योजनाओं से लोगो को अवगत कराया। मौलाना अंसार खान का सहयोग राजाराम पंडित, टीचर सुनीता एक्का,टीचर सरिता एक्का, टीचर आनंद एक्का, आदिल खान, रंजन कुजूर ने सहयोग किया।

## पटमदा इंटर कॉलेज में स्वामीजी की जयंती के साथ ही युवा महोत्सव का शुभारंभ

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में स्वामी विवेकानंद की जयंती के साथ ही युवा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। युवा महोत्सव का आयोजन हर साल 12 से 23 जनवरी तक होता है एवं इस दौरान विद्यार्थियों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. तरुण कुमार महतो ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सेवानिवृत्त शिक्षक सुनील वरण महतो, अनिल महतो, विभुति भुषण महतो, कॉलेज के शिक्षक गुरुपद महतो, प्रभाष चन्द्र महतो आदि ने भी सम्बोधित किया। सभा का संचालन रेखा महतो एवं जयदेव महतो ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन रसायन विज्ञान के शिक्षक अरुण कुमार ने दिया।



उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने स्वास्थ्य व समाज कल्याण विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक की

# झोलाछाप डॉक्टर पर तत्काल कार्रवाई का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार झाड़-फूंक या झोलाछाप डाक्टर के चक्कर में फंसकर लोग जान तक गंवा देते हैं। प्रशासनिक व्यवस्था का हिस्सा होने के कारण हम सभी को इसे चुनौती की तरह लेते हुए लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के साथ- साथ जागरूक करने में भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उक्त बाते शुक्रवार को समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आहूत बैठक में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान कही। उन्होने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा देने के साथ-साथ काउंसिलिंग भी करें । उन्होने सभी से अपने सूचनातंत्र को मजबूत करते हुए झोलाछाप चिकित्सकों पर निगरानी रखने एवं त्वरित कानूनी कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया । एन.वी.डी.सी.पी की समीक्षा में उपायुक्त ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर डुमरिया एवं गुड़ाबांदा क्षेत्र में मास फीवर सर्वे कराये जाने की बात कही । कुछ एमओईसी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लापरवाही के कारण कई बार मलेरिया के रोगी भी रिकवर नहीं हो पाते। मच्छरदानी का उपयोग नहीं करने तथा इलाज के लिए ओझा-गुणी या झोलाछाप डॉक्टर के पास चले जाते हैं। उपायुक्त ने एम.डी.ए अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभागीय कर्मियों से मच्छरदानी का उपयोग लोग करते हैं या नहीं इसकी भी जानकारी लेने की बात कही। साथ ही अनिवार्य रूप से ग्रामीण मच्छरदानी का प्रयोग करें इस हेतु जनजागरूकता लाने का निर्देश दिया ।

## महिला पॉलिटेक्निक गम्हरिया में वार्षिक खेलकूद महोत्सव स्फूर्ति 2024 आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** विभिन्न खेल स्पर्द्धाओं के बीच राजकीय महिला पॉलिटेक्निक गम्हरिया में वार्षिक खेलकूद महोत्सव स्फूर्ति 2024 का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पद्मश्री छुटनी महतो और विशिष्ट अतिथि के रुप में तीरंदाज अनील लोहर ने संयुक्त रुप में महोत्सव का उद्घाटन किया गया। छात्राओं द्वारा मशाल जुलुस निकालकर और राष्ट्रगान प्रस्तुत कर इसकी शुरुआत की गई। इस दौरान छात्राओं के बीच खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, निडल थ्रेड, रिले रेस, जिलेबी रेस, लांग जंप आदि खेलों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता के विजेताओं के बीच आगामी 17 जनवरी को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस मौके पर कुमार मनोज, सुबोध कुमार, बिहारी गोंड, विष्णु शंकर सिंह, शिव सागर प्रसाद समेत सभी शिक्षक-शिक्षकाएं और काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## करीम सिटी कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के साकची प्रांगण में कॉलेज एनएसएस एवं नेहरू युवा केंद्र पूर्वी सिंहभूम के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में टाटा स्टील के खेल एवं कार्यक्रम के प्रमुख हेमंत गुप्ता तथा सन्माननीय अतिथि में टाटा स्टील के इंटरनेशनल हैंडबॉल कोच डॉ हसन इमाम मलिक सम्मिलित हुए। करीम सिटी कॉलेज प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने स्वागत भाषण दिया तथा अपने हाथों से अतिथियों को पुष्पगुच्छ समर्पित कर उनका सम्मान किया। एनवाईकेएस लेखा एवं कार्यक्रम सहायक आशीष जैन, एन एस एस के प्रमुख डॉ आले अली, मास कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ नेहा तिवारी और और एन एस एस समन्वय सैयद साजिद परवेश विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित हुए। हेमंत गुप्ता ने कहा कि, अगर देश का युवा आगे की ओर बढ़ेगा तो भारत भी आगे की ओर अग्रसर होगा?। डॉ मलिक ने कि युवा देश तथा समाज के लिए कुछ बेहतर करने का जज्बा और हौसला रखें। प्रिया मुर्मू द्वारा स्वागत डांस किया गया, हर्ष झा द्वारा गाना गया और आयुष अस्थाना द्वारा कविता प्रस्तुत किया गया और डांस पर फॉर्मेंस किया गया खुशबू कुमारी द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया।

# बीडीओ व सीओ आवास निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खूंटपानी प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ सह सीओ आवास,पर्यवेक्षीय आवास,तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आदि आवास का निर्माण 5 करोड़ 45 लाख 12 हजार रुपए के लागत से बनेगा, जिसकी विधिवत पूजा अर्चना कर शुक्रवार को खरसवां विधायक दशरथ गागराई ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया. उक्त आवासों का निर्माण ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल चाईबासा प्रखंड भवन मुख्य निर्माण कार्य निधि के तहत किया जाएगा. मालूम रहे कि उक्त प्रखंड में बीडीओ व सीओ आवास नहीं होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने संवेदक को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल रखने की सलाह दी। इसके अलावा लावा विधायक श्री गागराई ने उलीराजाबासा के अम्बराय सीमा से कीताहातु तक 0.870 किमी पीसीसी सड़क का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया. मौके पर सांसद प्रतिनिधि सानो गोप, विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पाड़ेया, प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा, बीस सूत्री अध्यक्ष राहुल गोप, सुदामा हाईबुरू, कोकिल केशरी, सुदराय पाड़ेया, बींदर दोराई समेत प्रखंड के कर्मचारी आदि उपस्थित थे.

## आमरण अनशन की तैयारी का जायजा ने कांड्रा स्टेशन पहुंचे मधु कोड़ा व सांसद गीता कोड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आगामी 20 जनवरी को विभिन्न ट्रेनों के ठहराव व अन्य मांगों को लेकर आहूत अनिश्चितकालीन आमरण अनशन की तैयारी का जायजा लेने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और सांसद गीता कोड़ा कांड्रा स्टेशन पहुंची। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन में उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही, इस बाबत स्थानीय लोगों के साथ बातचीत भी की। इस दौरान लोगों द्वारा कोरोना काल के बाद कई ट्रेनों का ठहराव कांड्रा स्टेशन पर बन्द कर दिए जाने से हो रही असुविधाओं के बावत उन्हें बताया गया। इस क्रम मे सांसद गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री मधुकोड़ा ने कांड्रा स्टेशन में यात्रियों, स्थानीय व्यवसायी और टेंपो संगठन के पदाधिकारी व चालकों से भी वार्ता कर उनकी समस्याओं पर विचार विमर्श किया। सभी ने स्थानीय समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि ट्रेनों का ठहराव बन्द होने से यहां बेरोजगारी की समस्या बढ़ी है तथा व्यवसाय पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। इस बाबत उन्होंने समुचित पहल करने का आश्वासन लोगों को दिया।

# बारीडीह बस्ती में बन रहा 300 मीटर सड़क बना पंचवर्षीय योजना : बब्लू झा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूईएसएल (जुस्को) के द्वारा लगभग 300 मीटर सड़क चौड़ीकरण के नाम पर टाटा मणिपाल कॉलेज से बजरंग चौक तक सड़क चौड़ीकरण के नाम पर पंचवर्षीय योजना बनकर रह गई है। यह चौड़ीकरण पिछले तीन-चार वर्षो से चलते आ रहा है। आज बबलू झा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ने दोबारा संज्ञान में लेते हुए मौके पर मिली अधिकारी पोद्दार एवं मानव से बातचीत में कहा गया कि टाटा स्टील से पेमेंट नहीं होने के कारण कार्य काफी धीमी गति से चल रही है और निरंतर ठेकेदार भी बदले जा रहे हैं। वर्तमान में बजरंग चौक पर पिछले एक महीने से सड़क गड्ढा कर दिया गया है जिससे मुख्य सड़क काफ़ी संकृण हो गया है। बीती रात दुघर्टना भी हो चुकी है। श्री बबलू ने पूछा कि पिछले कई वर्षो से बारीडीह बस्तीवासी काफ़ी परेशान है, आए दिन दुघर्टना का शिकार हो रहे है, जिसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने कहा कि कैप्टन मिश्रा फ़ोन पर संपर्क करने का कोशिश किया गया परन्तु जवाब नहीं मिला। आज बब्लू झा ने टुसू पर्व को देखते हुए बस्तीवासी एवं दुकानदार साथियों से वार्तालाप कर आगे का रणनीति तय करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में झामुमो नेता गिरीश घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के हलुदबनी पुलिस कैम्प के पास शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक घायल युवक की पहचान पटमदा थाना क्षेत्र के बारूडीह गांव निवासी झामुमो के पूर्व प्रखंड कोषाध्यक्ष गिरीश सोरेन के रूप में की गई है। बताते हैं कि वह अपने घर से अकेले ही बाइक पर जमशेदपुर की ओर जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया। सिर पर गंभीर चोट होने की वजह से लहूलुहान होकर बेहोशी की हालत में देख राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

## आंध्रा इंग्लिश स्कूल ने छात्र को 12वीं प्री बोर्ड परीक्षा में रोका, अभिभावक संघ मिला जिला शिक्षा अधीक्षक से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को जमशेदपुर अभिभावक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात किया। उनकी मांग है कि आंध्रा एसोसिएशन इंग्लिश स्कूल कदमा के छात्र को 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षा में शामिल होने दिया जाये. उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 2023 के जुलाई महीने में मोटर साइकिल चलाने के दौरान उसकी कार से टक्कर हो गयी थी। उसके पश्चात उसका इलाज टीएमएच में चल रहा था। अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद डॉक्टरों ने उसे बेड रेस्ट की सलाह दी और वह कई दिनों तक बेड रेस्ट पर पर था। जब वह ठीक हुआ उसकी माता के बिमारी के इलाज के लिए बैंगलुरू चला गया। ऐसे में शेख वकास के स्कूल अटेंडेस पर भी असर पड़ा। पहले तो स्कूल प्रबंधन से एडमिट कार्ड देने से इंकार किया और उसके पश्चात परीक्षा में बैठने पर रोक लगा दी। संघ का कहना है जब स्कूल प्रबंधन को सड़क दर्घटना की सूचना दी गयी थी, उसके बाद प्रबंधन उसके साथ ऐसा क्यों कर रहा है। जमशेदपुर अभिभावक संघ की मांग है कि शेख वकास को प्री बोर्ड की परीक्षा में शामिल किया जाये और छुट्टी हुई परीक्षा भी ली जाये।

# नवभारत सेवा शक्ति का विवेकानंद जयंती पर ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था नवभारत सेवा शक्ति के द्वारा शुक्रवार को टिनप्लेट आंध्र स्कूल में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही स्कूल के सभी बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, दूसरे और तीसरे स्थान पाने वाले बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर समाजसेवी शिव शंकर सिंह ने उदारता और समर्पण के साथ स्वामी विवेकानंद जी के विचारों की महत्वपूर्णता के बारे मे और उनके आदर्शों की महत्वपूर्ण भूमिका से बच्चों को अवगत करवाया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से समाजसेवी सूरज कुमार, स्कूल के अध्यापक बीके मिश्रा, शिक्षक संजय सिंह, संस्था के अध्यक्ष सह अधिवक्ता सूरज प्रकाश, संरक्षक शैलेश गुप्ता, सुमित पोद्दार, ज्योतिर्मोय दास, जगन्नाथ सिंह, विनय कुमार, अनूप सिंह, सोनाराम, रंजीत, सौरव चौधरी, गौतम, आदि उपस्थित थे।

# बिष्टुपुर श्रीलेदर्स शोरुम में सुभाष संस्कृति ने मनाया स्वामीजी स्मृति महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को सुभाष संस्कृति परिषद जमशेदपुर शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर श्रीलेदर्स के नए शो रूम, बिष्टुपुर के रोड में स्वामीजी स्मृति महोत्सव के तहत एक सार्थक चर्चा बैठक का आयोजन किया गया है। चर्चा का मुख्य विषय भारत के आध्यात्मिक विकास में स्वामीजी का सकारात्मक योगदान था। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सह श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने विवेक वंदना संगीत का उद्घाटन किया। वक्ता के रूप में सुरजीत चटर्जी और पंकज साहा उपस्थित थे। मौके पर शेखर डे ने भारत के आध्यात्मिक विकास में स्वामीजी का सकारात्मक योगदान पर अपनी बात रखी। वहीं चर्चा चक्र के बाद प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी बिमल चक्रवर्ती थे।

## युवा दिवस पर बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** शुक्रवार को युवा दिवस के उपलक्ष्य में फूलमती बाग प्ले स्कूल एवं आईटीसीएस के संयुक्त तत्वावधान में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके तहत बच्चों को पटमदा थाना का भ्रमण कराया गया। इस दौरान सहायक अवर निरीक्षक प्रशांत कुमार ने बच्चों के बौद्धिक एवं हास्यपद प्रश्नों के उत्तर दिए एवं उपस्थित मार्गदर्शक जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, मुखिया कानूराम बेसरा, कल्याण कुमार गोराई एवं आनंद गोराई ने भी कई महत्वपूर्ण नियमों के बारे में जानकारियां देते हुए बच्चों को जागरूक किया। इस संबंध में प्ले स्कूल के संचालक कुमार विवेक ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति गलत है तो उसे पुलिस से डरना चाहिए अन्यथा डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। पुलिस पब्लिक के लिए है। इस आयोजन में प्राचार्या सुश्री मुक्ति सिंह, उपप्रचार्य राजू कुम्भकार, कुमार विवेक, अर्पिता, प्रीति, शांति, जोबा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## इंदौर शहर ने रच दिया इतिहास

स्वच्छता के क्षेत्र में मध्य प्रदेश के इंदौर शहर ने एक बार फिर बाजी मारते हुए इतिहास रच दिया. इंदौर को एक बार फिर देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला. इस बार इंदौर के साथ-साथ सूरत को भी देश के सबसे साफ शहर का पुरस्कार दिया गया है. स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के ये पुरस्कार नई दिल्ली के भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में प्रदान किए गए. नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार-2023 समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अवॉर्ड प्राप्त किया.अवॉर्ड प्राप्त करने के बाद सीएम मोहन यादव ने कहा,इंदौरवासियों ने पुनः यह सिद्ध कर दिया है कि स्वच्छता न सिर्फ उनकी आदत बन चुकी है, बल्कि अब उनकी सोच में भी स्वच्छता ही है. स्वच्छता की इस सबसे बड़ी उपलब्धि पर समस्त प्रदेशवासियों एवं स्वच्छता के कार्य में लगी पूरी टीम को बधाई देता हूं एवं अपील करता हूं कि स्वच्छता के लिए आपका यह जुनून कभी कम न हो. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सदैव कटिबद्ध है. इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा, यह अवार्ड इस वर्ष जिन परिस्थितियों में आया है, वह बहुत महत्वपूर्ण है। एक तरफ़ बरसात के मौसम में सर्वेक्षण का होना, दूसरी तरफ़ शहर में बड़े स्तर पर निर्माण होना। हमारे सफाई मित्रों की अथक मेहनत,अधिकारियों की मॉनिटरिंग और जनप्रतिनिधियों का बहुत महत्व इस बार रहा। पहली बार जन प्रतिनिधियों और पार्षदों के नेतृत्व में वार्ड में जो सफाई हुई व उसकी मॉनिटरिंग हुई, जो नवाचार हुए मुझे लगता है इस सब से इंदौर फिर नंबर वन आया है। महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर 8वीं बार नंबर वन आने की तैयारी शुरू कर चुका है। आगे क्या करना है, इसका निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का है। फिलहाल इंदौर को के लिए हमने ग्रीन वेस्ट मैनेजमेंट शुरू किया। इंटर्नशिप विद मेयर शुरू किया, बैकलाइन में जो बरसों से कचरा पड़ा हुआ था, उसे हटवाया। महापौर ने कहा कि इंदौर निगम अपने रेवेन्यू बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहा है। हमारी कोशिश है कि संपत्ति कर व जल कर की 80 फीसदी तक वसूली हो। इस राशि के मिलने से हम संबंधित ठेकेदारों के भुगतान की प्रक्रिया को तेज कर सकेंगे। इससे विकास कार्य को गति मिलेगी। निर्माण कार्य में देरी व लापरवाही करने वाली एजेंसियों पर निगम द्वारा कार्रवाई की जाती है और कंपनियों को ब्लैकलिस्ट भी करते हैं।स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में देश के सबसे स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश ने दूसरा स्थान प्राप्त करने पर सीएम मोहन यादव ने कहा कि स्वच्छता ही सुंदरता है.स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में देश के सबसे स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश ने दूसरा स?थान प्राप?त कर हम सभी प्रदेशवासियों का गौरव बढ़ाया है. इस सफलता के लिए उन्होंने सभी मध्यप्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दिया. कहा कि मध?यप्रदेश ऐसे ही प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के महायज्ञ में अपनी महत?वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के साथ देश के सबसे स?वच?छ राज?य 2023 श्रेणी का द्वितीय पुरस्कार प्राप?त करना सचमुच सौभाग्य की बात है.पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने जो कहा, वह काबिलेगौर है. उन्होंने कहा कि व्यापक भागीदारी के साथ किया गया स्वच्छ सर्वेक्षण और पुरस्कार समारोह भी स्वच्छता के स्तर को ऊंचा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने स्वच्छता से संपन्नता की राह पर आगे बढ़ने के लिए सभी की सराहना की। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि स्वच्छता अभियान महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के अवसर पैदा कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सफाई मित्र हमारे स्वच्छता अभियान के अग्रिम पंक्ति के सैनिक रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सफाई मित्रों की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मशीनीकृत सफाई के माध्यम से मैनहोल को खत्म करके और मशीन-होल के माध्यम से स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करके ही हम एक संवेदनशील समाज के रूप में अपनी सही पहचान बना सकेंगे।राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्न हुई कि स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में अपशिष्ट प्रबंधन में चक्रीयता पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्कुलर इकोनॉमी की अधिक से अधिक वस्तुओं के पुनर्चक्रण और पुन- उपयोग के तरीके सतत विकास के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसी प्रणाली अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में भी बहुत उपयोगी साबित होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि यदि हम अपशिष्ट से मूल्य की अवधारणा पर गहराई से विचार करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि सब कुछ मूल्यवान है, कुछ भी अपशिष्ट नहीं है। हरित कचरे से बायोगैस बनाने और कूड़े से प्राप्त ईंधन से बिजली बनाने के पीछे यही समग्र और प्रगतिशील सोच काम करती है। कहा कि हमारी लगभग एक-तिहाई आबादी शहरी क्षेत्रों में रहती है। शहरों और कस्बों की स्वच्छता उनके स्वास्थ्य और विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बड़ी मात्रा में शहरी भूमि कूड़े के पहाड़ों के नीचे दबी हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि कूड़े के ऐसे पहाड़ बहुत बड़ी शहरी आबादी के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत ऐसी डंप-साइटों को खत्म किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी शहरी क्षेत्रों में प्रभावी कार्य किया जाएंगे और जीरो डंप-साइट का लक्ष्य हासिल किया जाएगा।

### कानूनों का पालन तो करना ही चाहिए, सरकार को आवश्यकता है कि महत्वपूर्ण कानून पर ड्राइवरों की सलाह आवश्यक रूप से ले

## 'हिट एंड रन' कानून पर जागरूकता जरूरी

**प्रो. मनोज डोगरा**

> भारतीय न्याय संहिता में कई नए प्रावधान जोड़े गए हैं और अपडेट किए गए हैं, जिसमें से एक प्रावधान को लेकर देशभर में वाहन चालकों का विरोध जारी है। विरोध का कारण 'हिट एंड रन' का नया कानून है, यानी एक्सीडेंट होने के बाद भागने पर मिलने वाली सजा के नियमों में बदलाव पर ट्रक और बस ड्राइवर विरोध कर रहे हैं। नए हिट एंड रन कानून के तहत अगर रोड एक्सीडेंट में किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है और ड्राइवर एक्सीडेंट एरिया से भाग जाता है तो उसे 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है। सजा के साथ-साथ ही मौके से भागने वाले ड्राइवर को जुर्माना भी देना पड़ेगा।

भारत एक लंबी विरासत को समय के साथ लिए चल रहा है। आगे विकास की गाथा में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। समय के साथ-साथ आवश्यकता अनुसार हर चीज में परिवर्तन प्रकृति का नियम है। उसी प्रकार से देश में कुछ समय से पूराने कानूनों में संशोधन कर नए नियम बनाए जा रहे हैं जिनमें अब चर्चा में हिट एंड रन का नया कानून है। भारतीय न्याय संहिता में कई नए प्रावधान जोड़े गए हैं और अपडेट किए गए हैं, जिसमें से एक प्रावधान को लेकर देशभर में वाहन चालकों का विरोध जारी है। विरोध का कारण 'हिट एंड रन' का नया कानून है, यानी एक्सीडेंट होने के बाद भागने पर मिलने वाली सजा के नियमों में बदलाव पर ट्रक और बस ड्राइवर विरोध कर रहे हैं। नए हिट एंड रन कानून के तहत अगर रोड एक्सीडेंट में किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है और ड्राइवर एक्सीडेंट एरिया से भाग जाता है तो उसे 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है। सजा के साथ-साथ ही मौके से भागने वाले ड्राइवर को जुर्माना भी देना पड़ेगा। हिट एंड रन के मामले तब होते हैं जब चालक लापरवाही से गाड़ी चलाते समय किसी व्यक्ति के जीवन, स्वास्थ्य या संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं और उसके बाद संबंधित कानूनी अधिकारियों के साथ अपने वाहन और ड्राइविंग लाइसेंस को पंजीकृत करने में विफल रहते हैं। आम आदमी के शब्दों में, हिट एंड रन का मतलब गाड़ी चलाते समय किसी व्यक्ति या संपत्ति को मारना और फिर भाग जाना है। सबूतों और गवाहों के अभाव के कारण दोषियों की पहचान करना और उन्हें सजा देना बहुत कठिन हो जाता है। हालांकि ऐसे कई उदाहरण हैं जब कानून ने उन्हें दोषी ठहराया है। हिट एंड रन के मामलों में सबसे बड़ा मुद्दा किसी भी प्रत्यक्ष सबूत का न होना है। आम तौर पर अपराधी को अपराध स्थल पर खड़ा करने के लिए कोई पुख्ता सबूत नहीं होता है। इससे पुलिस के लिए जांच को आगे बढ़ाना बहुत मुश्किल हो जाता है। कभी-कभी तेज रफ्तार वाहनों और




अत्यधिक भीड़ के कारण गवाह भी जांच में मदद नहीं कर पाते हैं। साथ ही गवाह अक्सर कानूनी पचड़े में नहीं फंसना चाहते। पुलिस को ऐसे मामलों में अप्रत्यक्ष सबूतों पर निर्भर रहना पड़ता है। जांच के लिए अपराध स्थल की बहुत सटीक और सावधानीपूर्वक निगरानी की आवश्यकता होती है। दुर्घटना के गवाह भी पीड़ितों की मदद करने के इच्छुक और अनिच्छुक नहीं हैं। इससे काफी जनहानि होती है। वर्ष 2013 में, शीर्ष अदालत ने सरकार को अच्छे लोगों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने का निर्देश दिया। हालांकि ये कानून बनने के बाद भी ज्यादातर कागजों पर ही उपलब्ध हैं। हालांकि कर्नाटक जैसे कुछ राज्यों में ये कानून बहुत महत्व रखते हैं। हिट एंड रन दुर्घटना के बाद आपके द्वारा की जाने वाली कार्रवाई चिकित्सा और कानूनी दोनों कारणों से महत्वपूर्ण है। कानूनी दृष्टिकोण से, वे इस बात पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं कि क्या आपको कोई मुआवजा मिल सकता है, और यदि हां, तो आपको कितना मिलेगा। अन्य महत्वपूर्ण मामलों के अलावा, आपको यह जानना होगा कि हिट एंड रन कार दुर्घटना के बाद क्या करना है, हिट एंड रन दुर्घटनाओं की रिपोर्ट कहां करनी है, और हिट एंड रन दुर्घटना को कैसे साबित करना है। 1. अगर आपको मौका मिले तो कार की तस्वीर लें। 2. दुर्घटना स्थल पर न जाएं। यदि आप दूसरे ड्राइवर का पीछा करने की कोशिश करते हैं, तो आप स्वयं कानून तोड़ देंगे। 3. यदि आपको या किसी अन्य को चोट लगी हो तो एम्बुलेंस को कॉल करें। 4. पुलिस को दुर्घटनास्थल पर आने के लिए बुलाएं। किसी भी गवाह के साथ संपर्क विवरण का आदान-प्रदान करें। 5. दुर्घटना रिपोर्ट भरते समय पुलिस का सहयोग करें। जितनी जल्दी हो सके दुर्घटना रिपोर्ट की एक प्रति प्राप्त करें। आपका वकील और शायद आपकी बीमा कंपनी इसे देखना चाहेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात, किसी कुशल व्यक्तिगत चोट वकील से संपर्क करें। भारतीय न्याय संहिता में हिट एंड रन कानून में जो नए प्रावधान हैं, उसके मुताबिक अगर गाड़ी ड्राइवर हादसे के बाद पुलिस को सूचना दिए बिना फरार होता है तो उसे 10 साल की सजा होगी। इसके साथ ही भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा। इस कड़े प्रावधान का देशभर के ट्रक, ट्रेलर, बस, लोक परिवहन और टैक्सी ड्राइवर विरोध कर रहे हैं। उत्तर भारत के कई राज्यों में इस नए कानून के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं और हाइवे जाम किए जा रहे हैं। दुर्घटना के आंकड़े बताते हैं कि हिट एंड रन के मामलों में हर साल देश में 50 हजार लोगों की मौत हो जाती है। मौतों के इन आंकड़ों को देखते हुए ड्राइवरों पर सख्ती करते हुए नए कानून में सख्त प्रावधान जोड़े गए हैं। एक दृष्टि से देखें तो ड्राइवरों के लिए आगे कुआं, पीछे खाई है। नए कानून का विरोध करने वाले ड्राइवरों का कहना है कि अगर दुर्घटना के बाद वे मौके से फरार होते हैं तो उन्हें 10 साल की सजा हो जाएगी। अगर वे मौके पर ही रुक जाते हैं तो भीड़ उन पर हमला करके पीट-पीट कर मार देगी। ड्राइवरों के लिए आगे कुआं और पीछे खाई वाली स्थिति हो गई। यह बात सही भी है कि कई बार उग्र भीड़ हिंसक रूप ले लेती है और मामला मॉब लिंचिंग का रूप ले लेता है। इस काले कानून के कारण पूरे देश में ट्रक ड्राइवर चक्का जाम करने की धमकियां दे रहे हैं। अब देखते हैं कि इस देश की अर्थव्यवस्था कैसे चलती है। देश के ड्राइवर कह रहे हैं कि हम हैं तो देश की अर्थव्यवस्था है, हम नहीं तो देश की अर्थव्यवस्था नहीं, जब तक हम चलेंगे तब तक देश की अर्थव्यवस्था चलेगी, हम नहीं चलेंगे तो देश की अर्थव्यवस्था नहीं चलेगी। अब देखते हैं कि इस कानून का देश के लिए फायदा होता है या नुकसान, समस्त ड्राइवर समाज असंमजस में है कि ऐसा कैसा कानून क्योंकि सडक पर चलते हैं तो दुर्घटनाएं हो ही जाती हैं, जानबूझ कर तो हम बिल्ली को भी बचाने का प्रयास करते हैं, मगर कई बार तेज रफ्तार बाइकर्स खुद ट्रकों से टकरा जाते हैं, ऐसे में हम क्या करेंगे। ऐसी बातों से स्पष्ट होता है कि कानून न अच्छा है न बुरा है, कानून तो कानून है, किसी चीज की कमी है तो वो जागरूकता की तथा कानून में भीड़ वाले पहलू की दृष्टि से सोचने की, क्योंकि भीड़ अगर मारपीट करती है तो उसका जिम्मेवार कौन? इन सवालों का जवाब जब मिलेगा तब कानून को लोग स्वयं मानेंगे, वैसे भी यह कानून केवल ट्रक या बस चालकों के लिए नहीं, बल्कि सभी वाहन चालकों के लिए है। कानूनों व नियमों का पालन तो करना ही चाहिए, सरकार को आवश्यकता है कि जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण कानून पर ड्राइवरों की सलाह व चर्चा-परिचर्चा आवश्यक रूप से करे।

दृष्टि कोण

## औपचारिक आमंत्रण पर न आने का आदेश

राजनैतिक परिदृश्य में नींव के पत्थरों को अदृष्टिगत करने का प्रयास कभी भी सुखद नहीं होता। अतीत में जो लोग लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कांटों की सेज पर सत्ता के चाबुकों से लहूलुहान हुए हो, उन्हें लक्ष्य भेदन के बाद उपेक्षित करना, किसी हत्या से कम नहीं होता। अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में ऐसा ही प्रयास श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा किया जा रहा है। भारतीय जनता पाटा के वरिष्ठतम नेता लालवृष्ण आडवानी, डा. मुरली मनोहर जोशी को औपचारिक आमंत्रण भेजने के बाद समारोह में न आने के लिए कहने की परम्परा पहली बार देखने को मिली है। सनातन के परचम तले चम्पत राय ने यह बात श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री की हैसियत से समाज के सामने छाती ठोककर कहीं है कि आमंत्रण देने का बाद उन्हें समारोह में न आने के लिए कहा गया है। इसके पीछे बढ़ती उम्र और स्वस्थगत कारण उत्तरदायी है। बात यहीं समाप्त नहीं होती बल्कि अतीत की दुःखद घटना को भी वे अपनी उपलब्धि के रूप में निरूपित करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिह को भी आमंत्रण देकर समारोह में आने से रोकने की पुरानी घटना को भी रेखांकित करने से नहीं चूके। ऐसे में सनातन की अतिथि देव भवः की परम्परा ने विवृत हो रही राजनैतिक सोच का एक और प्रहार स्वयं पर झेला। अपनों के द्वारा दिये जाने वाले जख्मों के लिए केवल राजनैतिक महात्वाकांक्षा की परूति ही उत्तरदायी नहीं है बल्कि सनातन को संरक्षण देने वाले संगठनों पर अन्तर्वलह के द्वारा कब्जा करने की नीतियां भी अब बलवती होने लगीं हैं। कभी राजनीति पर धर्म की पहरेदारी होती थी ताकि आम लोगों के मध्य समानता, सामंजस्य और सौहार्य स्थापित रह सके परन्तु वर्तमान में राजनीति के द्वारा धर्म को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। सत्ता के लिए धर्म को हथियार बनाना कदापि उचित नहीं हैं। राम मंदिर के निर्माण के लिए जीवन सर्मपित करने वाले निर्मोही अखाड़े के सरपंच श्रीराजा रामाचार्य जी महाराज को भी राजनैतिक दिग्गजों की तरह ही आमंत्रित करने के बाद आने से मना कर दिया गया। ऐसे लोगों की लम्बी पेरिस्त बताईं जा रही है। पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार अयोध्या आने वालों को भी आयोजन काल में प्रतिबंधित कर दिया गया है। लोगों को अपनी एडवांस बुकिग वैंसिल करना पड़ी है। आखिर देश को किस दिशा और दशा में ले जाया जा रहा है। श्री राम जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। अधूरे मंदिर में नूतन विग्रह की स्थापना, उनकी प्राण-प्रतिष्ठा तथा विशाल समारोह का आयोजन करने के औचित्य पर भी शास्त्रीय मंथन निरंतर तेज होता जा रहा है। संतों के अनेक संगठन इस वातावरण को देखकर अन्तव्यवस्था से पीड़ित हैं। पूरे समाज को राम मंदिर की भव्यता स्वमेव ही दिखाई पड़ रही है। धारा 370 का अस्तित्वहीन होना भी प्रत्यक्ष है। तीन तलाक का कानून भी जुल्म की दास्तां को मिटाने की कोशिश कर रहा है। स्रजिकल स्ट्राइक से लेकर कश्मीर के वर्तमान हालातों का सकारात्मक पक्ष भी किसी से छुपा नहीं है। जी20 सहित अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का बढ़ता वर्चस्व भी अपनी तरुणाईं दिखा रहा है। बिना युद्ध के पाकिस्तान को घुटनों पर ला देने की मिशालें भी दी जा रहीं है। उपलब्धियों के आकाश में चमकते नक्षत्रों की निरंतर बढ़ रही संख्या के मध्य अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, आमंत्रित करने के बाद न आने का आदेश, जातिगत समीकरणों को बढ़ावा, आरक्षण को संरक्षण जैसे ग्रहण लगाने का प्रयास करना, किसी भी हालत में सुखद नहीं कहा जा सकता। यूं तो अधिकांश राजनैतिक दल अपने स्थापन काल के आदर्शो को तिलांजलि दे चुके हैं। अवसरवादियों के लिए पलक पांवड़ें बिछाने वाले खद्दरधारियों ने अब धर्म को ढाल और जाति-प्रथा को हथियार बनाना शुरू कर दिया है। कोईं अयोध्या आयोजन के आमंत्रण को धर्म की निजिता का मुद्दा बताकर अस्वीकार कर रहा है तो कोईं आमंत्रण न मिलने से आहत है। कहीं हिन्दुत्व का झंडा उठाकर शेर की तरह दहाड़ने वाले मिमयाने लगे हैं तो कहीं टोपी-जनेऊ-मोमबत्ती की जुगलबंदी दिखाईं जा रही है। धर्म की चौखट पर राजनीति का मकड़जाल निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। देश का ठेकेदार बनने की ललक ने कभी मंदिर में माथा टेकने पर विवस पर दिया तो कभी मजार पर चादर चढ़ाने के लिए पहुंचा दिया।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

### हिसपा ने 100 करोड़ हिन्दुओ का सबसे बड़ा उत्सव श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को बताया

## आगामी 22 जनवरी को हर हिन्दू मनाएं दीपावली : सिसोदिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हिन्दू समाज पार्टी की बैठक संकट मोचन हनुमान मंदिर थाना चौक में हुई। जिसकी अध्यक्षता पंकज भारती और संचालन जितेंद्र मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर अयोध्या में श्रीराम जी के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया जा रही है, उसी के उपलक्ष्य में संकट मोचन मन्दिर में उसी समय अवधि में श्रीराम दरबार का पूजा और अभिषेक किया जाना तय हुआ हैं। संध्या में दीपोत्सव का कार्यक्रम तय हुआ हैं।उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता दीपक सिसोदिया ने कहा- 100 करोड़ हिन्दुओ का सबसे बड़ा उत्सव हैं, श्रीराम मंदिर इसलिए हर हिन्दू 22 जनवरी को दीपावली



मनाएं और पूरी दुनिया को हिन्दुओ की ताकत और भक्ति का अनुभव कराएं। जिलाध्यक्ष पंकज भारती ने कहा- यह हिन्दुओ का देश है श्रीराम का गढ़ रामगढ़ इसलिए रामगढ़ के हिन्दू पूरा रामगढ़ को भगवामय कर देंगे और वक्त के साथ जो आज अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं, श्रीराम मंदिर निर्माण पर उसको मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा। वही युवा नेता जितेंद्र मिश्रा ने कहा- हर हिन्दू को 22 जनवरी को श्रीराम भगवान का पूजन करें और दीपावली अवश्य मनाएं, क्योंकि कई वर्षो की प्रतीक्षा के बाद हमें प्रभु श्रीराम का मंदिर मिला हैं, हमारे आराध्य श्रीराम अपने मंदिर में आ रहे हैं, इससे ज्यादा खुशी की बात हम हिन्दुओ के लिए क्या होगी।बैठक में मुख्य रूप से हिसपा नेता दीपक सिसोदिया, जितेंद्र मिश्रा, पंकज भारती, धीरज पराशर, संतोष महतो, प्रेम करमाली, मनीष अग्रवाल, गंगा बेदिया, हरिशंकर बेदिया, रामाशीष प्रजापति, दीपक दास, रणधीर सिंह, रवि कुमार, सुरेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

## सरला कलां के टुसू पर्व में टाइगर जयराम महतो के सामिल होने को लेकर की गई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति गोला प्रखण्ड इकाई द्वारा गोला हाई स्कूल मैदान में आगामी 14 जनवरी को सरला कलां में होने वाले टुसू मेला को लेकर कामदेव महतो की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक का संचलन लक्ष्मी कुमारी के द्वारा किया गया। बैठक में गोला प्रखण्ड के सभी 21 पंचायतों के सदस्यों शामिल हुए। बैठक में टुसू मेला के सफल संचालन हेतू विचार विर्मश किया गया। टुसू मेला के मुख्य अतिथि टाइगर जयराम महतो होंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से पवन कुमार, पांडव महतो, शैल देवी, जूही देवी, बसंती देवी,सुजीत कुमार, मिडिया प्रभारी देवेन्द्र कुमार, किशोर कुमार, नरेन्द्र कुमार, अशोक चक्रपाणि, कुलदीप महतो, रवि ठाकुर, रतन कुमार, देवचरन महतो, कृष्ण कुमार,राजेश कुमार, नितीश महतो,रिंकू कुमार, अर्जुन महतो, निखिल झा, नवाजीश अंसारी, धर्मेन्द्र कुमार, देवेंद्र महतो, विश्वजीत कुमार, तुलेश्वर महतो, उज्वल कुमार,मुकेश महतो, किशोर महतो, मिथलेश महतो सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपनी अनुपम कृतियों से प्रस्तुति दी। सर्वप्रथम बच्चों ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर शपथ ग्रहण ,कविता, पोस्टर मेकिंग,विवेकानंद के वचनों को बोले गए। छात्रों ने राष्ट्रीय युवा दिवस से संबंधित प्रेरक गीत भी गाए।हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।इस दिन स्वामी विवेकानंद की जयंती भी होती है।12 जनवरी 1863 को कोलकाता में स्वामी विवेकानंद का जन्म हुआ था। स्वामी विवेकानंद ने बहुत लंबा जीवन नहीं जीया, मात्र 39 साल की उम्र में उन्होंने समाधि ले ली थी।छोटे से इस जीवन में भी स्वामी विवेकानंद इतना कुछ कर गए जो आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। इसलिए उनकी जयंती के दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने बताया कि यूथ डे मनाने की शुरुआत यूएनओ ने साल 1984 में की थी। उस समय यूएनओ ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाने की घोषणा की थी। इसके बाद भारत सरकार ने इस पर विचार किया और हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का निर्णय लिया. साल 1985 में पहली बार नेशनल यूथ डे मनाया गया। कार्यक्रम शिक्षक सुमन सोनी और समीर गोस्वामी के देख रेख मे हुआ।

## ट्रांसफॉर्मर खराब होने से पेयजल आपूर्ति हुआ बाधित

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र के चोकाद पंचायत में स्थित फुलझरिया गांव में लगे जल मिनार से लगभग 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति पुरी तरह से ठप हो गई है। बताया जाता है कि भेड़ा नदी में लगे 200 केवी का ट्रांसफॉर्मर के खराब होने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गया है जिससे चार पंचायतों के ग्रामीणों को पानी की घोर किल्लत हो गई है। इस जल मीनार से ग्रामीणों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध होता था जो न तो कुंआ और न ही चापानल की पानी से मिल रहा है। इस जलमीनार से मगनपुर,सोसो कलां, चोकाद तथा बेटूल कलां पंचायत को पानी की सप्लाई दिया जाता है। पेयजल आपूर्ति बाधित होने से महिलाओं को पानी लेने को लेकर चापानलों व कुओं में भीड़ की लंबी कतारें लग जाती है। इस संबंध में मगनपुर पंचायत के मुखिया नुरुल्लाह अंसारी ने पीएचडी विभाग के जेई शिव कुमार से मुलाकात करते हुए पानी की समस्या के संबंध में बातचीत किया तथा प्रभात मंत्र के पत्रकार ने भी इसकी जानकारी दूरभाष के द्वारा लिया तो इस संदर्भ में उन्होंने एक सप्ताह के अंदर इसे ठीक होने की जानकारी दी।जल्द ही पंचायतों में पेयजल आपूर्ति शुरु कर दी जायेगी।



## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस रामगढ़ नगर के रामगढ़ महाविद्यालय,डिवाइन ओमकार मिशन और गांधी मेमोरियल +2 विद्यालय मनाई गई। रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया वहीं डिवाइन ओमकार मिशन और गांधी मेमोरियल+2 स्कूल मे युवा भारत नया भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया और मैराथन दौड़ कराया गया। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द जी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर के किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री गौतम महतो उपस्थित रहे। गौतम महतो ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत है और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। गौतम महतो ने कहा कि आज बहुत से युवा बॉलीवुड के अभिनेता को अपना आदर्श मानते हैं जो नशीले पदार्थो का प्रचार करते है युवाओं को ऐसे लोगो को अपना आदर्श ना मानकर विकेकानंद जैसे महापुरुषों को अपना आदर्श मानना चाहिए। श्री महतो ने सभी से आग्रह किया की वो विवेकानंद और देश के महापुरुषों की जीवनी को पढ़े और उन्होंने जिस प्रकार के भारत की सपना की थी उसी प्रकार का भारत बनाए। कार्यक्रम में विक्रम राठौर,नितेश मोदी,अंशु पाण्डेय,राहुल रजक,तन्वी सिंह,खुशी कुमारी,रीना कुमारी,प्राची कुमारी,मोंटी कुमार, सोनम कुमारी, ज्या कुमारी, संगीता कुमारी, पलक, तान्या, चित्रा, नीतेश, प्रीतम, आदित्य सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रामगढ़ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना ने राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक और इकाई दो ने मिलकर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और विवेकानंद की प्रतिमा के माल्यार्पण के साथ हुआ। स्वागत भाषण इकाई दो की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अनामिका ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ कामना रॉय ने किया। डॉ रेखा प्रसाद और डॉ सरिता सिंह ने अपने विचार रखें और विवेकानंद के जीवन के प्रेरक प्रसंग को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इस अवसर पर दोनों इकाइयों ने दौड़, खेलकूद और रेसिटेशन का कार्यक्रम भी किया, जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया मनीष, राजा, विकास, भास्कर, देवेंद्र प्रवेज, शंकर , रोहित ,रामप्रसाद, प्रीति, बालमति, रूपा आदि स्वयंसेवक कार्यक्रम में सक्रिय रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त की अध्यक्षता में सीएसआर प्राधिकार समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में सी.एस.आर प्राधिकार समिति की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में विभिन्न प्रक्षेत्रों के योजनाओं का क्रियान्वयन हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। वही एचआईवी, एआईडीएस से संबंधित जागरूकता अभियान के लिए संबंधित कॉरपोरेट कंपनी से राशि उपलब्ध कराने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही पिछले सीएसआर प्राधिकार समिति की बैठक में शेष पारित योजनाओं से संबंधित कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटि से कराने हेतु निर्णय सर्वसम्मपति से लिया गया। वहीं पूर्व की बैठक में दिए गए दायित्व व कार्य आदेश के आलोक में प्राप्त प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा की गई। उन्होने कहा जो भी योजनाएं पूर्ण हो चुका है उसकी पूरी प्रक्रिया कर उसे क्लोज करें और वैसी योजनाएं जो लंबित है उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराएं।

## आरएनएम कॉलेज में एनएसएस के बैनर तले राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखण्ड स्थित राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज के सभागार में एनएसएस के बैनर तले राष्ट्रीय युवा दिवस सह विवेकानंद जयंती के अवसर पर एक सेमिनार सह परिचर्चा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह एवं संचालन एनएसएस की स्वयं सेविका शौर्य कुमारी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत विवेकानंद की तस्वीर पर व्याख्याताओं और छात्र-छात्राओं के द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात एनएसएस के लक्ष्य गीत छोटी सिंह, भूमिका, पम्मी कुमारी, सोनम कुमारी, रिया कौर और प्रिया कुमारी ने संयुक्त रूप से गाई। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस पीओ डॉ0 फहीम अहमद ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती का थीम इट्स ऑल इन द माइंड यानी सब कुछ आपके दिमाग में है पर आधारित है। इसी थीम पर चलते हुए पूरे वर्ष युवाओं को अपने राष्ट्र और अपने कैरियर के प्रति डेडीकेट रहने की ज़रूरत पर बल दिया। रिया कौर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है।आज युवा दिवस है। देश की शक्ति युवाओं के हाथों में है ऐसे में हमें चाहिए कि इस युवा दिवस के अवसर पर हम सब प्रण लें की देश को अग्रिम पंक्ति में लाने के लिए हम लोग हमेशा तात्पर्य रहेंगे। स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर व्यापक प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जहां हिंदू धर्म का प्रचार प्रसार किया वहीं अन्य धर्मों का ज्ञान भी प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहे। स्वामी विवेकानंद का यह प्रसिद्ध स्लोगन उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए यह वाक्य हमें प्रेरित करता है कि समाज में फैली कुर्तियों,बुराइयों और छुआछूत को मिटाने के लिए स्वामी जी ने जो प्रयास किया था उसकी आवश्यकता अब भी है। उन्होंने मानव सेवा और प्रेम जीवन का मूल मंत्र बताया है। उन्होंने भारत राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्र का नाम रोशन किया था। हमें इस आधुनिक युग में इससे प्रेरणा लेने की जरूरत है। देश के महान विभूतियां में से एक इनका भी नाम दार्शनिक आध्यात्मिक समाज सुधारक थे।स्वामी विवेकानंद ने पुरी दुनिया को अध्यात्म का पाठ पढ़ाया। आज हम सबको उस पर अमल करने की जरूरत है। तभी हम एक राष्ट्रभक्त और मानव प्रेमी के श्रेणी में आ सकते हैं। बिना कुमारी, शुभम कुमारी, कुसुम कली मोहम्मद हसनैन, शाहीन परवीन ने भी भाषण और काव्य के माध्यम से लोगों संबोधित किया।

## डीसी अबू इमरान की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर आज उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन समेत वरीय पदाधिकारी संग उपायुक्त ने कार्यक्रम आयोजन के हर एक बिंदु पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में परेड, झंडोतोलन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने एक एक कर सभी संबंधित अधिकारियों संग विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल के साथ साथ सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने परेड की तैयारी, झांकियों की थीम समेत अन्य विषयों पर भी कई निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।बैठक में उपायुक्त द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम की साफ-सफाई, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, परेड की तैयारियों, राष्ट्रगान, निरीक्षण हेतु जीप की व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी, कर्मी समेत अन्य को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित करने को लेकर भी निर्देश दिया गया। इसके अलावे राज्य सरकार से प्राप्त होने वाले निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रम में संशोधन की भी बात कही गई।

## आजसू पार्टी के विस्तार को लेकर किसान भवन में की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के किसान भवन में आजसू पार्टी का विस्तार को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी जिला अध्यक्ष छोटू सिंह भोगता ने किया। वहीं इसकी संचालन महेश तुरी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सदस्य रंजीत कुमार गुप्ता एवं चतरा नगर अध्यक्ष कृष्णा कुमार साहू उपस्थित थे। बैठक में पार्टी विस्तार को लेकर सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि 2024 में आजसू पार्टी को मजबूत किया जाएगा। साथ हीं ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी कार्यकर्ता बनाया जाएगा। इसके लिए एक कमिटी बनाई गई है। जिसमें महिला कार्यकारी अध्यक्ष अपर्णा कुमारी, रौशनी टोप्पो, पुरुष कार्यकारी अध्यक्ष विजय राम, महेश तुरी, राजू भोगता, सचिव मनोज तुरी, बुद्दिजीवी मंच कार्यकारी अध्यक्ष जीवलाल साव को पार्टी विस्तार कमान दिया गया है। नव चयनित पार्टी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि पार्टी विस्तार के लिए तन मन धन लगा कर पार्टी के लिए कार्य करूँगा। हम लोगों को जो जिम्मेवारी दी गयी है उसे बखूबी निष्ठापूर्वक निर्वहन करूँगा। वहीं जिला अध्यक्ष छोटू सिंह भोगता ने कहा कि पार्टी स्तरीय वन भोज का कार्यक्रम अगले 21 जनवरी को शिक्षण प्रशिक्षण प्रांगण में किया जाएगा। जिसमें जिले के लगभग 3 सौ कार्यकर्ता वनभोज कार्यक्रम में शामिल होंगे। मौके पर रंजीत कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार साहू, उमेश प्रसाद साहू, रवि कुमार, मनोज कुमार तुरी, अरुण तुरी, विजय राम, सरहुल गंझू, सोनू कुमार भोगता, राजू कुमार गंझू, जीवलाल साव, भोला गंझू, गोविंद भोगता, सुरेश गंझू, धर्म गंझू, घमश्याम गंझू, गायत्री कुमारी, सोनी कुमारी, संजू देवी, अपर्णा कुमारी, सूरज कुमार, महेश कुमार तुरी के अलावे अन्य दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को दी गई एक दिन की ट्रेनिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर सभागार में शुक्रवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं को ट्रेनिंग करवाया गया।यह कार्य प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो के अध्यक्षता में की गई। ट्रेनिंग समर अभियान को लेकर करवाया गया। जो रांची से चलकर आए अमरेश कुमार एवं मौरी कुजूर ने सेविकाओं को ट्रेनिंग दिलाई।जहां बतलाया गया कि कुपोषित बच्चों का सर्वे करना है।एवं लंबाई ऊंचाई की जांच करना है। तथा कुपोषित बच्चों को सुरक्षित करना है एवं एमटीसी के तहत बच्चों को दिखलाना है। मौके पर उपस्थित सुपरवाइजर उषा कुमारी सेविका सुनैना कुमारी रीता कुमारी कंचन कुमारी मीना कुमारी उषा कुमारी एवं दर्जनों सेविका उपस्थित थी।

### मगध संघमित्रा सीसीएल क्षेत्र के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र में संचालित मगध संघमित्रा सीसीएल क्षेत्र के द्वारा शुक्रवार को संघमित्रा क्षेत्र के अंतर्गत बरकुटे गांव में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल एक सौ बीस मरीजो का इलाज एवम् शारीरिक जांच किया गया। जांचों उपरांत विभिन्न प्रकार की बीमारियों का दवा निःशुल्क दिया गया। इस संबंध में महाप्रबंधक नपेंद्र नाथ ने बताया कि परियोजना के द्वारा इस तरह के और भी कई प्रकार के सामाजिक कार्य किया जा रहा है एवम् निरंतर किए जाएंगे।

### हथियार बंद नक्सलियों के दस्ते ने सड़क निर्माण में लगे वाहनों पर किया फायरिंग, कोई हताहत नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुन्दा थाना क्षेत्र के करीलगड़वा में नक्सलियों के हथियार बंद दस्ते ने सड़क निर्माण कार्य साईट पर धावा बोल दिया है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 8 से 10 की संख्या में निर्माणाधीन सड़क के पास आ धमके और कार्य बंद करने की चेतावनी देते हुवे। निर्माण कार्य मे लगे 2 ट्रैक्टर के टायर में गोली मारी व एक फ्लोरी टैंक को भी छतिग्रस्त कर दिया है।वही घटना की सूचना मिलने पर सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी व थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह एवं सीआरपीएफ दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जाँच पड़ताल कर रहे है। बता दें की एनआरईपी विभाग से पीएमजीएसवाई के तहत कुन्दा-लावालौंग मुख्य सड़क से करीलगड़वा तक सड़क निर्माण किया जा रहा है। उक्त सड़क लगभग 2 करोड़ 50 लाख की लागत से जय माँ अम्बे कंस्ट्रक्शन के द्वारा कार्य किया जा रहा है। कंस्ट्रक्शन साईट से पुलिस ने 2 ट्रैक्टर व एक फ्लोरी टैंक को कब्जे में कर थाना ले आई है। लंबे अरसे बाद नक्सलियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। वहीं घटना को लेकर पुलिस भी अलर्ट मोड में है।

## लातेहार की खबरें

## राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका के द्वारा स्थानीय आरके +2 हाई स्कूल में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य मृगेंद्र नारायण सिंह, अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार, नगर मंत्री सौरभ भारती एवं सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से मां शारदे एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सभी विजयि प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार ने स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया और कहा कि विवेकानंद जी ने अपना सर्वस्व जीवन राष्ट्र उत्थान के लिए समर्पित कर दिया एवं कई युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।आगे उन्होंने ने देश के युवा पीढ़ी से स्वामी विवेकानंद जी के सभी सपनों के साकार करने के लिए मिलकर काम करने का आवाहन किया। उक्त मौके पर अभाविप के नगर मंत्री सौरभ भारती, ओनिंद्र कुमार मिश्र, जितेंद्र भारती, अतुल कुमार स्थाना, मेंहदी हसन, समेत कई शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर फुटबॉल मैच का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ हाई स्कूल के मैदान में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर फुटबॉल मैच का आयोजन कराया गया। जिसमे हजारीबाग एवं धनबाद टीम के बीच फुटबॉल मैच खेला गया ।जिसमें दोनों टीम द्वारा रोमांचक मैच के बाद भी कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। इसके बाद पेनाल्टी सूट में 5-4 से हजारीबाग की टीम विजय रही। वही आयोजित मैच में धनबाद की टीम की ओर से दो विदेशी खिलाड़ी एक नाइजीरिया खिलाड़ी मारयो और जिम्बाबे खिलाड़ी मार्क मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे ।मैच देखने आए लोगों ने उनके साथ जमकर सेल्फी लिया ।वही फ्रेंडली मैच बालिका फुटबॉल टीम बालूमाथ एवं बालिका फुटबॉल टीम लोहरदगा के बीच खेला गया जिसमें लोहरदगा की टीम 2-0 से विजय रही। मैच के ऑर्गेनाइजर भाजपा नेता प्रवीण सिंह ने कहा कि जो टीम विजय हो गई है वह अपनी जीत के लिए खेले और जो हार गए वह जीतने के लिए खेले। पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि फुटबॉल मैच खेलने से मनोरंजन के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। वही आयोजक द्वारा बालूमाथ के पुराने खिलाड़ी रह चुके सुरेश सिंह, मोहम्मद शमीम, विपिन राय, सुधु भगत, मोहम्मद जहूर, मोहम्मद शकील, मनोहर गुप्ता, कामा प्रसाद, बंधन उरांव, मोहम्मद आजम ,मोहम्मद अहिया, असलम कुरैशी समेत कई लोगों को शाल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया ।वही विजेता एवं उप विजेता टीम को सील्ड एवम जर्सी देकर सम्मानित किया।

### स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुरुआत माननीय मुख्य अतिथि संजय सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलामू विभाग के विभाग संघ चालक जानकी नंदन राणा, पलामू विभाग के विभाग प्रचारक व्यापक जी प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने संयुक्त रूप से मां शारदे ओउम्, भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पलामू विभाग संघ चालक जानकी नंदन राणा ने छात्रों को बताया कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे।युवाओ को जिवन में आगे बढने के लिए उनके बताये रास्ते पर चलने की आज जरूरत है। उठो जागो और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए ,युवाओ को सार्थक सोंच के साथ आगे बढने के लिए संदेश दिया था। मुख्य अतिथि संजय सिंह जी छात्र छात्राओं के बीच विवेकानंद जी के संदेश को रखा।

## पीडब्ल्यूडी से पुल निर्माण कार्य में भारी अनियमितता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत बरवाडीह हुंटार मुख्य मार्ग के देवरी नदी के समीप पीडब्ल्यूडी विभाग से पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसकी प्राक्कलित राशि लगभग 80 लाख रुपए बताया जा रहा है। हालांकि सुत्रों से मिली जानकारी अनुसार पुल निर्माण कार्य के प्राक्कलन का तीस प्रतिशत निचे लगभग 56 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि योजना स्थल पर योजना से संबंधी अबतक कोई शिलापट्ट भी नहीं लगा है। जागरुक ग्रामीण व राहगीरों ने सीधे सरकार पर सवालिया निशान लगाते हैं कि भ्रष्टाचार चरम पर है। शुरुआती दौर से ही निर्माण कार्य में अनियमितता देखी जा रही है। जहां पुल निर्माण का नींव महज दो से तीन फुट गड्ढा कर शुरू किया गया है। वहीं बोल्डर से दीवार की जोड़ाई में बोल्डर का लेयर बिछाकर उसके उपर सुखा मसाला बनाकर बिना घोल किए ढंक दिया जा रहा है जो मसाला बोल्डर के (गैप) जैन में नहीं जा पा रहा है जिससे कि वह दीवार कमजोर हो रहा है। शुक्रवार को खबर संकलन के दौरान देखा गया कि संबंधित कनीय अभियंता की गैर मौजूदगी में हो रहे पुल के निर्माण कार्य में निर्माण स्थल पर पूर्व के बने सड़क डायवर्सन का निम्न स्तर का बोल्डर का उपयोग किया जा रहा है। जिले के अधिकारियों को ऐसे मामले में संज्ञान लेने की जरूरत होना चाहिए जिससे कि योजनाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य हो और ग्रामीणों में सरकार और विकास के प्रति भरोसा बढ़ सके।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया स्वामी विवेकानंद जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित लातेहार रेलवे स्टेशन के समीप 12 जनवरी दिन शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार के प्रांगण में स्वामी विवेकानन्द जयंती (युवा दिवस) बड़ी धुम-धाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विरेन्द्र कुमार सिंह (सह-सचिव) एवं अन्य अतिथियों के साथ विधालय के प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। सरस्वती वन्दना के पश्चात् छात्र छात्राएं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो काफी मनमोहक रहा। विरेन्द्र सिंह द्वारा स्वामी विवेकानन्द के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।इसी प्रकार अन्य अतिथियों का विचार भी छात्र-छात्राओं के बीच काफी प्रेरणादायी था। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापित प्रेरणादायी शब्दों के साथ समान्र किया गया। जिसमें विवेकान्दन जी के जीवन काल में घटित धारनाओं पर भी प्रकाश डालते हुए सदैव आगे बढ़ते रहने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्यो एवं दीदी जी तथा सभी कर्मचारीयों का सहयोग काफी सराहनीय रहा।

## समाज को राजनीतिक क्षेत्र में आगे आने की जरूरत : रामदास साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ जोगियाडीह बीरसा मैदान में शुक्रवार को तैलिक साहू समाज का राजनीतिक परिचर्चा सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दानवीर भामाशाह, माता कर्मा बाई एवं स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद साहू, स्वर्गीय तिलेश्वर साहू, स्वर्गीय शंकर साहू के चित्र पर पुष्प अर्पित का एवं दीप प्रचलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामदास साहू ने कहा कि आज हमारा सामाज की संख्या इतनी ज्यादा होने के बावजूद भी राजनीतिक क्षेत्र में हम लोग बहुत पीछे हैं। अब समय आ गया है की हम लोग एक जुटता का परिचय देते हुए हर क्षेत्र में आगे आवे। तैलिक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा आज हमारे समाज के लोगों के पास राजनीतिक क्षेत्र में आगे नहीं होने के कारण हमारे अच्छे-अच्छे नेता की हत्या कर दी जा रही है अगर हम लोग राजनीतिक क्षेत्र में मजबूत रहेंगे तो आने वाले दिनों में समाज के नेता को हाथ लगाने के लिए सोचेगा।वही कोडरमा जिला के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह आजसू के प्रत्याशी रह चुके शालिनी गुप्ता ने कहा कि जिस तरह बालूमाथ में राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या कर दी गई है यह दुखद है राजेंद्र प्रसाद साहू, तिलेश्वर साहू ,शंकर साहू समाज के रीढ़ थे।एक साजिश के तहद हमारे दिग्गज की हत्या कर हमलोग को कमजोर किया जा रहा है। अब सभी दल संख्या के आधार पर हमारे समाज के लोगों को भी विधानसभा एवं लोकसभा में भागीदारी देना होगा। वही पूर्व राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रिपुसूदन साहू ने कहा हम लोग एकजुटता का परिचय देंगे तो सभी राजनीतिक दल हमारे लोगों को नजर अंदाज नहीं कर सकेगी वहीं मंच को हजारीबाग की प्रियंका कुमारी, सिमरिया जिला परिषद अध्यक्ष देवनंदन साहु इटखोरी जिला परिषद भारत साहू, तरहसी पलामू जिला परिषद सदस्य रुक्मिणी देवी ,समाज के पलामू जिला अध्यक्ष लखन साहू, लातेहार जिला अध्यक्ष आदि उपस्थित थे। इस मौके पर गायत्री साहू, देवनंदन साहु, महेश साहू, विजय प्रसाद, त्रिवेणी साब, रामजतन साहू, रोशन गुप्ता, राजेंद्र चावल,हरी साव,वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामजतन साहू, प्रवीण कुमार, गोलू कुमार, राजेश कुमार, मनोहर साव, छोटा अर्जुन, सखिन्द्र साव, जमुना साहू, सुरेश साहू, समेत चंदवा, लातेहार, चतरा, डाल्टनगंज, पाकी, कोडरमा, रांची , समेत जिला व प्रखंड के हजारों लोग मौजूद थे। मंच का संचालन रंजीत गुप्ता ने किया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष आदित प्रसाद साहू ने की।

# लूट के इरादे से घात लगाकर बैठे दो अपराधियों को विष्णुगढ़ पुलिस ने धर दबोचा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह मिली गुप्त सूचना में कुछ अज्ञात अपराधी चकचूको जंगल मे घात लगाकर लूट/डकैती के इरादे से बैठे है, और उनलोगो के पास हथियार भी देखा गया है।मिली जानकारी पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनु.पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़, अनुज उराँव के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर समय करीब 06:30 बजे अपराह्न में दल-बल के साथ पहुँचने पर पाया कि दो युवक महुआ के पेड के नीचे बैठे है, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे।छापामारी दल को इन दोनों युवकों पर संदेह हुआ, और दोनों युवकों को खदेड़ कर पकड़ा। घटना स्थल पर छानबीन के दौरान



दोनो युवको के पास एक-एक लोडेड देशी कट्टा तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।थाने में पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि लूट की योजना की घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे थे। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुज उराँव, विष्णुगढ़ पु नि सह विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, पु अ नि देवेंद्र कुमार, पु अ नि बबलू कुमार, पु अ नि अभिषेक कुमार सिंह तथा विष्णुगढ़ थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे। बताया गया कि अजय कुमार महतो उम्र 23 वर्ष,पिता टिको महतो, विशाल कुमार उर्फ विशाल पांडेय उम्र 21 वर्ष पिता गणेश दास दोनो ग्राम चकचूको थाना विष्णुगढ़ के निवासी है।जिसमे अजय कुमार महतो इस कांड के अलावे विभिन्न थानों में आरोपी है।जिसमे सरिया थाना कांड सँख्या-126/21 दिनांक 19.05.21 धारा 393 भादवि, बगोदर थाना काण्ड सं0-58/22 दिनांक 18.04.22 धारा 392 भादवि, बगोदर थाना कांड सँख्या-59/22 दिनांक-19.04.22 धारा 393 भा द वि एवं 27आर्म्स एक्ट, बगोदर थाना कांड सँख्या-60/22 दिनांक-22.04.22, धारा 120 (बी)/34 भा द वि एवं 25(1-ड्ढ)ड्ड/26/35 श अधिनियम के तहत पूर्व में भी मामला दर्ज है।

# नेशनल पब्लिक स्कूल में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** न्यू एरिया स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा दिवस हर्षोल्लास संपन्न हुआ। सर्वप्रथम प्राचार्य धीरेंद्र सिंह के द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मौके पर उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद महान शिक्षाविद, सच्चे देशभक्त ,महामानव एवं भारतीय संस्कृति के रक्षक थेद्य उन्होंने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ने,संपूर्ण विश्व को मानवता एवं विश्व बंधुत्व का संदेश दिया है। स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उप प्राचार्य कुमारी सोनी ने कहा कि हमे उनके विचारों को आत्मसात कर उनके पद चिन्हों पर चलकर देश सेवा का संकल्प लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों ने भी स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक राहुल कुमार, शैली कुमारी, निधि कुमारी ,सुनील सिन्हा, अंकिता कुमारी, विकास कुमार की महती भूमिका रही। उपरोक्त जानकारी नेशनल पब्लिक स्कूल के मीडिया प्रभारी प्रदीप पाठक ने दी।

# राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय धनवार के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय धनवार के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण करने तिलैया डैम पहुंचे, जहां घने वनों के बीच तिलैया डैम के मनोरम प्राकृतिक वादियों और वोटिंग का भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान प्रवासी पंक्षियों की चहचहाट और जलाशय में उठते हुए तरंगो का भरपुर आनंद लिया। मौके पर प्रधानाध्यापीका तहबीजा तबस्सुम ने तिलैया बांध के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि तिलैया जलाशय 36 माइल में फैला है,जिसमें 56 मौजा डूबा है। बाढ़ से प्रभावित लोगों के सुरक्षा के लिए देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने तिलैया जलाशय पर देश के प्रथम बांध बनवाया था। वहीं मो अफरोज आलम ने कहा कि यहां की वादियां और फिजाएं राज्य की शान है। डैम किनारे प्रसिद्ध चाचा नेहरू पार्क (चेचरों पार्क) सहित घूमने का कई स्पॉट के अलावा तिलैया डैम के पहाड़ी पर रेस्टोरेंट और डैम में वोटिंग की सुविधा भी पिकनिक आने वाले लोगों को आकर्षित करती है। मौके पर प्रधानाध्यापिका तहमीजा तबस्सुम, शिक्षक मो अफरोज आलम, उपेन्द्र प्रसाद, अल्ताफ हुसैन अंसारी, सीताराम, अमरेन्द्र राम, प्रकाश सिंह के साथ अभिभावक रुकैया खातून आदि उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, खरांटी में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुरुवात स्वामी विवेकानंद के चित्र पर मलार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। बीजेपी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विजय यादव के अध्यक्षता में जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजय यादव ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। उनके जीवन दर्शन पर छात्र-छात्राओं को चलने के लिए परेरित किया। श्री यादव ने यह भी कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे युवा पीढ़ी के प्रेरणा स्रोत रहे तभी तो आज उन्हें विश्व गुरु के रूप में जाना जाता है। उन्होंने अमेरिका के शिकागो में विश्व हिंदू धर्म सम्मेलन मैं सम्यक भाषण देकर पूरे विश्व को मंत्र मुग्ध कर दिया और विश्व को एक सूत्र में बांधने का भी काम किया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल महामंत्री सुमन गिरी, शिक्षक सुरेश प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, अनु कुमारी, मोहन कुमार, अनिल कुमार, केवी यादव, पुष्पा कुमारी, तालो सोरेन सहित विद्यालय के सभी छात्र उपस्थित थे।

# हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आगामी 22 को गौशाला परिसर में होगा दीप प्रज्वलन का भव्य आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग की एक बैठक संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन की अध्यक्षता में उनके आवासीय कार्यालय में हुई।बैठक में बैठक में आगामी 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अयोध्या नगरी में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त हजारीबाग गौशाला परिसर में संध्या बेला में भव्य दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया। इसी के साथ गौशाला के कर्मचारियों के बीच कंबल एवं प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।13 जनवरी को बड़ा बाजार चौक में सिख समुदाय के नगर कीर्तन का स्वागत किया जाएगा। 14 जनवरी को गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों के साथ मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया जाएगा, कर्मचारियों के बीच तिलकुट चूड़ा गुड का वितरण किया जाएगा। मौके पर चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि पूर्व निर्धारित सभी कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न होंगे। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, जयप्रकाश खंडेलवाल, प्रमोद खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, विकाश तिवारी एवं डॉक्टर वी वेंकटेश मौजूद थे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष केझारखंड आगमन की तैयारी को ले कर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** शुक्रवार को हजारीबाग रोड में स्थित युवराज फैमिली रेस्टोरेंट में बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने प्रेस वार्ता किया। मौके पर बरही विधायक ने कहा कि जनवरी माह में तीन बड़े कार्यक्रम झारखंड में होने जा रहे हैं। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आगमन झारखंड की धरती पर हो रहा है, जिसकी तैयारी हम लोगों को करना है। वही पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का भी आगमन होगा जिसमें वे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सिलीगुड़ी, दुमका, जामताड़ा, धनबाद आदि जगहों पर आएंगे। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होकर



न्याय यात्रा को सफल बनाना है। वहीं उन्होंने आगामी 15 जनवरी को अपने आवास पर मकर संक्रांति के अवसर पर चूड़ा दही कार्यक्रम का आयोजन किया है, जिसमें सभी बरही क्षेत्र वासियों को आमंत्रित किया। वहीं जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने बताया कि कांग्रेस के 138वी स्थापना दिवस के अवसर पर बेहतर भारत के लिए दान करें कायक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता समेत आम जन 138 रुपए दान देकर बेहतर भारत समृद्ध भारत बनाने में अपना योगदान देंगे। वहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर एक भारतवासी का ख्याल रखने के लिए लड़ाई लड़ रही है। वही कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में हजारीबाग में कांग्रेस की जीत पक्की है, क्योंकि वर्तमान के सांसद ने सिर्फ हजारीबाग क्षेत्र वासियों को ठगने का काम किया है। वही मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी का जन्मदिवस भी मनाया गया, सभी ने उन्हें केक काटकर बधाई दी। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष अंजू सिंह, अशोकदेव, मो. असलम, अब्दुल अंसारी, द्वारका रविदास आदि उपस्थित थे।

# नेहरु युवा केंद्र हजारीबाग द्वारा आयोजित किया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र ने हजारीबाग नेहरू युवा केंद्र व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में पी 0 डबलू 0 चौक0 स्थित ज्ञान ज्योति मेमोरियल महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। युवा हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद जी के 161 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण के बाद देशभक्ति समूह नृत्य युवाओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। पूर्व रविवार को आयोजित विकसित भारत भाषण प्रतियोगिता की विजेता नूपुर माला के द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शामिल सैकड़ों युवा ने तत्पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण देखा और कहे संकल्पों को अमल करने का शपथ भी लिया। कायक्रम में अतिथि के रूप में डॉक्टर जॉनी रूफिना तिर्की(कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग), विनय मेहता( प्राचार्य जी 0 एम 0 संध्याकालीन महाविद्यालय), प्रशांत कुमार(डी0एस0पी0, हजारीबाग), कृष्णा साव ( सब इंस्पेक्टर ट्रैफिक पुलिस हजारीबाग), किशोरी राणा( राष्ट्रीय अध्यक्ष, नव झारखंड फाउंडेशन), चंदन सिंह(विधि विशेषज्ञ व समाजसेवी), उमेश ठाकुर(कार्यक्रम पदाधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, जी0एम0 संधकालीन महाविद्यालय) शामिल राहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर के द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग व राष्ट्रीय सेवा योजना के कई स्वयंसेवक व सैकड़ों प्रतिभागी मौजूद रहे।

# अदाणी फॉउंडेशन ने महिलाओं के बीच बांटे रसोई बर्तन सेट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने परियोजना प्रभावित गांवों की महिलाओं के बीच रसोई बर्तन सेट का वितरण किया। इस अवसर पर गोन्दलपुरा, गाली, बलोदर और आसपास के गांव की सौ से अधिक महिलाएं मौजूद थीं। कार्यक्रम का आयोजन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच उत्साह का संचार करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए किया गया था। इसी कड़ी में हर एक महिला को बर्तन सेट दिया गया ताकि वे अपने कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते रहें और स्वरोजगार के लिए लगातार कार्यरत रहें। कार्यक्रम में महिलाओं ने इसे अदाणी फॉउंडेशन का एक सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि इस प्रयास से जुड़कर उनका भविष्य बेहतर होगा। महिलाओं ने यह भी कहा कि उनके घरेलू जरूरतों के हिसाब से उन्हें सेट प्रदान किया गया है, जो उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करेगा। कार्यक्रम में शामिल होकर महिलाएं बेहद



उत्साहित नजर आईं। महिलाओं के उत्थान के लिए लिए चल रही कई योजनाएं बड़कागांव प्रखंड में अदाणी फॉउंडेशन की ओर से महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस कड़ी में सिलाई-कढ़ाई के साथ-साथ कंप्यूटर की निशुल्क ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के लिए एकलव्य छात्रवृति योजना शुरू की गयी है। स्वरोजगार को ध्यान में रखते हुए गंगा एसएचजी का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभी हाल ही में बड़कागांव प्रखंड के युवाओं के लिए सेना बहाली प्रशिक्षण के पहले बैच की शुरुआत कर दी गयी है। यहां से प्रशिक्षण पाकर 30 युवा भारतीय सेना, अग्निवीर, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आटीबीपी, सी आई एस एफ और पुलिस में बहाल होकर देश की सेवा में जा सकते हैं। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक संजय कुमार, उपमहाप्रबंधक (सुरक्षा) पुण्डरीक मिश्रा, सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक सूर्य कुमार सिंह और सीएसआर के उपप्रबंधक मोहित गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे। स्वास्थ्य और शिक्षा के बाद रोजगार के लिए हो रही है सार्थक कोशिश अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में लगातार निन्शुल्क मेडिकल कैम्प और नेत्र जांच शिविर लगाए जाए रहे हैं, जहां ग्रामीणों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां और चश्मे प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा हरली हाई स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उन्हें पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़े।

# प्राचार्य से मिला एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक राज के नेतृत्व में एक डेलिगेशन मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के बीसीए विभाग के छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्या संध्या प्रेम से मुलाकात की। अभिषेक राज ने बताया की बीसीए विभाग में कंप्यूटर लैब लाइब्रेरी, वाईफाई तथा शिक्षको की कमी है।छात्रों द्वारा कई बार आवेदन देने के बाद भी अभी तक समस्याओ का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने आगे कहा कि बीसीए वोकेशनल कोर्स है और इस महाविद्यालय में बतौर सेल्फ फाइनेंस इस कोर्स का संचालन किया जा रहा है,जिसके लिए प्रत्येक छात्रों से बीसीए प्रति सेमेस्टर 20 हज़ार लिया जाता है। इसके बावजूद जरूरी सुविधा नही दी जाती है। वहीं प्राचार्य ने कहा कि उनके द्वारा विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासन को सभी स्मास्याओं से अवगत करवा दिया गया है।उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार है।मौके अमरदीप मेहता, कुणाल गुप्ता, आदर्श आनंद, अनुराग ,सागर, गुलाम सरवर, राजेश, प्रेम चौधरी, सुंदरम समेत बीसीए के छात्र मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर जुटें पूर्ववर्ती छात्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबू गांव कोरा में पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ नवीन चंद्र ,राम बहादुर सिंह ,कोषाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ,अध्यक्ष डॉ बृज कुमारविश्वकर्मा ,सदस्य महेंद्र प्रसाद एवं अभिभावक गंगाधर दुबे तथा अभिभावक प्रतिनिधि पम्मी देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने कराया। तत्पश्चात विद्यालय की बहनों द्वारा स्वागत गीत गाकर आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया । विषय प्रवेश करते हुए विद्यालय के आचार्य शिव शरण ठाकुर ने कहा कि हम स्वामी विवेकानंद की जयंती पर इसलिए पूर्व छात्रों को बुलाते हैं ताकि वे यह जान सके की हमारे द्वारा जो संस्कार भैया बहनों को दिया गया है, कहीं वह भूल तो नहीं गए।मुख्य अतिथि डॉ नवीन चंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी जी ने गुलामी के समय भी पूरे विश्व में भारत के ज्ञान का डंका बजाया



था।विद्यालय के अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें विवेकानंद जी के बताये हुए रास्ते पर चलना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन राजकुमार सिंह एवं मंच संचालन सुशील सौरभ ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य शिवशरण ठाकुर, रविकांत पाठक, रवींद्र कुमार, मुकेश सिन्हा, सचिन पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, पप्पू पाण्डेय, आनन्द प्रजापति, विवेक कुमार, पिन्टू राय, रिंकी कुमारी, अर्चना सिन्हा,निखत परवीन, वीरेंद्र मिश्र एवं अनेक पूर्ववर्ती छात्र उपस्थित थे।

# बीएड महाविद्यालय बनासो में युवा दिवस में याद किए गए स्वामी विवेकानंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के तत्वाधान में विकसित भारत @2047 युवा के लिए, युवा के द्वारा कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद जी का जयंती एवं युवा दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी ने किया तथा संचालन स्वर्णा मिश्रा ने की।इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि %युवा देश के भविष्य हैं,राष्ट्र निर्माण की कल्पना इनके बिना कोरी कल्पना है। युवा दिवस के कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी स्वर्णा मिश्र ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद जी दार्शनिक सिद्धान्तों एवं उनके अलौकिक विचारों के पथ पर चल कर देश के युवा एक नया भारत गढ़ेंगे। इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा युवा दिवस के अवसर राष्ट्र के संबोधन भाषण का सीधा प्रसारण दिखाया गया। युवा दिवस के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापिका बबली, ओमकारनाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, शशि




भूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज वास्तव, चंदन कुमार, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कु जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अदूश मुखर्जी, डॉ सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ अम्बरीश कु दुबे, डॉ विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, शिल्पा मिश्रा, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, आजाद, नाजरा सुनीता सभी सत्रों के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं युवा दिवस सेमिनार का आयोजन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं युवा दिवस के शुभ अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया । इस सेमिनार में रु्श्वस्र क्रश्वस्र, ष्ठ. श्वद्य. श्वस्र के प्रशिक्षुओं के द्वारा सेमिनार में स्वामी जी के जीवन दर्शन एवं भारत और विश्व में उनके योगदानों पर प्रकाश डाला गया। इस सेमिनार में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चेतलाल प्रसाद ने अपने भाषण में विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए , सभी प्रशिक्षकों को एक संदेश दिया कि आप सभी प्रशिक्षु स्वामी जी के जीवन दर्शन को अपनाकर अपना जीवन सफल बना सकते हैं और साथ ही साथ आप समाज का विकास भी कर सकते हैं । अन्य प वक्ताओं में प्रिया गुणवंती माला सोनू जीना थे। इस सेमिनार को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापको, प्रशिक्षुओं एवं सेमिनार के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर वीरेंद्र कुमार चौरसिया एव, वोट का थैंक्स श्वेता ने किया ।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मनाया गया युवा दिवस

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संत कोलंबा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट एक के तत्वावधान में देम्टा सभागार में स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया।आयोजन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जयप्रकाश के मार्गदर्शन में हुआ।कार्यक्रम का श्रीगणेश स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पण एवं पाणीणी मिश्रा के श्लोक वंदन के साथ हुआ। तत्पश्चात अदिति एवं समूह के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य रेवरेन डॉ विमल रेवन ने विद्यार्थियों को महापुरुषों की जीवनी से प्रेरणा लेने की सीख दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिल्म जगतगुरू श्री रामकृष्ण और स्वामी विवेकानंद जी पर आधारित फिल्म पुनर्जागरण के निर्माता गजानंद पाठक ने कहा कि युवाओं को मनुष्य जीवन में ईश्वर का दर्शन करना ही उनका लक्ष्य होना चाहिए।कार्यक्रम के भाषण प्रतियोगिता में लकी गुप्ता ने प्रथम,सन्ना नूरी द्वितीय तथा अंकित को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। नेहा मनी और शीतल कुमारी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। गायन प्रतियोगिता में शीतल कुमारी को प्रथम ,द्वितीय पुरस्कार आरसी व नूर तथा तृतीय पुरस्कार अरीबाह एवं टीम को मिला। मंच संचालन रिया फातिमा ने किया। कार्यक्रम में डॉ विनोद रंजन,डॉ राजकुमार चौबे,डॉ अशोक राम,धीरज साहू एवं डॉ जे आर दास की गरिमामई उपस्थिति रही।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रही युवा दिवस की धूम

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती विद्या मंदिर कुम्हारटोली में स्वामी विवेकानंद की जयंती की अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ,डॉ राजीव रंजन एवं आचार्य नरेंद्र कुमार सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए द्य मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद महान शिक्षाविद, सच्चे देशभक्त ,महामानव एवं भारतीय संस्कृति के रक्षक थेद्य लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़े का स्लोगन उन्ही ने दिया था। मौके पर विद्यालय के आचार्य नरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वामी जी ने संपूर्ण विश्व को मानवता एवं विश्व बंधुत्व का संदेश दिया हैद्य भैया- बहन आप सभी उनके विचारों को आत्मसात कर उनके पद चिन्हों पर चलकर देश सेवा का संकल्प लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें द्य कार्यक्रम में आचार्य विपिन बिहारी सिंह ने स्वामी विवेकानंद को भारतीय संस्कृति का रक्षक, राष्ट्रभक्त, महामानव बताया द्य उन्होंने भैया- बहनों को स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं आदर्शों को आत्मसात करने की बात भी कहीं द्य कायक्रम में आचार्य राहुल कुमार पासवान, विद्यालय के आचार्य बंधु भगिनी तथा विद्यालय में पढ़ने वाले भैया -बहने उपस्थित थे।

## विधायक के नेतृत्व में कुसुंभा के ग्रामीण डीसी और एसडीओ से मिलें, ओभरब्रिज बनाने का किया मांग

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर विधायक मनीष जायसवाल के नेतृत्व में कटकमदाग प्रखंड स्थित ग्राम कुसुंभा और आसपास के गांवों के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय और सदर एसडीओ विद्या भूषण से मिला। ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने बताया की उनके क्षेत्र में स्थित साइडिंग में रेलवे लाइन का विस्तारीकरण होने जा रहा है। जिसके तहत यहां एनटीपीसी एवं रेलवे द्वारा एक अंडरपास यानी सुरंग का निर्माण की योजना है। ग्रामीण इस क्षेत्र में सुरंगनुमा अंडरपास के निर्माण से खौफजदा हैं और ग्रामीणों का मांग है की यहां अंडरपास नहीं बनाकर ओभरब्रिज या फ्लाई ओभर का निर्माण कराया जाय। इसी मांग को लेकर उपायुक्त और एसडीओ को ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल ने पिछले दिनों ग्रामीणों की हुई आमसभा की प्रति आवेदन के रूप में भी सौंपा गया । मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा की ग्रामीणों का मांग एकदम जायज और तर्कसंगत है और एनटीपीसी को तुरंत ग्रामीणों की मांग की मानना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा की जनता के सुविधा का विशेष ख्याल कंपनीज को भी रखना ही चाहिए ।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर निकाली गई प्रफातफेरी

**कटकमदाग (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कटकमदाग प्रखंड के आदर्श उच्च विद्यालय कटकमदाग में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक अजय कुमार साहू व प्रधानाचार्य सुधा सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को उनकी जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेंद्र ठाकुर ने किया। मौके पर शिक्षक मानेश्वर प्रसाद, तपेश्वर राणा, राजू कुमार, रवींद्र कुमार, राजू कुमार यादव, कमला देवी, आरती कुमारी, नैन्सी कुमारी, नायाब रामसा, प्रीति देवी, सूरज कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।



## स्वामी विवेकानंद जी आज भी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं : मनोज यादव

**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की ओर से स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में स्वामी विवेकानंद जी की 161 वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के अध्यक्ष मनोज कुमार यादव एवं संचालन सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक ईशो सिंह, महेंद्र प्रसाद दूबे मुख्य रूप से शामिल हुए। मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वामी जी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बारी बारी से सभी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके उपदेशों को आत्म सात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की स्वामी विवेकानंद आज भी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके बताए मार्ग आज भी प्रासंगिक है। हमलोगों को नव भारत के निर्माण में इनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष ईशो सिंह ने किया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष संजय वर्णवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,महेंद्र प्रसाद दुबे, अशोक यादव, युगल यादव, सुरेंद्र रजक, सुनील कुमार दत्त, प्रो हिरामन साहू, मुन्ना यादव, सचिन यादव, पिंटू ठाकुर, भूपेंद्र यादव, किशोर राणा, संतोष ठाकुर, संतोष निषाद, बिपिन बिहारी पांडेय, राजदेव गुप्ता,अजय कुमार कुशवाहा नन्दकिशोर वर्णवाल, नागेंद्र बर्मा, राज आर्यन उर्फ छोटी, विकास कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बरही भामाशाह विद्या मंदिर में स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनी

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही शुक्रवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में युवा दिवस पर स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनाई गयी। इस मौक़े पर पूर्व छात्रा रेशमी कुमारी, गुडविल सिंह एवं राखी कुमारी की उपस्थिति रही। आचार्य संजीव सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का जीवन का हर पहलू हमें जीवन में अग्रसर होने की सीख देता है। मंच संचालन नेहा मिश्रा ने किया। वहीं प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने स्वामी विवेकानन्द के बचपन की सभी यादों को अपने मुखारविन्द से बच्चों के बीच इस तरह रखा कि मानो बच्चे अपने सामने चलचित्र देख रहें हो। मौक़े पर सभी आचार्य आचार्या उपस्थित रहे।

## मुखिया सिकंदर राणा के नेतृत्व में वार्ड सदस्यों ने वन भोज का उठाया लुफ्त

**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही के मनोरम वादियों में बसा जवाहर घाट में बेंदगी पंचायत के मुखिया सिकंदर राणा के नेतृत्व में वार्ड सदस्यों ने वनभोज कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। इस दौरान पंचायत का विकास कैसे हो इस पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य कलावती देवी, वार्ड सदस्य मनोज कुमार साव, सुनील यादव, फूलमती देवी, राहुल पांडे, पूनम देवी, सविता देवी, परमेश्वर भुईयां, रामसेवक, प्रदीप रजक, सुरेंद्र कुमार, झमन यादव, राजेश यादव, रविंद्र यादव, शंभू रजक आदि मौजूद थे।

## पीच फज़ के साथ मोटोरोला रेज़र40 अल्ट्रा और एज40 नियो को लॉन्च हुआ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोटोरोला, भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड और पैनटोन, वैश्विक रंग प्राधिकरण ने दूसरे साल के लिए मिलकर पैनटोन कलर ऑफ द ईयर में डिवाइस बनाने के लिए एक टीम बनाई है। मोटोरोला पैनटोन के साथ बहु-वर्षीय विशेष सहयोग करने वाला पहला और एकमात्र स्मार्टफोन ब्रांड है, जो सार्थक नवाचार के माध्यम से लोगों के जीवन को समृद्ध करते हुए डिजाइन और रंगों में अंतर लाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इस वर्ष, चुने गए रंग पैनटोन 13-1023 पीच फ़ज़, के साथ पैनटोन कलर ऑफ द ईयर कार्यक्रम की 25वीं वर्षगांठ है। मोटोरोला रेज़र40 अल्ट्रा और मोटोरोला एज40 नियो को लॉन्च होने वाले दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में चुना गया है, जो इस रंग को अपनाते हैं और डिवाइस की तरह ही मानवीय कनेक्शन के महत्व पर जोर देते हैं। मोटोरोला रेज़र40 अल्ट्रा और मोटोरोला एज40 नियो की बिक्री वर्ष 2024 के पैनटोन कलर ऑफ द इयर, पीच फज़ के साथ अमेज़न और फ्लिपकार्ट पर शुरू हो गयी है। मोटोरोला रेज़र40 अल्ट्रा दुनिया का सबसे बड़ा, बाहरी डिस्प्ले के साथ, सबसे लेटेस्ट फ्लिप फोन है। यह अमेज़न, मोटोरोलाडॉटइन और प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर 69,999 रुपये की विशेष सीमित अवधि की कीमत पर उपलब्ध होगा। मोटोरोला एज40 नियो आईपी68 रेटेड अंडरवाटर प्रोटेक्शन और 144एचजेड 10-बिट कर्व्ड डिस्प्ले वाला दुनिया का सबसे हल्का फोन है। यह फ्लिपकार्ट, मोटोरोलाडॉटइन और प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर दो वैरिएंट 8जीबी प्लस 128जीबी, 22,999 रुपये में और 12जीबी प्लस 256जीबी, 24,999 रुपये में उपलब्ध होगा।

## पतरातू डीएवी पब्लिक स्कूल नें तीन मेडल जीते



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी पब्लिक स्कूल के तीन बच्चों ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स जो हरियाणा पानीपत में 7 व 8 जनवरी को आयोजित किया गया। उसमे स्कूल के बच्चो ने पदक जीतकर स्कूल का मान बढ़ाया द्य इसमें नेशनल प्रतियोगिता में पूरे देश के बच्चों ने भाग लिया था जिसमें पतरातू डीएवी पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों में अंतर 14 बालिका वर्ग में 40 की ग्राम वर्ग में अंजली कुमारी अंडर 14 बालिका वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वही 44 कीलो ग्राम वर्ग में वैष्णवी कुमारी ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया और बालक वर्ग अंडर 14 में 35 की ग्राम वर्ग में प्रवीण कुमार ने सिल्वर मेडल जीत कर अपने माता-पिता शिक्षक तथा स्कूल का नाम रोशन किया । इस मौके पर शुक्रवार को स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने तीनों बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा स्कूल के खेल शिक्षक प्रमोद पाठक की प्रशिक्षण को भी सराहा गया।इस मौके पर स्कूल के शिक्षक गण उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर को यूथ डे के रूप में भी मनाया गया। इस उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों को मैराथन दौड़ करवाया गया जो पीटीपीएस डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू से हो कर हनुमान गढ़ी होते हुए पंच मंदिर तक हुई। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा तथा स्कूल के शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।मौके पर प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने बच्चो को स्वामी विवेकानंद के जीवनी को विस्तार से बताया और उनके द्वारा बताए गए उपदेशों का अपने जीवन में उतारने पर जोर दिया।मौके पर कुमार अनिल सिंह,पंकज कुमार झा, खेल शिक्षक प्रमोद पाठक,सुधीर कुमार,सिंह,विनय पाठक, अनिल कुमार सिंह, रामचंद्र महतो, सुनील कुमार चौधरी, कौशल किशोर शर्मा, राकेश चौधरी, जकी अनवर, बिपिन रंजन तिवारी,बिनोद पाठक,मीना मिश्रा, बिपाशा घोष, रचना सिन्हा, मनीषा घोष, खुशबू पोद्दार, पूजा सिंह वीरेंद्र कुमार राजेश कुमार, संगम क्रानत विमलेश कुमार,अजय कुमार उपस्थित थे।

## संस्था से युवा जुड़े और अपना स्वरोजगार शुरू करे : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के उरबा टैरिफ और रेड रडसेटीय के मध्यम से ट्रेनिंग कंप्लीट करने के बाद आए दिव्यांग मिथलेश कुमार का मिथलेश मोबाइल रिपेयरिंग दुकान का उद्घाटन मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के हाथो किया गया । जिसमे बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बताया की इस तरह की प्रयास संस्था द्वारा किया जा रहा है सहरनीय है सुधीर मंगलेश ने कहा ऐसे संस्था में ज्यादा से ज्यादा युवा जुड़े और अपना स्वरोजगार शुरू करे और अपना जीवन को बेहतर बनाए इस उद्घाटन कार्यकर्म में कुल्ही पंचायात के उप मुखिया सुबोध कुमार जी रूढ़ सेटी से अनिल जी और टैरिफ संस्था के जिला कॉर्डिनेटर कौशिक सामंतो प्रखंड कॉर्डिनेटर गणेश कुमार सुनीता कुमारी, और बिपिन कुमार, जगतु मुंडा सिकेन्दर कुमार आदि।

## गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर दूसरे दिन निकाली गई प्रभात फेरी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 17 तारीख को साहब श्री गुरु गोविंद सिंह साहब जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए आज से रामगढ़ शहर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से प्रभात फेरी आरंभ की गई है।संगत पियो पावल खंडेदार हुए जन्म सोहेला,निर्मल रसना अमीर पियो सदा सुहेले घर ले जियो, गोबिंद मिलन की एह तेरी बरिया, हम ऐसे तू ऐसा माधो हम ऐसे तू ऐसा आदि सब्दो से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। आज की प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहब से सुभाष चौक होते हुए फुटबॉल ग्राउंड तक गई वहां से बस के रही नानक मोटर माता जगदीश कौर जी के प्रतिष्ठान में पहुंची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की और से बलविंदर कौर जी ने जगदीश कौर जी को सारोपा देकर सम्मानित किया एवम निशान साहेब पर पुष्प की माला डाली,निशान साहेब की सेवा कुजु गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार हरदयाल सिंह चोपड़ा जी कर रहे थे गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से रोमी कौर छाबड़ा द्वारा रमिंद्र कौर जी को सरोपा देकर सम्मानित किया गया,प्रभात फेरी मै गुरूद्वारा के मीत प्रधान सरदार अमरजीत सिंह सैनी, रघुबीर सिंह छाबड़ा,जोगेंद्र सिंह जग्गी राजा कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी, पपिंदर सिंह खंबे,त्रिलोचन सिंह जस्सल, हरजीत सिंह,इकबाल सिंह, कैंटोनमेंट के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह संजू सिंह सिम्मी सिंह कीरत सिंह गुरजीत सिंह इत्यादि सम्मिलित हुए गुरविंदर सिंह कालरा कुलवंत सिंह मरवा डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, मनपाल सिंह सोनी, विमला जस्सल, सरबजीत सिंह, विशाल सिंह,कमल जस्सल,जसमीत कौर सोनी, सूमी जोली, गुरबख्श सैनी,मनमोहन सिंह लांबा, गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी गुरजीत सिंह, बबल छाबड़ा,सतपाल सिंह सलूजा बिट्टू लांबा कवल जीत सिंह लांबा नवलजीत कौर मल्होत्रा, लवली लांबा,बलविंदर कौर।

## स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए रामगढ़ से 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला बास्केटबॉल संघ ने गत 13 जनवरी से 15 जनवरी 2024 को होने वाले स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप जो हजारीबाग में होना तय है उसके लिए खिलाड़ियों का चयन किया। शुक्रवार को बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी सचिन शशि पांडे ,डॉक्टर मोहम्मद बारी विजय यादव, सुभाष कुशवाहा के नेतृत्व में 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया जो निम्न प्रकार है (1) विनायक(2) परनील खालको(3) हर्ष (4) माहीन कुमार(5) अर्श मिश्रा 6)आयुष यादव (7) प्रशांत कुमार (8) हिमांशु कुमार (10) बंटी कुमार राहुल महली( 11) सोहेल अबताब(12) राजवीर का चयन किया गया। यह सभी खिलाड़ी हजारीबाग के लिए रवाना हो गए । रामगढ़ बास्केटबॉल संघ के सदस्यों ने कहा कि अच्छा प्रदर्शन करके आने पर आप सबों को सम्मानित किया जाएगा।

# डीएवी उरीमारी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के दयानंद एंग्लोवैदिक पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय यूवा दिवस के रूप में शूक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। वहीं इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद सदन की ओर से प्रार्थना सभा में की गई। जिसका संचालन कक्षा नौंवी की छात्रा अपेक्षा गुप्ता ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक लाल बहादुर यादव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। बीसी बेहरा ने स्वामी विवेकानंद की प्रासंगिकता से लोगों को अवगत कराया तथा उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार राय ने शिकागो में विश्व में धर्म परिषद के उनके द्वारा दिए गए अविस्मरणीय भाषण पर चर्चा की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के वेदांग दर्शन, गीता दर्शन तथा बौद्ध दर्शन का उल्लेख करते हुए उनके बताए मार्ग पर सभी को चलने का आह्वान किया।इस मौके पर विधालय के सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## उरीमारी पंचायत भवन में लगा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के हेसाबेडा स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को लोक नायक जय प्रकाश आई होस्पीटल के द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 55 लोगों का जांच किया गया। वही इस जांच शिविर का नेतृत्व उरीमारी पंचायत की मुखिया कमला देवी कर रही थी। मोतियाबिंद का जांच हजारीबाग के नव भारत जागृति के सौजन्य से किया जा रहा है जिसमें जय प्रकाश आई होस्पीटल के डाक्टर प्रवीण कुमार सिंह,ए एन एम शांति कुमारी, रतन जी एवं होस्पीटल के अन्य चिकित्सक व सिस्टर के द्वारा जांच किया गया। पंचायत मुखिया कमला देवी ने कहा कि मोतियाबिंद के मरीजों को आधुनिक मशीनों से जांच किया जा रहा है एवं जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया उन सभी मरीजों को बेहेरा आश्रम चौपारण हजारीबाग होस्पीटल में भर्ती कराया जाएगा एवं निशुल्क आपरेशन के बाद सभी मरीजों को मुफ्त में चश्मा व लैंश लगाया जाएगा। वहीं इस मौके पर डा जीआर भगत, सीतामुनी देवी, फुलमती किस्कू, जेएसपीएलएस की सुनीता देवी,अशमिना प्रवीन, प्रिया टुडू,सहिया रूपा देवी, चंचला देवी,अनजू कुमारी, प्रिया हेम्ब्रोम आदि लोगों का सहयोग रहा। वहीं इस शिविर में मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर,टिसी,डिसी व अन्य जांच चिकित्सकों द्वारा किया गया।वहीं जांच कराने वालों में सुरेंद्र मोदी,राजकुमार लाल, गुलजार, सूरज लाल मांझी, राहुल मांझी,धनमती देवी, रेणु देवी,माया देवी,महादेव मांझी, रेखा कुमारी, मंझली देवी, मुटरी देवी, कलावती देवी,अनीता देवी, कमल साव, पार्वती देवी, सावित्री देवी, खुशबू कुमारी, सदुम देवी, शांति देवी, सोमर मांझी,खुशबू कुमारी, सरजू ठाकुर,जीपा मांझी, शिवदयाल करमाली, भुनेश्वर मल्हार, मंझली देवी, शिबू उरांव, मोहन पासी, देवंती कुमारी, नागेश्वर तुरी,दशाराम मांझी, शीला देवी,सोनवा बेदिया, लखन साव, कमला साव, सीताराम प्रजापति,राजवातो देवी, जगदेव प्रजापति, गुदल प्रजापति, अंबो देवी, आशा कुमारी, थुर्चा मांझी, चांद मुनि देवी,उषा देवी, शांति देवी, पूनम देवी, सरविंद प्रजापति,मुन्ना कुमार ,मानो देवी, करम साव,रेखा देवी, सावित्री देवी, श्याम कुमार बेदिया, दुरिका ठाकुर, गोविंद करमाली आदि लोगों का जांच किया गया

## हमारा संकल्प विकसित भारत पहुचां रामगढ़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ छावनी क्षेत्र के वार्ड नंबर 08 न्यु बस स्टैंड और 05 में शनिचरा बाजार में पहूंचा और एल ए डी के माध्यम से मोदी की गारंटी वाली योजनाओं को उपस्थित लोगों ने देखा। मौके पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संदर्भ में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पहुंचकर, सभी वार्डवासियो को समस्त योजनाओ के बारे में जानकारी देते मंचासीन वक्ताओं ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित हो इस हेतु हमसब का सहयोग आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 2024 में प्रधानमंत्री बनाना है ।प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुद्रा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में विस्तार से जानकारी उपस्थित वार्ड वासियों के बीच मुख्य वक्ताओं ने दिया। लाभाविन्त हुए लाभार्थियों मौके पर योजना से उनके स्तिथि में आये परिवर्तन की आप बीती सुनाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवम सभी समस्त योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी वार्डवासियों को मिले ऐसे सख्त निर्देश समस्त योजनाओं से संबंधित अधिकारियों को दिए ।इस मौके पर प्रकाश मिश्रा, रंणजय कुमार उर्फ कुंटु बाबु, संजय प्रसाद सिंह, रविन्द्र प्रसाद शर्मा, रंजन फ़ौजी, बसुध तिवारी, विजय जायसवाल, राजीव पामदत्त, दीपक सोनकर, महेंद्र प्रजापति, रामगढ़ कैंट मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार साह,महामंत्री ऋषिकेश सिंह, सत्यजीत सिंह, दिलीप सिंह,छावनी परिषद से ओमप्रकाश सिंह, नितिन कुमार, गंगा बाबु, राजेश पाण्डेय पोस्टल विभाग से वृजनन्दन बाबु एवं समस्त योजनाओं से संबंधित अधिकारी गण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपनी अनुपम कृतियों से प्रस्तुति दी। सर्वप्रथम बच्चों ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर शपथ ग्रहण ,कविता, पोस्टर मेकिंग,विवेकानंद के वचनों को बोले गए। छात्रों ने राष्ट्रीय युवा दिवस से संबंधित प्रेरक गीत भी गाए।हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।इस दिन स?वामी विवेकानंद की जयंती भी होती है।12 जनवरी 1863 को कोलकाता में स्वामी विवेकानंद का जन्म हुआ था। स्वामी विवेकानंद ने बहुत लंबा जीवन नहीं जीया, मात्र 39 साल की उम्र में उन्होंने समाधि ले ली थी।छोटे से इस जीवन में भी स्वामी विवेकानंद इतना कुछ कर गए जो आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। इसलिए उनकी जयंती के दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने बताया कि यूथ डे मनाने की शुरुआत यूएनओ ने साल 1984 में की थी। उस समय यूएनओ ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाने की घोषणा की थी। इसके बाद भारत सरकार ने इस पर विचार किया और हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का निर्णय लिया. साल 1985 में पहली बार नेशनल यूथ डे मनाया गया। प्राचार्य ने बच्चों को सम्भोधित करते हुए कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेके उनके जीवन उपदेशो का पालन करना चाहिए ।कार्यक्रम मे सभी शिक्षक गन और कर्मचारी मौजूद दे। कार्यक्रम शिक्षक सुमन सोनी और समीर गोस्वामी के देख रेख मे हुआ।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा :** आर.टी.सी पब्लिक स्कूल अनगड़ा मे हर्षोल्लास के साथ शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया 7 विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो द्वारा दीप प्रज्वलन एवम शिक्षक/शिक्षिकाओ द्वारा पुष्पांजली अर्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में वाद - विवाद , निबंध, भाषण एवं चित्रकला, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर सुजल शर्मा,मैथली सिंह ,कुमारी दीपशिखा, प्रीति भोगता ,आलोक कुमार महतो ,एवं क्विज़ में यमुना हाउस के आशीष ,तन्नू,प्रीति अमन बेली आदि रहें सभी को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 39 वर्ष की अल्प आयु में ही विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति का प्रचार किया तथा अपनी ओजस्वी वाणी से समस्त संसार को नया मार्ग बताया। धर्म संसद में उन्होंने कहा कि भारत सारे विश्व का मार्गदर्शक रहा है लेकिन भारतीयों को अपना स्थान कायम रखने के लिए आध्यात्मिकता को अपनाना होगा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक आनंद प्रसाद, सुरेश कु. महतो , भुनेश्वर, घासी राम, उमेश मंडल ,एवं शिक्षिका स्नेहा शालनी,पुतुल नीलू,गायत्री, मधु ममता, कुसुम कुमारी ,अंजलि टोप्पो,एवं कल्याणी कुमारी मौजूद रही ।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक सुमंत कुमार ने किया।


### Government of Jharkhand
### Directorate of Information and Public Relations
### (Information and Public Relations Department)

**Tender for selection of Company for Conceptualization, creation, fabrication & display of Tableau during Republic Day Parade 2024 at Morhabadi Maidan, Ranchi-Jharkhand**

Directorate of Information and Public Relations, Government of Jharkhand invites sealed tenders for Conceptualization, creation, fabrication & display of Tableau during Republic Day Parade 2024 at Morhabadi Maidan, Ranchi-Jharkhand.

Interested Companies or Firms may submit their tenders in two envelope system, one marked as "Technical Bid" and other as "Financial Bid" and both the envelopes sealed in a big envelope super-scribing "Tender for selection of Company for Conceptualization, creation, fabrication & display of Tableau during Republic Day Parade 2024 at Morhabadi Maidan, Ranchi-Jharkhand.

Relevant information regarding the Tender are as following:-
1. Date and Time of Publishing of Tender: …13-01-2024
2. Pre-Bid Meeting …16-01-2024…12:30 pm
3. Last date and time of submission of tender document: 19-01-2024, 2:00 pm.
4. Date and time of opening of bid/tender: 19-01-2024, 3:00 pm.
5. Place of Submission of Tender:- Suchna Bhawan, Directorate of Information and Public Relations, Government of Jharkhand, Meur's Road, Ranchi- 834008 (Jharkhand)

The Tender document containing the details can be downloaded from departmental website www.prdjharkhand.in.

PR No-315960 (IPRD) 23-24 Director



### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर सिमडेगा।

National Career Service

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर सिमडेगा के द्वारा दिनांक–19.01.2024, (शुक्रवार) को परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

अतः सिमडेगा जिला के सभी युवक, युवतियों एवं जॉब सीकर को सूचित किया जाता है कि रोजगार मेला में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर रोजगार के अवसरों से जुड़े।

रोजगार मेला में भाग लेने हेतु नियोजनालय में अपना निबंधन कराते हुए अपने बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्रों के छायाप्रति, स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र, पहचान पत्र एवं दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ रोजगार मेला में भाग लेंगे। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित हैं उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय, सिमडेगा में सम्पर्क करें।

ह०/–
जिला नियोजन पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR.NO.315920 Simdega(23-24):D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची
E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रूक्का प्लान्ट गेट के पास (Raw/Clear Water) पाईप लाईन में मरम्मति कराना अतिआवश्यक है। उक्त कार्य कराने हेतु **दिनांक 13.01.2024** को पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 07:00 बजे तक पूर्णरूपेण पेयजलापूर्ति बाधित रहेगी। पेयजलापूर्ति में होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

1. Raw Water line pipe leakage Near CLR No.01 Old WTP Campus.
2. Water line pipe leakage Near CLR No.01 New WTP main Gate and
3. JnNURM 1000 mm dia D.I Rising Pipe line ( Clear Water)

(ई0 चन्द्रशेखर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची

PR315842 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D



### कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची

**|| आम सूचना ||**

पत्रांक.............................. राँची / दिनांक–..............................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है कि आपके द्वारा अपने परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराया गया है कि सूची निम्नवत है–

1. स्कूल बस परमिट की सूची :–

| S.NO | VEHICLE NO | NAME | PERMIT NO | VALIDITY |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01CS-2848 | SYMBOSIS INSTITUTE OF SOCIAL | 01/2018 | 01.01.2023 |
| 2 | JH01CE-0269 | MRS. REKHA KUMARI (RTC INSTITUTE OF TECHNOLOGY) | 07/2018 | 29.01.2023 |
| 3 | JH01AU-9527 | SATISH KUMAR SINHA(BHARTI COLLEGE OF EDUCATION MANDAR) | 08/2018 | 12.02.2023 |
| 4 | JH01AM-6935 | VARSHA SARIKA MINJ (DAV PUBLIC SCHOOL KANKE) | 12/2018 | 06.02.2023 |
| 5 | JH01AT-3172 | VARSHA SARIKA MINJ (DAV PUBLIC SCHOOL KANKE) | 13/2018 | 06.02.2023 |
| 6 | | | | |
| 7 | JH01AP-1783 | INST OF CHRISTIAN DOCTRINE FATH SOCIETY | 15/2018 | 19.02.2023 |
| 8 | JH01AG-0940 | LITTLE FLOWER PREP ARATORY SCHOOL | 16/2018 | 22.02.2023 |
| 9 | JH01AZ-1899 | NIRUPA TOPPO ( DAV AMRIT PUBLIC SCHOOL) | 17/2018 | 09.03.2023 |
| 10 | JH01AF-8502 | M/S AYUSH EDUCATION SERVICE | 18/2018 | 09.03.2023 |
| 11 | JH01BQ-5368 | M/S AYUSH EDUCATION SERVICE | 19/2018 | 09.03.2023 |
| 12 | JH01CA-0746 | ST. JOHN HIGH SCHOOL | 23/2018 | 09.03.2023 |
| 13 | JH01AV-7389 | ST .FRANCIS SCHOOL | 29/2018 | 23.03.2023 |
| 14 | JH01CP-3187 | TRUST MOTIRAJ DEVI(CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL) | 32/2018 | 27.03.2023 |
| 15 | JH01CA-1734 | DEVENDRA PAL VIJ (BISHOP WESTCOTT NAMKUM) | 36/2018 | 27.03.2023 |
| 16 | JH01BH-7234 | DEVENDRA PAL VIJ (BISHOP WESTCOTT NAMKUM) | 37/2018 | 14.03.2023 |
| 17 | JH01BY-1193 | DEVENDRA PAL VIJ (BISHOP WESTCOTT NAMKUM) | 38/2018 | 14.03.2023 |
| 18 | JH01AN-5321 | DEVENDRA PAL VIJ (BISHOP WESTCOTT NAMKUM) | 39/2018 | 14.03.2023 |
| 19 | JH01CV-8312 | DEVENDRA PAL VIJ (BISHOP WESTCOTT NAMKUM) | 40/2018 | 03.04.2023 |
| 20 | JH01AZ-0940 | LITTLE FLOWER SCHOOL | 42/2018 | 03.04.2023 |
| 21 | JH01AM-4889 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 47/2018 | 18.04.2023 |
| 22 | JH01CP-9316 | NAWAL KISHOR3E PRASAD MEMORIAL TRUST | 53/2018 | 10.05.2023 |
| 23 | JH01AF-3258 | GREEN LAND PUBLIC SCHOOL | 54/2018 | 19.05.2023 |
| 24 | JH01AF-3259 | GREEN LAND PUBLIC SCHOOL | 55/2018 | 19.05.2023 |
| 25 | JH01AY-7662 | JAY SINGH YADAV( DAV PUBLIC SCHOOL HEHAL ) | 64/2018 | 07.06.2023 |
| 26 | JH01AY-7661 | JAY SINGH YADAV( DAV PUBLIC SCHOOL HEHAL ) | 65/2018 | 07.06.2023 |
| 27 | JH01AY-7663 | JAY SINGH YADAV( DAV PUBLIC SCHOOL HEHAL ) | 66/2018 | 07.06.2023 |
| 28 | JH01BT-7979 | HILL VIEW NURSING SCHOOL | 69/2018 | 12.06.2023 |
| 29 | JH01AU-6543 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 72/2018 | 12.06.2023 |
| 30 | JH01BB-9296 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 73/2018 | 12.06.2023 |
| 31 | JH01CV-6143 | MRS.SHAILBALA LAKRA(LORETO CONVENT SCHOOL) | 74/18 | 20.06.2023 |
| 32 | JH01CV-2736 | MRS.SHAILBALA LAKRA(LORETO CONVENT SCHOOL) | 75/18 | 20.06.2023 |
| 33 | JH01CY-8578 | MRS.MITALI YADAV ( DAV PUBLIC SCHOOL PUNDAG) | 76/18 | 20.06.2023 |
| 34 | JH01BR-9837 | TENDER HURT SCHOOL TUPUDANA | 77/18 | 20.06.2023 |
| 35 | JH01CB-0282 | JUDITH ANNE BEALE (ST ANTHONYS HIGHER SECONDARY SCHOOL ) | 107/18 | 16.07.2023 |
| 36 | JH01CU4883 | PARUL BALA DEVI ( HOLY CHILD SCHOOL) | 119/18 | 27.07.2023 |
| 37 | JH01AJ-6657 | SETHI TRANSPORT (DAV NANDRAJ ) | 121/18 | 22.08.2023 |
| 38 | JH01AJ-6658 | SETHI TRANSPORT (DAV NANDRAJ ) | 122/18 | 31.08.2023 |
| 39 | JH01AJ-6656 | SETHI TRANSPORT (DAV NANDRAJ ) | 123/18 | 31.08.2023 |
| 40 | JH01AN-5166 | JAIN TRAVELS( JAWAHAR VIDYA MANDIR) | 134/18 | 31.08.2023 |
| 41 | JH01CZ-4848 | BHOLA NATH RAI( ST MARYS (N) SCHOOL | 137/18 | 20.08.2023 |
| 42 | JH01BA-0480 | ASHISH TRAVELS (SURENDRA NATH CENTENARY SCHOOL) | 144/18 | 18.09.2023 |
| 43 | JH01AA-7526 | M/S AYUSH EDUCATIONAL SPVT LTD | 148/2018 | 27.09.2023 |
| 44 | JH01AS-5672 | MAHARSHI NIKHILESH SEVA SANSTHA | 150/2018 | 25.09.2023 |
| 45 | JH01AD-1951 | MRS.ANITA KUJUR(OXBRIDGE SCHOOL MANDAR) | 151/2018 | 25.09.2023 |
| 46 | JH01BT-3197 | MR.DEVENDRA PRASAD SINHA(DPS SCHOOL) | 160/2018 | 04.10.2023 |
| 47 | JH01BD-4779 | MR.SURENDRA NATH MAHTO(DEEP SHIKHA SCHOOL BUNDU) | 165/2018 | 23.10.2023 |
| 48 | JH01BD-4894 | MR UJJWAL KUMAR (DAV PUBLIC SCHOOL) | 180/2018 | 13.12.2023 |
| 49 | JH01BD-6068 | MRS.NEHA AGRAWAL(DAV PUBLIC SCHOOL) | 181/2018 | 13.12.2023 |
| 50 | JH01BD-6474 | MR KUMAR NISHANT AGRAWAL(DAV PUBLIC SCHOOL) | 182/2018 | 13.12.2023 |
| 51 | JH01BA-9116 | MR.AMIT KUMAR MEHTA (ST FRANCIS SCHOOL BANHORA) | 185/2018 | 26.12.2023 |
| 52 | JH01CK-5842 | JHARKHAND PUBLIC SCHOOL DAKRA | 186/2018 | 30.12.2023 |

अतः उपरोक्त सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है, वो अपना परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरूद्ध मोटनवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव
द0छो0प्रा0परि0 प्राधिकार, रांची

PR 315885 Transport (23-24)_D

## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य ए.के. मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात् वहाँ उपस्थित सभी शिक्षकों और बच्चों ने भी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम भी संपन्न हुए जिसमें स्वामी विवेकानन्द की जीवनी पर आधारित लघुप्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ। तन्मय रितेश विनायक और नमन ने कविता वाचन कर सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। अर्चिषा एवं मयंक ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर ओजस्वी भाषण देकर सभी छात्रों को स्वामी विवेकानन्द के दिखाये जीवनपथ पर चलने के लिये प्रेरित किया। कक्षा छठी एवं सातवीं कक्षा के छात्रों ने आदर्श एवं प्रेरक नाटक के मंचन के साथ मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने छात्रों को राष्ट्रीय युवा दिवस के उद्देश्य तथा महत्व समझाते हुये स्वामी विवेकानन्द के जीवन जीने की कला को जानने तथा उस राह पर चलने के लिये प्रेरित किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय मे समस्त कक्षाओं के मध्य हमारी वेशभूषा हमारा गौरव प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें चयनित सभी छात्रों को प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा के करकमलों से प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## ओपन डे के साथ फूलों की बगिया से महक उठा डीएवी सीएफआरआई



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के प्रतिष्ठित विद्यालय डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, धनबाद में सत्र 2023- 24 के लिए शीतकालीन अवसर पर द्वितीय ओपन डे का आयोजन स्कूल की प्रभावशाली प्राचार्या महुआ सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फूल दोस्त की तरह है, वे आपके जीवन में खुशी और रंग लाते हैं, ठीक इसी तरह बच्चे भी फूलों की तरह होते हैं, जिन्हें करीब से महसूस और समझने की जरूरत है। एक न एक दिन उनके अंदर की प्रतिभा बाहर आएगी तथा निखरेगी। इस खुले दिवस के अवसर पर कक्षा दसवीं एवं 12वीं के अभिभावकों को उनके बच्चों का प्री बोर्ड का रिजल्ट दिया गया। साथ ही उत्तर पुस्तिका भी दिखाई गई। वहीं दूसरी ओर एलकेजी से कक्षा 2 तक के अभिभावकों को उनके बच्चे के विकास क्रम को बताते हुए कम्युलेटिव कार्ड दिया गया तथा कक्षा 3 से 9वीं एवं 11वीं के अभिभावकों को उनके बच्चों की PT-2 की उत्तर पुस्तिका दिखाई गई तथा इसके पूरक अभिभावकों एवं शिक्षकों के मध्य बच्चों के व्यवहार, रुचि, संगति आदि के संबंध में भी बातचीत हुई,जिससे शिक्षकों को बच्चों को करीब से जानने का अवसर मिला एवं शिक्षकों ने बच्चों की कमियों को भी रेखांकित किया जिसे सुन अभिभावक गण प्रसन्न हुए।दूसरी ओर विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी के साथ-साथ पुष्प प्रदर्शनी का भी आयोजन रखा गया। इस प्रदर्शनी में प्राइमरी से लेकर 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी अपनी रुचि से संबंधित ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन किया जिसे देखकर अभिभावकों को बहुत अच्छा लगा साथ ही वे विद्यालय के इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## स्कॉलर बीएड कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नेहरू युवा केन्द्र गिरिडीह के द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत राष्ट्रीय युवा दिवस के आयोजन शुक्रवार को स्कॉलर बीएड कॉलेज बनहती में किया गया। वही कार्यक्रम का उद्घाटन ज़िला खेल पदाधिकारी अर्जुन बारला, प्राचार्य शालिनी खवाला, लेखापाल नैयर परवेज, पप्पू कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। वही दीपप्रज्वलन के बाद स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर पुष्पांजलि की गई। साथ ही 27 वां युवा महोत्सव महाराष्ट्र के नाशिक में आयोजित प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के बातों को प्रतिभागियों ने ऑनलाईन टेलीकास्ट के माध्यम से देखा। वही ज्वाला युवा क्लब के द्वारा प्रतिभागियों ने नृत्य प्रस्तुत किये। साथ ही ज़िला स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रपात करने वाली स्वेता कुमारी ने भी अपनी बातों को रखी। वही कार्यक्रम का संबोधन में स्कॉलर बीएड की प्राचार्य शालिनी खवाला ने कहा की स्वामी विवेकानंद का जीवन राष्ट्रभक्ति, अध्यत्मिकता, कर्मठता के लिए सदैव प्रेरित करता है। उन्हें महान विचार और आदर्श देशवासियों का मार्गदर्शन करते रहेगें। साथ ही जातिवाद व सामाजिक आडंबरो के प्रखर आलोचक व सामाजिक समरसता कर विवेकानंद पक्षधर थे। वही नृत्य का अच्छा परफॉर्मेंस को देखते हुए प्रतिभागियों को कप देकर समानित किया गया।

## विगत वर्ष की विजेता टीम पाकुड़ को हरा कर धनबाद की टीम ने किया फाइनल में प्रवेश

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 के पुरुष वर्ग में सरायकेला खरसावां को हराते हुए सेमी फाइनल में प्रवेश किया एवं विगत वर्ष की विजेता टीम पाकुड़ को टाई-ब्रेकर में 4-3 से हराया।

## दिसम्बर माह तक 8.79 लाख से ज्यादा जुर्माना वसूले

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेषन परिसर को स्वच्छ रखने हेतु हर संभव कदम उठा रही है और यात्रियों से ट्रेनों एवं स्टेषन परिसर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपेक्षा करती है। फिर भी कुछ यात्रियों द्वारा ट्रेनों एवं स्टेषन परिसर में गंदगी फैलाते हैं । इसे रोकने हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से जुर्माना भी वसूल किया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक कुल 3831 यात्रियों को ट्रेनों एवं स्टेषन परिसर में गंदगी फैलाते हुए पकड़ा गया तथा उनसे जुर्माने के रूप में08 लाख 79 हजार 600 रूपये वसूल किये गये । जबकि केवल दिसम्बर माह में पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेषन परिसर में गंदगी फैलाते हुए 389 यात्रियों को पकड़ा गया तथा उनसे जुर्माने के रूप में 82 हजार 200 रुपये वसूल किये गये ।

## जनता दरबार : उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

# जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त

### समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।

जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, स्वास्थ्य, मुआवजा, सरकारी जमीन पर कब्जा, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, आर्म लाइसेंस समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## उपायुक्त ने ईवीएम मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने समाहरणालय परिसर से ईवीएम मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर लोगों को मतदान करने और उसकी प्रक्रिया के प्रति जागरुक करने के लिए डेमोंसट्रेशन वैन तैयार किया गया है। इसमें ईवीएम मशीन, वीवीपैट के साथ एलईडी टीवी भी है।

यह वैन सभी छह विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों में जाकर लोगों को ईवीएम, वीवीपैट की जानकारी देगा। साथ ही लोगों को बताया जाएगा कि यह मशीन कैसे काम करती है। इस मौके पर प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी भी उपस्थित थे।

## छम छम किन्नर ने किया 500 कंबल, अनाज, राशि व वस्त्र का वितरण



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर ने अपने आवास जामाडोबा के अलावे भौरा,झरिया सिंदरी, बस्तकोला आदि जगहों पर शुक्रवार को सैकड़ो गरीबों के बीच कंबल वितरण के अलावा अनाज राशि और कई तरह का वस्त्र का वितरण किया। इस संबंध में छम छम देवी ने बताई की कड़ाके की ठंड में गरीब ठिठुर रहे हैं इसे देखते हुए किन्नर समाज ने हर वर्ष की तरह इस बार भी लगभग 500 कंबल और राशि व वस्त्र गरीबों के बीच विभिन्न स्थानों पर बांटा गया जिससे गरीबों को कुछ राहत मिल पाई है। किन्नर समाज हमेशा गरीब तबके के लोगों को मदद पहुंचाने का काम करते आई है और बीच-बीच में महाभोज का आयोजन कर कुष्ठ रोगियों को भोजन भी कराया जाता है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस व एयरपोर्ट डे पर

# धनबाद एयरपोर्ट मिशन ने धनबाद में एयरपोर्ट की मांग को लेकर निकाला शोभायात्रा, की आम सभा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** स्वामी विवेकानंद की जयंती ÷युवा दिवस÷ एवं एयरपोर्ट डे पर मिशन एयरपोर्ट के सदस्य एवं विभिन्न संगठनों से गणमान्य के धनबादवासियो ने शपथ ग्रहण करके शोभायात्रा (पदयात्रा) धनबाद एयरपोट से दिन के ग्यारह बजे निकाला।पदयात्रा को मिशन एयरपोर्ट के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने झंडा दिखाकर शुरुआत की। धनबाद मे नये एयरपोर्ट की मांग को लेकर और नारा लगाते हुए पदयात्रा धैया होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंची।




पदयात्रा मे सचिव अनिल जैन, सोमनाथ पुर्थी, पप्पू सिंह, पूजा रत्नाकर, ललिता सिंह, उदय प्रताप सिंह, वैभव सिन्हा, युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप सिंह, मिहिर दत्ता, मंटू सिंह, विनोद मिश्रा, संजीव राठौर, कंचन मंडल, गौतम मंडल, मंजीत सिंह, मनोज सिंह, टिंकू सरकार, रामशंकर बराट, पिंटू स्वर्णकार, टिंकू चौधरी, मनोज उपाध्या, डॉ आर के शर्मा, शिवबालक पासवान, ममता बनर्जी, मनोज मिश्रा, गोपाल गुप्ता, शेखर सिंह, सुदीप दत्ता, मिलन सिंह, ग्रामीण एकता मंच के रंजीत सिंह, रितेश कुमार, संतोष कुमार, प्रकाश डे आदि थे। पदयात्रा रणधीर वर्मा चौक पर पहुंचकर आमसभा मे तब्दील हो गयी। आमसभा की अध्यक्षता मिशन एयरपोर्ट के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने किया तथा संचालन पप्पू सिंह ने किया।

## नगर निगम टोल बूथों की मनमानी से चैंबर नाराज, उपायुक्त, विधायक व नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** नगर निगम टोल बूथों की मनमानी से नाराज चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के कार्यकारी सदस्यो ने शुक्रवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए टोल कर्मियों की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए करवाई की मांग की, चैंबर के सदस्यो ने ज्ञापन के माध्यम से तय शुल्क के ऊपर अवैध वसूली का मामला प्रकाश में लाया। एक ज्ञापन माननीय विधायक एवं नगर आयुक्त को भी देकर स्तिथि से अवगत कराया गया। अध्यक्ष राहुल बर्मन ने संवेदक के दोषी पाए जाने पर उचित करवाई की मांग की और टोल कर्मी अपनी अवैध वसूली तत्काल बंद करे, सचिव विकाश गुप्ता ने कहा की प्रशासन यह सुनिश्चित करे की सभी टोल बूथों पर रेट चार्ट एवं हेल्पलाइन नंबर आवश्यक रूप से होर्डिंग लगाकर अंकित करे जिससे की अवैध वसूली बंद हो। मौके पर कोषाध्यक्ष गोपाल दास भादानी, कार्यकारी सदस्य राहुल कुमार,सुदीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं ने युवा दिवस के मौके पर निकाली रैली, शामिल हुए विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज की ओर से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। कॉलेज से महुदा मोड़ होते हुए तेलमचो तक रैली निकल गया। जिसमें बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह, सहायक आचार्य के प्रखंड सचिव साजिद शेख, कॉलेज के सचिव एस. हुसैन, प्राचार्य एस. कुमार, उपप्राचार्य प्रेम कुमार, शिक्षकों में भागीरथ सिंह, राहुल राय, ममता



कुमारी, करुणा कुमारी, कमला कुमारी, राहुल कुमार ठाकुर, कार्तिक कुमारी, जनार्दन पाठक आदि उपस्थित, एम.जी.एम हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार महतो, सहयोगी शिक्षक अनुज महतो, स्वाभिमान संस्था के संचालिका सुषमा देवी, टोटल सॉल्यूशन के संचालक दुर्गा रवानी, ज्ञान भारती का प्रधानाध्यापक संजीव सिंह, समाजसेवी संजीत सिंह, ब्रामदेव ठाकुर, सुरेश गोप आदि शामिल हुए।

## स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती पर युवा समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पुटकी :** विवाह मंडप पुटकी 2 नंबर में ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस सह स्वामी विवेकानंद के 161 वीं जयंती के अवसर पर युवा समारोह की आयोजन ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के उपाध्यक्ष हेमंत कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में की गई तथा संचालन सचिव भोला नाथ राम द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंचासीन में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉ काशी नाथ चटर्जी, ज्ञान विज्ञान समिति से रवि सिंह, विकाश कुमार ठाकुर, राजनारायण तिवारी,रत्ना सिन्हा, मैत्री गुप्ता व सुमित्रा महतो उपस्थित थी।सर्व प्रथम स्वामी विवेकानंदजी के तस्वीर



पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्यरूप से भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. काशी नाथ चटर्जी द्वारा संबोधन में कहा कि आज भारत ज्ञान विज्ञान समिति पूरे देश भर में स्वामी विवेकानंद जी के जयंती को युवा दिवस के रूप मना रहें है, इसी के तहत जिला इकाई धनबाद द्वारा किया गया।

स्वामी विवेकानंद महान विचारक, युग परिवर्तक एवं सभी युवाओं के प्रेरणा स्रोत है। तथा इसके साथ गांव को जाने गांव को बदलें को लेकर संवाद आयोजन की गई। स्वामी विवेकानन्द अपने जीवन काल में गांवों के विषय पर चर्चा किया किए की अंतिम लोगों तक चिंतन किए , इसलिए गांव को जानें गांव को बदलें पर लगातार साथियों द्वारा कार्य किया गया। इसी संवाद को लेकर आगामी 19 जनवरी से 21 जनवरी 24 तक भारत ज्ञान विज्ञान समिति के 11 वीं राष्ट्रीय सम्मेलन धनबाद में आयोजित है, इस पर चर्चा की जाएगी।

इसके साथ जिले के बाघमारा, बलियापुर, धनबाद, गोविंदपुर, तोपचांची,टुंडी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के 40 साथियों को गांव को जाने गांव को बदलें के कार्यो को लेकर प्रसस्ति पत्र व कलम देकर सम्मानित किया गया।

## 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** युवा दिवस और ठंड को देखते हुए शुक्रवार को भिस्ती पाड़ा में राजद नेता प्रमोद यादव और उनकी पत्नी उर्मिला देवी के द्वारा जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरित किया गया। मौके पर कांग्रेस नेता मनोज हाड़ी, कांग्रेस नेता मृत्युंजय सिंह, शिप्रा दत्ता, बबलू यादव, जेएमएम नेता ऋतिक राना, उमा शंकर पासवान शामिल थे। उर्मिला देवी ने कहा कि वार्ड नंबर 27 में हर साल की तरह इस साल भी जरूरत मंद लोगो को 100 से अधिक कंबल बाटा गया। कांग्रेस नेता मनोज हाड़ी ने भी ठंड को देखते हुए इस तरह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम की सराहना किया।

## तिरुपति में आयोजित स्वस्थ्य गांव कार्यशाला में भाग लेंगे कपिलो मुखिया मुकेश यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के कपिलो पंचायत के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित मुखिया मुकेश यादव का आंध्रप्रदेश के तिरूपति में अयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यशाला में भाग लेने के लिए चयन किया गया है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार ने पुरे राज्य से मात्र नौ मुखियाओं का चयन किया है, जिसमें गिरिडीह जिला से दो मुखिया का चयन किया है, जो सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए नौ थीम में



से एक थीम स्वस्थ्य गांव पर तिरुपति में आयोजित कार्यशाला में भाग लेंगे।

जिसमें बिरनी प्रखंड के ग्राम पंचायत कपिलो मुखिया मुकेश यादव एवं बगोदर प्रखंड के तिरला पंचायत के मुखिया सरिता देवी का चयन किया गया है। उक्त दोनों मुखिया 18 से 20 फरवरी तक तीन दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने तिरूपति जाएंगे।

विदित हो कि उत्कृष्ठ कार्य के लिए ग्राम पंचायत कपिलो के मुखिया राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होते रहें है और इस क्रम में लगातार वे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर ग्राम पंचायत कपिलो का नाम पूरे देश में रौशन कर रहे हैं।

## स्वामी विवेकानन्द जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम भलुआ में स्थित सीमा लक्ष्मण शाक्य नेशनल प्लस 2 उच्च विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं निर्देशक ज्ञानचंद पंडित एवं विजय कुमार गिरि तथा बाल संसद के पदाधिकारियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस बीच प्रधानाध्यापक ज्ञानचंद पंडित ने कहा कि सभी बच्चों को स्वामी विवेकानंद के बताए मार्गो पर चलने की आवश्यकता है। साथ हीं उन्होंने



कहा कि स्वामी विवेकानंद के अनुसार वे मानते थे कि उन्हें गर्व है कि वे उस देश से हैं, जिसने सभी धर्मो को शरण दी है, उन्हें गर्व है कि वे ऐसे धर्म से हैं, जिसने पूरी दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का ज्ञान दिया। वे विश्व के सभी धर्मो को बराबर सम्मान देते थे। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार नवम वर्ग की छात्रा सीता कुमारी, द्वितीय पुरस्कार रोहित यादव एवं तृतीय पुरस्कार दशम वर्ग के छात्र सच्चिदानंद कुमार वर्मा को प्रदान किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है : सुरेश चंद्र पांडे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई। दीप प्रज्वलन एवं स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। नर सेवा नारायण सेवा का आदर्श वाक्य हमारे लिए अनुकरणीय है। उतिष्ठत जाग्रत,दरिद्र देवो भव जैसे आदर्श वाक्य हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। भारतीय सनातन धर्म संस्कृति को विश्व पटेल पर सर्वोच्च सम्मान एवं स्थान स्वामी जी द्वारा दिया गया है। अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में उनके द्वारा प्रस्तुत ओजस्वी भाषण आज भी अनुकरणीय है। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र श्री अरविंद कुमार ने कहा हमें मेहनत के बल पर आगे बढ़ाना है। भारत का विकास एवं समृद्धि हमारी मेहनत पर निर्भर करता है। जब हम शिक्षित एवं विकसित होंगे तब जाकर हमारा राष्ट्र विकसित होगा। श्री गणेश साहू ने कहा स्वामी विवेकानंद एक महान पुरुष है ।उनके पद चिन्ह पर हमें चलने की आवश्यकता है ।उनके आदर्श विचार को हृदयंगम करने की आवश्यकता है। आज किस कार्यक्रम में सभी भैया बहन एवं आचार्य भगिनी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन का आयोजन नगर भवन, सिमडेगा में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सिमडेगा सिविल सर्जन डॉ. अजित खलखो, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, रांची से प्रवीण जैन, डॉ. सी. ए. खाखा, जिला के सभी चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम शुरुआत से पहले मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

# सरस्वती शिशु कैरो में स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती युवा दिवस के रूप में मनाया गया

## अध्यात्म विद्या और भारतीय दर्शन के बिना स्वामी जी ने विश्व को अनाथ माना था : प्रधानाचार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 12 जनवरी शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो मे स्वामी विवेकानंद जी की 161 वीं जयंती समारोह युवा दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय प्रवंध समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार व डा0 भोला प्रसाद एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका, भैया बहनो के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने कहा कि आज ही के दिन स्वामी विवेकानंद जी का जन्म सन्न 1863 मे हूआ था। इनका



बचपन का नाम नरेन्द्र दत था वे बचपन से ही तीव्र बुद्धि वाले और परमात्मा को पाने की लालसा थी। स्वामी जी स्वय भूखे रहकर अतिथि का सत्कार करते थे। वे 25 वर्ष की आयु से ही गेरुवा वस्त्र पहनकर पूरे भारत की पैदल यात्रा की। सन्न 1893 मे अमेरिका के शिकागो शहर मे विराट धर्म सम्मेलन हूआ जहाँ स्वामी जी पहुँचकर भारत का प्रतिनिधित्व किया। उक्त सम्मेलन मे विश्व के कोने कोने से प्रकांड विद्वान पहुँचे थे। स्वामी जी की बोलने का मौका एक अमेरिकी प्रोफेसर की पैरवी से जब मिली और स्वामी विवेकानंद जी धर्मसंसद मे बोलना शुरु किया तब सभी हक्के बक्के रह गए। उस उद्बोधन के पश्चात स्वामी जी की अमेरिका मे जय-जय कार होने लगी और देखते ही देखते अमेरिका मे स्वामी जी की हजारों शिष्यो की एक लम्बी फौज खड़ा हो गया। प्रधानाचार्य ने कहा की स्वामी जी का मानना था कि अध्यात्म विद्या और भारतीय दर्शन के बिना विश्व अनाथ हो जायेगा एसा स्वामी जी का द्रढ़ विश्वास था। आज के उक्त कार्यक्रम मे विद्यालय के देवा उराँव, नारायण कुमार, रामधारी जी, गणेश कुमार शीला जी प्रभा जी एवं सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# जलडेगा के पतिअम्बा में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने लोगों को दिलाया विकसित भारत राष्ट्र बनाने का संकल्प

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के पतिअम्बा पंचायत में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार का कार्यक्रम में महिला समूहों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पारम्परिक एवं भव्य तौर पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की तादाद में मौजूद लोगों को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। इस दौरान उन्होंने कहा की मौजूदा मोदी सरकार भारत के प्रत्येक नागरिक के बारे में सोचती है एवं सरकार का लक्ष्य है की विभिन्न योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लाभुकों को देते हुए शत प्रतिशत उनके जीवन स्तर को ऊपर लाना है जिससे विकसित भारत के सपने को



साकार किया जा सके। मौके पर केंद्रीय मंत्री ने भारत सरकार की अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, उज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें इन सभी का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पतिअम्बा पंचायत को भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार के द्वारा डिजिटल इण्डिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण के अंतर्गत 99 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण करने पर मुखिया बिमला देवी और पाहन सनिका को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर कृषि विभाग के द्वारा अनुदान पर लाभुकों को ट्रेक्टर दिया गया वहीं बैंक ऑफ़ इंडिया जलडेगा शाखा के द्वारा लाभुकों को केसीसी ऋण प्रदान किया गया वहीं उज्वला योजना के तहत अर्जुन मुंडा से गैस कनेक्शन लेते हुए लाभुक ने खुशी से मुंडारी में मोदी सरकार का आभार जताते हुए कहा की अब उसे जहरीले धुएँ से मुक्ति मिलेगी।

# युवाओं का प्रेरणास्रोत थे स्वामी विवेकानन्द : सुदेश्वर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की 162 वीं जयंती धुम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यलाय के प्रबंध सनीति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू,सदस्य प्रतिमा देवी एवं पूर्व क्षात्र सत्यांश देव के द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर कार्यक्रम पररम्भ किया गया। वही विद्यालय प्रबंधसमिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू ने कहा ने भैया बहनों और आचार्य आचार्या को सम्बोधित करते कहा कि स्वामी विवेनन्द युवाओं के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन के लिये कहा था की उठो जागो और लक्ष्य प्राप्त करो साथ ही कहा कि अमेरिका के शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन के दौरान हिन्दू धर्म के बारे में स्वामी जी व्यख्यान दिये थे। जिसे पूरे विश्व मे हिन्दू धर्म का डंका बजा था। वही




सदस्य प्रतिमा देवी ने विवेकानंद की जीवनी पर विस्तार पूर्वक बताते हुए छात्र छात्रओं से कहा कि जिस तरह स्वामी विवेनन्द जी भारतीय संस्कृति एवं भारतीय परंपरा का नींव रखा जिसे अक्षुण बनाये रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्ववर्ती लगभग 20 छात्र भी उपस्थित थे। जिन्हें प्रबंधसमिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहु तथा सदस्य प्रतिमा देवी द्वारा संयुक्त रूप से विद्या विकास समिति के द्वारा प्रकाशित उत्सर्ग पत्रिका दे कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष श्री साहु ने विशेष आग्रह करते हुए सभी से कहा कि प्रत्येक घर मे स्वामी विवेकानद की तस्वीर अवश्य होनी चाहिये। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के प्रतिरूप में कक्षा प्रथम का भैया सागर कुमार ने विवेकानन्द का मनमोहक स्वरूप धारण कर सबको मोहित कर मनमोहक रूप में नज़र आया। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी द्वारा सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया गया। मौके पर प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, मीना देवी, संध्या कुमारी, डॉली कविता, प्रेमशीला उराँव, प्रीति देवी, जयप्रकाश सिंह सहित सभी आचार्य आचार्या व भैया बहन उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीष शेखर, कुड़ू प्रखंड अध्यक्ष सरजू साहू व मीडिया प्रभारी आदित्य साहू शामिल हुए। जयंती की शुरुआत भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीष शेखर, प्रधानाचार्य मनोहर मोदी एवं आए हुए सभी अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर वक्तव्य के लिए विभिन्न कक्षा के भैया-बहनों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अपने अभिभाषण में कहा की भारत युवाओं का देश है,इस देश की बहुत बड़ी जनसंख्या युवा है, यह गर्व की बात है। आज युवा दिवस के दिन सभी




विद्यार्थियों को देश को आगे बढाते हुए विकासशील से विकसित की ओर ले जाना है, इसका संकल्प लें। हम स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्श को चरितार्थ कर देशहित व देश सेवा में अपने को लगाएं। इन्होंने भारत माता की जय के साथ अपने संबोधन समाप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने स्वामी विवेकानंद के बचपन के जीवन का वर्णन कर भैया बहनों को प्रेरित किया। उन्होंने एक साधारण बालक के नरेंद्र दत्त से स्वामी विवेकानंद बनने के पीछे की कहानी को बतलाया। स्वामी विवेकानंद को 1893 में विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो में महज 2 मिनट का समय दिया गया था,स्वामी अपने संबोधन अमेरिका के भैया बहनों के साथ शुरू कर उपस्थित प्रतिनिधियों के बीच भारत के सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व बहुत सुंदर ढंग से कर सभी को प्रभावित किया।

### एमबी डीएवी विद्यालय में युवा दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में धर्म शिक्षक जे मेहेर द्वारा युवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सर्वज्ञात है कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर भारत सरकार द्वारा हर वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। स्वामी विवेकानंद के विचारों, आदर्शों और जीवन शैली के द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए देश के भविष्य को बेहतर बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिये राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को मनाने का फैसला किया गया था। इस सुलक्ष्य को समक्ष रखते हुए विद्यालय में युवा दिवस मनाया गया।

# ग्राम स्वराज संस्थान ने बाल विवाह मुक्त जिला बनाने को लेकर चलाया अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान से झारखंड राज्य के तीन जिले लोहरदगा, गुमला और गढ़वा में एक्सेस टु जस्टिस (न्याय तक पहुंच) कार्यक्रम अंतर्गत बाल विवाह मुक्त जिले बनाने पर मुहिम चलाई जा रही है जिसमे सभी सरकारी पदाधिकारियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जिला समाज कल्याण, बाल संरक्षण विभाग, बाल कल्याण समिति, जिला शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, सिविल सोसाइटी संस्थान, जे. एस.एल. पी. एस के पदाधिकारियों, कैडर टीम, पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों एवं फ्रंट लाइन वर्कर के संयुक्त से प्रयास से कार्य किया जा रहा है। जिसमे पूरे भारत वर्ष में बाल विवाह मुक्त भारत मे एक मुहिम चलाई जा रही है जिसमे 28 राज्यों में कुल 4 करोड़ लोग बाल विवाह नही करने का शपथ लिया है और 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए अग्रसर है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 353 ग्रामों में 260000 लोगो के द्वारा बाल विवाह नही करने पर शपथ, 89 ग्रामो को ग्राम सभा कर बाल विवाह मुक्त ग्राम घोषित ,25 बाल विवाह पर रोक,30 ट्रैफिक बच्चो के पुनर्वास एवं 85 पोक्सो के पीड़ितों को सहयोग किया जा रहा है। इस मुहिम में जिले के समाज कल्याण पाधिकारी श्रीमती सीता पुष्पा का काफी योगदान रहा है और उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन स्के कंट्री हेड श्री रविकांत जी के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया है जो की लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के सचिव श्री सी पी यादव, प्रोग्राम मैनेजर श्री विक्रम कुमार की उपस्तिथि में सौपी गयी एवं उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए बधाई दी।

# अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत गडरपो पंचायत के सेमरा गांव में शुक्रवार को अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेमरा के युवाओं की टोली घर-घर जाकर लोगों के बीच पूजित अक्षत का वितरण कर निमंत्रण दिया। इस दौरान श्रीराम समिति, बजरंग दल के अलावे विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने लोगों को आगामी 22 जनवरी के दिन अयोध्या में हो रहे रामलाल की प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दूरदर्शन में देखने तथा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान युवाओं ने कहा की 22 जनवरी के दिन सेमरा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें गांव के सभी सरना-सनातन धर्मावलंबियों की उपस्थिति अनिवार्य है। साथ ही लोगों ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के दिन नगर भ्रमण का भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर श्रवण साहू, बिंदेश्वर महतो, चंदन गुप्ता, शिबू लोहरा, पीयूष कुमार, विशाल कुमार, अर्जुन यादव, कलावती कुमारी, लीलावती कुमारी, हीरामनी उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# हाथियों के दहशत से ग्रामीण परेशान झापा नेता संदेश एक्का पहुंचे गांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जंगली हाथी के आतंक और उत्पात से ग्रामीण परेशान है। जलडेगा प्रखंड के चीरोपानी गांव में हाथियों के दहशत से ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों की परेशानी देख झापा नेता संदेश एक्का गांव पहुंचे और गांव में डेरा डालें हाथियों को खदेड़ने का कार्य शुरू किया। झापा नेता ग्रामीणों के साथ मिलकर हाथियों को जंगल की ओर भागने का प्रयास कर रहे हैं। इधर झापा नेता संदेश एक्का ने हाथी भागने वाले ग्रामीणों के लिए जंगल में ही नाश्ते एवं भोजन का भी प्रबंध किया ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो। उन्होंने वन विभाग के पदधारियो से ग्रामीणों को हुए नुकसान का मुआवजा देने की भी अपील की। झापा नेता ने वन विभाग पर लापरवाही का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई बार सूचना देने के बावजूद वन विभाग के कर्मी और अधिकारी हाथियों को बढ़ाने के लिए नहीं आ रहे हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहां की जिले के वरीय अधिकारी मामले पर संज्ञान लेते हुए वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मियों को स्पष्ट दिशा निर्देश देने का कार्य करें ताकि ग्रामीणों को हाथियों के कारण हो रहे नुकसान से निजात मिल सके। कहा कि जलडेगा, ठेठईटांगर, बानो, बोलबा, बांसजोर आदि प्रखंड के गांव हाथी के आतंक के कारण दहशत में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी ग्रामीण के सहयोग के लिए 24 घंटे तैयार है। इधर झापा नेता के सहयोग पर ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया है।

# विवेकानंद जी की मूल विचार को आत्मसात कर उसे आगे बढ़ाएं युवा : पशुपति नाथ पारस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस ने युवा दिवस के अवसर पर कहा कि हम सभी युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी की मूल विचारों पर आगे बढ़ाने की जरूरत है विवेकानंद ऐसे व्यक्तित्व जिन्होंने पूरे संसार को मार्ग प्रशस्त किया एवं साथ ही उन्होंने बताया कि हमारे देश की संस्कृति कितना महान है। उसे विश्व पटल पर स्थापित करने का काम किया। विवेकानंद शिक्षा जगत से संबंधित बहुत सारी बातों को बताया उन्होंने अपने वेद के महत्व के बारे में बताया । उन्होंने आश्रम शिक्षा को सर्वोपरि माना था भारत में आश्रम शिक्षा से दूरी बना रहे हैं वहीं विदेशों में लोग उनके पद चिन्ह पर चलकर आश्रम स्कूल खोल रहे हैं। हमारी संस्कृति और पद्धति को अपना रहे। उनके कथन के अनुसार हमें पूजा पाठ किताबी ज्ञान के साथ-साथ आचरण एवं संस्कारों से आगे बढ़ाने की सीख देती है। आज उनके आदर्शों को भी आत्मसात करते हुए हमारे देश



के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी शिक्षा जगत एवं आर्थिक सामाजिक न्यायिक सभी क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रहे हैं। ऐसे में हम सभी युवा को अपनी संस्कृति आत्मनिर्भरता एवं आत्म शक्ति को बढ़ाने की जरूरत है यह योगदान हमारे देश के लिए सर्वोपरि है।

## अविराम में राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

# युवा अपने संवेग को मजबूती बना आगे बढ़े : डॉ. रश्मि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू, लोहरदगा में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला जिसका आयोजन अंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चितता प्रकोष्ठ द्वारा मानव व्हावहार पर सम्वेंगो की शक्ति और प्रभाव विषय पर किया गया। कार्यशाला हाइब्रिड माध्यम द्वारा किया गया जिसके मुख्य संरक्षक इंद्रजीत कुमार, आयोजन सचिव डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, संयोजक पंकज कुमार द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि और रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ रश्मि जी राधा गोविंद यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट एग्जाम कंट्रोलर, रिसर्च कॉर्डिनेटर है एक सौ इक्यावन से अधिक सेमिनार कार्यशाला में प्रतिभाग, एकत्तीस जर्नल पब्लिश है, तीन पुस्तके प्रकाशित हैं उन्होंने कहा कि संवेग नियंत्रण की कला अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह मानव व्यवहार को नियंत्रित करता है अतः क्रोध, ईर्ष्या आदि



समवेगों पर नियंत्रण कर हम सफल बन सकते है। स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं को प्रेरित करता है और संतुलित व्यक्तित्व के कारण ही कोई महान बन सकता है। गूगल फार्म के द्वारा इस कार्यशाला में लगभग एक सौ पचास पंजीयन हुआ जिनका निशुल्क प्रमाणपत्र अजॉय कुमार द्वारा प्रेषित किया जा रहा है। प्रशिक्षुओं ने इस विषय को अत्यंत प्रासंगिक बताया। इस अवसर पर शिव, आफताब, चिनीबास, मनु, कुंदन, रेणुका, ऋ तु,ममता, पवन, अर्चना, प्रियंका, जंगबहादुर आदि उपस्थित थे सभी ने पेपर प्रस्तुत किए।

# इंटर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा सभाकक्ष में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इसमें मुख्य रूप से प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनिमा कुमारी एवं किरण कुमारी की जोड़ी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अजय उरांव एवं अमर उरांव की जोड़ी ने प्राप्त किया। ज्योति प्रिया कुजूर तृतीय स्थान पर रही। लोहरदगा में विद्या भारती विद्यालयों के समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इसके पूर्व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने किया। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत है, उनके अनुसार शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे बच्चों का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास हो। कार्यक्रम का संचालन आरती भगत और धन्यवाद ज्ञापन रश्मि साहू ने किया। अतिथि परिचय व स्वागत प्रीति कुमारी गुप्ता ने कराया। निर्णायक व समय पालक की भूमिका यशोदा कुमारी एवं अर्चना कुमारी ने निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह की कुर्बानी व्यर्थ जाने नहीं देंगे : साकिर हुसैन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** किस्को मुख्य चौक में गुरुवार को शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह की शहादत दिवस शहीद समारोह समिति के अध्यक्ष शाकिर हुसैन अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ शहीद शेख भिखारी एंव टिकैत उमराव सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत गमछा उढ़ाकर एवं माला पहनकर किया गया। साथ ही झारखंड के अलग राज्य की लड़ाई लड़ने वाले झारखंड आंदोलनकारी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहीद समिति के सरपरस्त हाजी शमसुद्दीन ने कहा कि देश की आजादी में शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह ने काफी अहम भूमिका निभाई थी। अध्यक्ष साकिर हुसैन अंसारी ने कहा कि शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह दोनों वीर योद्धा की कुर्बानी व्यर्थ जाने नहीं



देंगे। इन दोनों वीर योद्धाओं के नाम से किस्को में तोरण द्वार लगाने को लेकर पहल किया जा रहा है। उन्होंने कहा सरकार दोनों वीर योद्धा के सम्मान में गंभीरता पूर्वक सम्मान देते हुए सम्मानित करने का कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह के साथ-साथ देश के सभी वीर योद्धाओं के सम्मान में समारोह कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुखिया सुखमनी लकड़ा, इसरार अहमद, अमानत अंसारी, अनंत प्रसाद गुप्ता के अलावा अन्य अतिथियों ने भी शहीदों की कुर्बानी पर अपना-अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह का स्मारक निर्माण को लेकर बालमाकुण्ड लोहरा के द्वारा नारियल छोड़कर शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के उपरांत थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो द्वारा क्षेत्र के गरीब असहाय वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर हाजी यूसुफ अंसारी, भरत गोप, अजीमुद्दीन अंसारी, नेजाम अंसारी, मोहम्मद आलम, शहादत अंसारी, कबीरूद्दीन, अनीस अंसारी, गुलाम जिलानी, मुमताज अंसारी, ताहिर अंसारी, राशिद खान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चलते चलते एक नजर

### झारखंड सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध : सत्यानंद भोक्ता



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है । प्रत्येक ज़िला में खेल पदाधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। प्रखंड स्तर पर खेल प्रतिभाओं और खिलाड़ियों को निखारने का काम किया जा रहा है। प्रतिभान खिलाड़ियों को सरकार प्रोतोसाहित करने का काम कर रही है, उक्त बातें झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने हुसैनाबाद के पथरा शिवपुर के खेल मैदान में आयोजित भाईचार एकता नोक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में कही । सत्यानंद भोक्ता इस फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रुप में शमिल थे, उन्होंने कहा की खेल से शरीर स्वस्थ रहता है, और आपसी भाईचारा बढ़ती है। फाइनल मैच बिहार के नबीनगर बनाम झारखंड के मांडर के बीच खेला गया, मैच शुरु होने के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर, पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ऊर्फ टूटू सिंह, ज़िप सदस्य बरवाडीह लातेहार, संतोषी शेखर, जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने दोनो टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, राष्ट्रीय गीत के बाद मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने फुटबॉल में किक मारकर मैच प्रारंभ करवाया।

### एसजीएफआई अंडर-19 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियां बनी चैंपियन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंजाब के लुधियाना में संपन्न हुए 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 19 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियों ने डंका बजा दिया है। फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम ने पश्चिम बंगाल को 2-1 से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस प्रतियोगिता में शुरू से ही झारखंड की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में पंजाब को 3-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। फाइनल मुकाबले में राज्य की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पश्चिम बंगाल की टीम को पराजित कर दिया। टीम में एलिजाबेथ एक्का(कप्तान), पुष्पा कुमारी(गोलकीपर), संध्या कुमारी(गोलकीपर), रीना कुमारी, कल्याणी कुमारी, अल्फा कंडुलना, ममता कुमारी, रोशनी तिग्गा, श्रेया पूर्ती, खुशबू लिंडा, अर्चना कुमारी, पूजा कुमारी, सनीता कुमारी, नैना कुमारी, रीना टोप्पो, सीमा कुमारी, विनीता कुमारी शामिल थी। झारखंड टीम की इस कामयाबी पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेन ने कहा कि हमारी टीम ने एक योद्धा की तरह पूरे टूर्नामेंट में खेला है और कभी भी अपने जज्बे को नहीं खोया। इस जीत के लिए टीम के सभी सदस्य बधाई के पात्र है।

# युवाओं के लिए आदर्श हैं स्वामी विवेकानंद : अविनाश

### * संत मरियम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** संत मरियम विद्यालय में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। एवं स्कूल के चेयरमैन, प्रधानाध्यापक, उप प्राचार्य एवं शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान स्कूल के बच्चे ने स्लोगन, गायन, संभाषण, लेखन आदि से अपनी प्रतिभा का इजहार किया एवं साथ ही शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं इनके अनमोल विचारों पर प्रकाश डाला। मौके पर उपस्थित विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस है। और ये युवाओं के दिलों एव धड़कनों में अभी भी राज करते है। इसलिए आज हमारा देश बड़े ही गर्व व हर्षोल्लास के साथ स्वामी विवेकानंद जी के जयंती युवा दिवस के रूप में मना रही है। श्री देव ने स्वामी विवेकानंद जी के कई घटनाओं व उनके विचारों पर विचारों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि विवेकानंद अपने विचारो और आदर्शों के लिए पूरी दुनिया मे जाने जाते है।

युवाओं को इनसे हमेशा सिख लेनी चाहिए। आज के नवयुवक मे यह देखने को नहीं मिलती है या हम अपने बच्चों को यह सिखा नहीं पाते कि हमारे विचार हमारे लिए कितना उपयोगी है।

हमारा आदर्श ही हमें एक अलग पहचान बनाती है। और एक अच्छे विचार से हम अपने जीवन को सवार सकते है। साथ ही इन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व मे अपनी अलग पहचान बनाई है यदि स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में अपनायें तथा खुद पे विश्वास रखें तो दुनिया की कोई ताकत हमें सफलता की ओर बढ़ने से नहीं रोक सकती।

आज युवा वर्ग से लेकर बच्चों तक को इनसे सिख लेनी चाहिए और इनके पथ पर चलना चाहिए जिससे कि अपने जीवन को सही दिशा निर्देश दे सके। साथ ही हमें अपने बच्चों को स्वामी विवेकानंद कि उपलब्धियों के बारे मे बतानी चाहिए ताकि इनसे प्रेरणा लेकर एक अच्छा इंसान बन सके तथा बुराई के पथ पर जाने से खुद को रोक सकेंगे। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श उप प्राचार्य एस. बी.शाहा ,शिक्षक शिक्षिकाओं सहित हजारों बच्चे मौजूद थे।

### अग्निवीर वायु के लिए रांची में पंजीकरण 17 जनवरी से

**रांची :** अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण 17 जनवरी को शुरू होगा और छह फरवरी तक चलेगा। इसके लिए इकाई के कमांडिंग ऑफिसर और कर्मचारी 12 से 23 जनवरी तक स्कूलों और कॉलेजों में जागरुकता और प्रेरणा सत्र आयोजित करने के लिए विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। साथ ही भारतीय वायु सेना में नौकरी के अवसरों के संबंध में जानकारी का प्रचार-प्रसार करेंगे। इसका उद्देश्य झारखंड के युवाओं तक पहुंचना और उन्हें नौकरी के अवसर प्रदान करना हैं। कमान अधिकारी विंग कमांडर ए. प्रदीप रेड्डी ने बताया कि अग्निवीर वायु प्रवेश के लिए पंजीकरण 17 जनवरी को 11:00 बजे शुरू होगा।

## जीसीपीए कॉलेज छतरपुर में युवा दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छत्तरपुर :** राष्टीय सेवा योजना के तहत गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, छत्तरपुर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर युवा दिवस कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर साथ ही द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असि. प्रो. अमित कुमार सिंह ने कहा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार केवल भारतीय समाज में नहीं बल्कि समूची दुनिया के लिए मार्गदर्शक हैं। असि. प्रो. अखिलेश कुमार सिंह कहा की छात्र छात्राओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन का अनुसरण करने की आवश्यकता है। प्रो. राजमोहन ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और देश के सभी युवाओं को शिक्षित होना होगा तभी हम युवा को दिवस को सही कहेंगे। वहीं सूर्योदय सर ने कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। छत्तरपुर थाना के एसआई महेंद्र कुमार ने कहा कि जीवन बहुत कठिन है इसे बेकार मत कीजिए। पढ़िए और अपना जीवन को बेहतर एवं शुखमय जीवन जीने के लिए तैयार रहे। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने स्वामी विवेकानंद जी को नमन करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यो को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नकारात्मक सोच जीवन को नष्ट कर देती है। कार्यक्रम संचालन प्रोफेसर राजकिशोर लाल एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. इंदु देवी ने किया । इस दौरान कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर जितेंद्र कुमार, अमित कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, राजमोहन, मुन्नी देवी, अपराजिता प्रकाश, सुनीता कुजूर, सूर्योदय कुमार, इंदु देवी, पंचम कुमार, कृष्णानंद शर्मा सहित कॉलेज के अन्य शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ साथ छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में ज्योति प्रकाश महिला बी.एड कॉलेज की छात्राओं द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया गया।

इस दिवस पर छात्राओं द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें निबंध लेखन प्रतियोगिता , भाषण प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे ।इस मौके पर कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर अनुपमा गुप्ता एवं सभी शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज के प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन युवाओं के प्रेरणा का स्रोत है क्योंकि विवेकानंद ने समाज एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं को विशेष महत्व दिया है।

हम सभी को उनके दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए ।इस मौके पर महाविद्यालय परिवार के व्याख्याता अविनाश कुमार सिन्हा ,सुजीत कुमार विना तिवारी, माया त्रिपाठी, अंजना दुबे, रेखा सिंह तथा सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी आकांक्षा तिवारी, विकास तिवारी सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

# अमृतकाल युवाओं के लिए स्वर्ण युग है : पीएम

### * राष्ट्रीय युवा महोत्सव का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृतकाल को देश के युवाओं के लिए स्वर्ण युग बताते हुए कहा कि आज युवाओं के पास इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का मौका है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। महोत्सव की थीम- विकसित भारत @2047 : युवा के लिए, युवा के द्वारा है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रत्येक वर्ष 12 से 16 जनवरी तक आयोजित किया जाता है। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द की जयंती है। इस वर्ष इस महोत्सव की मेजबानी महाराष्ट्र कर रहा है।इस मौके पर प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए वंशवाद की राजनीति को देश के लिए घातक बताते हुए युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज शीर्ष पांच वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यह युवा शक्ति के कारण संभव हुआ है। पहली बार मतदान करने वाले युवा हमारे लोकतंत्र में नई ऊर्जा और शक्ति ला सकते हैं। उन्होंने कहा,भारत लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जितनी अधिक होगी, देश का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। युवा सक्रिय राजनीति में आएंगे तो वंशवाद की राजनीति कम होगी। वंशवादी राजनीति के कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन से पहले तमाम मंदिरों और तीर्थस्थलों में स्वच्छता अभियान चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा,मैंने आह्वान किया था कि 22 जनवरी तक हम सभी देश के तीर्थ स्थानों की, मंदिरों की साफ-सफाई करें, स्वच्छता का अभियान चलाएं। आज मुझे कालाराम मंदिर में दर्शन करने का और मंदिर परिसर में सफाई करने का सौभाग्य मिला है। मैं देशवासियों से अपना आग्रह फिर दोहराऊंगा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर के निमित्त देश के सभी मंदिरों, तीर्थ क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाएं, अपना श्रमदान करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया आज भारत को एक कुशल कार्यबल वाले देश के रूप में देखती है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा योग और आयुर्वेद के ब्रांड एंबेसडर बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि समय हर किसी को अपने जीवनकाल में एक सुनहरा मौका जरूर देता है। भारत के युवाओं के लिए वो सुनहरा मौका अभी अमृतकाल के रूप में है। आज आपके पास मौका है इतिहास बनाने का, इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का। आप ऐसा काम करिए कि अगली शताब्दी में उस वक्त की पीढ़ी आपको याद करे। आप अपने नाम को भारत और पूरी दुनिया के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिख सकते हैं। इसलिए मैं आपको 21वीं सदी के भारत की सबसे सौभाग्यशाली पीढ़ी मानता हूं। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि आप ये कर सकते हैं। भारत के युवा ये लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। मेरा सबसे ज्यादा भरोसा आप सभी पर, भारत के युवाओं पर है।

### सबको जोड़ रहा रामजी का अक्षत : वीरेन्द्र

**रांची।** श्रीअयोध्या धाम राम जन्मभूमि पूजित अक्षत निमंत्रण अभियान के 12 दिन विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री वीरेंद्र विमल ने कहा कि अपने वनवास काल में रामजी ने संपूर्ण समाज को जोड़ा था। आज उनका अक्षत सभी जाति-पंथ-वर्ग-भाषा-प्रान्त के स्त्री-पुरुष, युवा-बाल और वृद्ध, सबको जोड़ रहा है। सभी रामजी का अक्षत बड़ी श्रद्धा से ग्रहण कर रहे हैं। अक्षत निमंत्रण की टोलियाँ पहुँचने पर भक्तों को ऐसा लग रहा है, मानो स्वयं रामजी ही आ गये हैं। स्थान स्थान पर कार्यकर्त्ताओं का स्वागत आरती, तिलक और पुष्पवर्षा से हो रहा है। माता-बहनें सिर पर पल्लु रखकर आँचल में अक्षत ग्रहण कर कार्यकर्त्ताओं कि चरण स्पर्श कर रही हैं। सर्वत्र जयश्रीराम के उद्घोष से अवनि-अंबर गुंजायमान हो रहा है। हिन्दू समाज को तोड़ने और बाँटने वाले सारे षडयंत्र चकनाचूर हो रहे हैं। आज अक्षत निमंत्रण हेतु नायक टोली तथा हेसल बड़काटोली के जनजातीय परिवारों में जाने का अवसर मिला।

## गढ़वा: युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं स्वामी विवेकानंद : प्राचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा:** स्वामी विवेकानंद की जयंती सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज की एनएसएस इकाई (राष्ट्रीय सेवा योजना) के तत्वावधान में तीन दिवसीय युवा महोत्सव के रुप में मनायी गयी। इस मौके प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। मौके पर रंगोली एवं पेंटिंग में सिमरन सोनी, गीत में रचित गुप्ता एवं नृत्य में मौलिक विश्वकर्मा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताए विचारों को अपनाकर जीवन को सरल और सफल बनाने में मदद मिल सकती है। स्वामी विवेकानंद का पूरा जीवन ही सीख लेने योग्य है। उनके विचारों को सफलता के मूलमंत्र के रुप में जीवन में आत्मसात किया जा सकता है। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि तीन दिवसीय युवा महोत्सव के अर्न्तगत रंगोली, पेंटिंग एवं गायन तथा नृत्य की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम को प्रो. विवेकानंद उपाध्याय, प्रो. उमेश सहाय, प्रो. परवेज आलम, प्रो. अर्जुन प्रसाद, प्रो. अरविन्द गुप्ता, प्रो. राखी चौबे आदि ने संबोधित किया। आयोजित तीन दिवसीय युवा महोत्सव अर्न्तगत रंगोली प्रतियोगिता में सिमरन सोनी प्रथम, सिमरन खातून द्वितीय तथा खुशी कुमारी को तृतीय एवं अभिषेक कुमार सिंह, रजिया प्रवीण को सान्त्वाना पुरस्कार दिया गया। वहीं पेंटिंग की प्रतियोगिता में सिमरन सोनी प्रथम, दीपिका कुमारी द्वितीय, विजया द्विवेदी तृतीय एवं खुशी कुमारी तथा सिमरन खातून को सान्त्वाना पुरस्कार दिया गया। गायन प्रतियोगिता में रचित गुप्ता प्रथम, दीपिका कुमारी द्वितीय तथा लौकिक विश्वकर्मा को तृतीय, मौलिक विश्वकर्मा, प्राची कुमारी, आयुष कुमार को सान्त्वाना पुरस्कार दिया गया। वहीं नृत्य में मौलिक विश्वकर्मा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेन्टो दिया गया। निर्णायक मंडली में प्रो. केबी अंसारी, प्रो. चन्द्र कुमार, प्रो. संजय केशरी शामिल थे।

# ज्ञान निकेतन बेलचंपा और गोविन्द हाई स्कूल फाइनल में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गोविन्द हाई स्कूल ने स्कूल ब्राइट फ्यूचर को 24 रन से तथा ज्ञान निकेतन बेलचंपा ने बीपीडीएवी को सात विकेट से एवं बालिका वर्ग में ज्ञान निकेतन बेलचंपा ने आरके पब्लिक स्कूल को 53 रनो से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

बालिका वर्ग में ज्ञान निकेतन बेलचंपा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिमरन के 45 और सुहानी के नाबाद 33 रनो के सहारे दो विकेट खोकर 110 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी आरके पब्लिक स्कूल ने साक्षी के 16 रन के सहारे निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 47 रनो पर ही सिमट गई। सीनियर वर्ग में गोबिंद हाई स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आकाश के 45 और गोलू के 26 रनो के सहयोग से छह विकेट खोकर 146 रन बनाए।स्कूल ब्राइट फ्यूचर की और से प्रतीक ने तीन विकेट हासिल किया। जवाबी पारी खेलने उतरी स्कूल ब्राइट फ्यूचर की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट खोकर 122 रन ही बना सकी। गोविंद हाई स्कूल की और से गोलू ने तीन विकेट प्राप्त किया। दूसरे सेमी फाइनल में बीपीडीएवी ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 72 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान निकेतन ने तीन विकेट खोकर जीत हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन की सिमरन, गोबिंद हाई स्कूल के गोलू को संघ के उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ज्ञान निकेतन के सिमरन को जायंट्स सहेली की पूर्व अध्यक्ष लता गुप्ता, रितु जायसवाल, वीणा केशरी, रीमा स्वरुप, अध्यक्ष रंजना जायसवाल ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर लता गुप्ता ने कहा कि उनका सपना था की बेटों की तरह बेटियां भी खेलें। आज बेटियों को मैदान में खेलते देख अपने सपने को पूरा कर रही हूं।

### श्री रामकृष्ण सेवा संघ ने किया कंबल वितरण

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद की जयंती) के अवसर पर शुक्रवार (12जनवरी) को श्री रामकृष्ण सेवा संघ और बासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जोन्हा (गौतमधारा) व आसपास के जरूरतमंदों के बीच कंबल व अन्य उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। कंबल वितरण के बाद समाजसेवी आलोक मजूमदार, सोहिनी मजूमदार और आनंद रंजन घोष के सौजन्य से आसपास के गरीब व लाचार वृद्धजनों (महिला -पुरुष) को दोपहर में भोजन कराया गया। इस अवसर पर बासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन के संस्थापक राजीव चटर्जी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करने से सुखद अनुभूति होती है। वहीं,मौके पर श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव तुषारकांति शीट ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन सदैव समाज के प्रति समर्पित रहा।

# पांकी में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के डंडार कला स्थित मजदूर किसान महाविद्यालय के सभागार में शुक्रवार की दोपहर महापुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्टीय युवा दिवस के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई, सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी उप प्रमुख अमित कुमार चौहान एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दिलीप कुमार राम छात्र नेता अक्षय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के द्वारा सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पंचम प्रसाद ने कहा कि वर्ष 1863 में 12 जनवरी को जन्मे स्वामी विवेकानंद प्रतिभा के धनी, दार्शनिक, भिक्षु और शेष विश्व को वेदांत और योग से परिचित कराने वाले एक प्रभावशाली व्यक्ति थे, उनकी शिक्षा आध्यात्मिक सद्भाव सहिष्णुता और प्रत्येक व्यक्ति में देवत्व की पहचान के सिद्धांतों में गहराइयों से जुड़ी थी।भारतीय इतिहास की पुस्तकों में स्वामी विवेकानंद एक महान व्यक्तित्व आध्यात्मिक ज्ञान के प्रतीक और सामाजिक परिवर्तन के रूप में है, जरूरत है आज उनके आदर्श एवं सिद्धांतों पर हम सभी को चलने की।

कार्यक्रम के संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि राष्टीय युवा दिवस 12 जनवरी को उन युवाओं को उजागर करने के लिए मनाया जाता है जो हमारे देश की भविष्य हैं और स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाने के लिए जिन्होंने हमेशा देश के युवाओं को प्रेरित किया और देश के विकास में युवाओं के सही उपयोग के बारे में बात की।कार्यक्रम का आयोजन युवा एव खेल मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से आज नेहरू युवा केन्द्र पलामू के द्वारा किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र पलामू के पांकी ऐन0वाई0भी0 नवनीत कुमार सिंह ने कीया।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा युवाओं को संबोधन को लाइव प्रसारित कर भी दिखाया गया एवं इस अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, संगीत प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता किया गया जिसका परिणाम निर्णय मंडल के लोगो द्वरा सभी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीये एव तृतीय विजेता को पृस्कृत किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के पुरषोत्तम सिंह, डॉ प्रेमचंद महतो, दान दाता विराज सिंह, श्री साधु मांझी ,अक्षय कुमार, कुंदन कुमार,ऐनएसएस एवं ऐनसीसी के छात्र छात्रएं सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।